बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 347, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : विश्व गुरु बनने का सपना, पूरा न हुआ अपना

अन्दर : रिंकू सिंह ने गुजरात के जबड़े से छीनी जीत, आखिरी ओवर में लगाए पांच छक्के



# यूपी निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान

## दो चरणों में 4 और 11 मई को होगा मतदान, 13 मई को आएंगे नतीजे, प्रदेश में आचार संहिता लागू

**लखनऊ।** बहुप्रतिक्षित नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों का एलान रविवार शाम हो गया। प्रदेश में दो चरण में निकाय चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण में लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर सहित 9 मंडलों में 4 मई को मतदान होगा। दूसरे चरण में मेरठ, अयोध्या, कानपुर मंडल सहित नौ मंडलों में 11 मई को मतदान होगा। मतगणना 13 मई को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार ने रविवार शाम आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में 762 में से 760 नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव का कार्यक्रम जारी किया। इसके साथ ही प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो गई।

मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश में 17 नगर निगम, 199 नगर पालिका परिषद और 544 नगर पंचायतों सहित कुल 760 नगरीय निकायों में चुनाव होगा। नगर निगम के महापौर और पार्षद का चुनाव इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन

**घोषणा**

**दो लाख से अधिक कर्मचारी कराएंगे चुनाव, यूपी पुलिस ही कराएगी चुनाव**

(ईवीएम ) से होगा। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सभासद का चुनाव मतपत्र से होगा।पहले चरण के चुनाव के लिए जिला मजिस्ट्रेट की ओर से 10 मई को सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना 11 अप्रैल को जारी होगी। उम्मीदवार 11 से 17 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकेंगे। 21 अप्रैल को उम्मीदवारों को चुनाव चिंह आवंटित किया जाएगा। 4 मई को मतदान होगा।

जिला मजिस्ट्रेट की ओर से दूसरे चरण के चुनाव के लिए 16 अप्रैल को





सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी। 17 अप्रैल को अधिसूचना जारी करने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का सिलसिला शुरू होगा। उम्मीदवार 24 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 25 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 27 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 28 अप्रैल को चुनाव चिंह का आवंटन होगा। दूसरे चरण के चुनाव के लिए 11 मई को मतदान होगा।

निकाय चुनाव के लिए दो लाख से अधिक कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सभी जिलों में मतदान दलों का गठन कर लिया गया है। मतदान दलों के प्रशिक्षण की कार्यवाही भी संचालित की जा रही है। मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था का दारोमदार यूपी पुलिस, पीएससी और होमगार्ड पर रहेगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता हुई तो पैरामिसिट्री फोर्स भी तैनात की जाएगी। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस अवधि के दौरान नगरीय क्षेत्रों में किसी विभाग में तबादले नहीं हो सकेंगे। सरकार के मत्रियों के राजकीय कार्यक्रम से दौरे नहीं हो सकेंगे। नई परियोजनाओं की स्वीकृति और घोषणा भी नहीं हो सकेगी।

### किसी को मिलेगा रिक्शा तो किसी को वायुयान चुनाव चिह्न

**लखनऊ।** नगरीय निकाय चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने 81 चुनाव चिन्हों को मुक्त प्रतीक घोषित करते हुए अधिसूचित कर दिया है। इनमें 39 चुनाव चिह्न महापौर, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए तो 42 चिह्न पार्षद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के सदस्य पद पर लड़ने वालों के लिए तय किए गए हैं। निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अलावा राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी अपनी पार्टी के चिह्न पर चुनाव लड़ सकेंगे।

**महापौर, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के निर्दलीय उम्मीदवार के लिए चिह्न**

शटल, अनार, अलावा और आदमी, पानी का नल, ऊन का गोला, कंघा, टेबल लैंप, गुल्ली डंडा, छत का पंखा, फरसा, केले का पेड़, चिड़िया का घोसला, गदा, जीप, पहिया, टेबल फैन, फूल और घास, फसल काटता किसान, दमकल (आग बुझाने की गाड़ी), भगोना, पानी की बोतल, स्कूल बैग, हल, रेल का इंजन, कुर्सी सहित डाइनिंग टेबल, लड़का लड़की, हथौड़ा, सितारा, शहनाई, स्कूटर, सरौता, सुराही, सैनिक, शंख, रिक्शा, तलवार, लट्टू, वायुयान, वृक्ष।

**पार्षद, नगर पालिका व नगर पंचायत के सदस्य पद के निर्दलीय लड़ने वालों के लिए चिह्न**

अनाज ओसाता हुआ किसान, ओखली, आम, इमली, उगता सूरज, खजूर का पेड़, खड़ांऊ, कलम और दवात, गमला, कार, गाजर, किताब, गुलाब का फूल, कुल्हाड़ी, घंटी, केला, चश्मा, तरकश, छाता, तराजू, झोपड़ी, ताला चाबी, तोप, त्रिशूल, मुकुट, ड्रम, डमरू, धान का पौधा, ढोलक, नाव, पत्तियां, पेपर वेट, बिजली का बल्ब, पुल, पैंसिल, कुर्सी, फावड़ा, बैलगाड़ी, पेचकस, भुट्टा, बंदूक, मोटर साइकिल।

**पहला चरण**

सहारनपुर मंडल – शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर
मुरादाबाद मंडल – बिजनौर,अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल
आगरा मंडल – आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी
झांसी मंडल – झांसी, जालौन, ललितपुर
प्रयागराज मंडल – कौशांबी, प्रयागराज, फतेहरपुर, प्रतापगढ़
लखनऊ मंडल – उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी
देवीपाटन मंडल – गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती
वाराणसी मंडल – गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर
गोरखपुर मंडल – गोरखपुर, देवरिया, महराजगजं, कुशीनगर

**दूसरा चरण**

मेरठ मंडल – मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागबत, बुलंदशहर
बरेली मंडल – बदायूं, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत
अलीगढ़ मंडल– हाथरस, कासगंज, एटा, अलीगढ़
कानपुर मंडल – कानपुर नगर, फरुर्खाबाद, इटावा, कन्नौज, औरेया, कानपुर देहात
चित्रकूट मंडल – हमीरपुर, चित्रकूट, महोबा, बांदा
अयोध्या मंडल – अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, बाराबंकी, अमेठी
बस्ती मंडल – बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर
आजमगढ़ मंडल– आजमगढ़, मऊ, बलिया
मिजार्पुर मंडल – सोनभद्र, भदोही, मिजार्पुर









# प्रदेश की जेलों का निरीक्षण करेंगे आईपीएस अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जेलों में बंद माफियाओं पर और सख्ती शुरू कर दी गई है। प्रदेश की जेलों के निरीक्षण के लिए पांच आईपीएस अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है। इन्हें स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन से भी फीडबैक लेकर दस दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। डीजी जेल एसएन साबत की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आईपीएस शिवहरि मीना, सुभाष चंद्र शाक्य, हिमांशु कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव व हेमंत कुटियाल को प्रदेश की जेलों के निरीक्षण करना है। यह अधिकारी केंद्रीय कारागार नैनी, जिला कारागार चित्रकूट, जिला कारागार जौनपुर व आजमगढ़, केंद्रीय कारागार

**व्यवस्था**

**डीजी जेल ने पांच अफसरों को दी जिम्मेदारी**





वाराणसी, जिला कारागार वाराणसी व सोनभद्र, जिला कारागार बलिया, मऊ, फतेहपुर व बांदा का निरीक्षण करना है। निरीक्षण में उन्हें कारागार की कार्य प्रणाली के साथ-साथ अनियमितताओं, अवांछित गतिविधियों, विधि के विपरीत हो रही कार्यवाही की संभावना आदि से संबंधित जांचकर दस दिन में अपनी रिपोर्ट देंगे।

# अब गांवों को मिलेगी पूरी रात बिजली

**लखनऊ।** यूपी सरकार के निर्देश के बाद पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने गांवों को पूरी रात निर्बाध बिजली देने के लिए अपने घोषित शिड्यूल को महज चार दिन के अंदर ही बदल दिया। अब शाम ढलने के बाद गांवों में बिजली आएगी तो पूरी रात नहीं जाएगी। बदले शिड्यूल से पूर्वांचल के ग्रामीण क्षेत्रों में अब आधी रात को दो घंटे बिजली नहीं कटेगी। इससे पिछड़े इलाके के ग्रामीण भी चैन से सो सकेंगे।

इससे पहले एक अप्रैल को जारी तहसील, नगर पंचायत और गांवों को बिजली देने के शिड्यूल में पूर्वांचल के सभी जिलों में आधी रात में दो घंटे बिजली काटने की व्यवस्था दी गई थी। एक अप्रैल को जारी समय सारिणी की व्यवस्था के मुताबिक बिजली दिए जाने पर इस गर्मी में पूर्वांचल के ग्रामीणों को नींद आते ही जगाने का पूरा इंतजाम था। जिलों में रात 12 से भोर में 4 बजे के बीच दो घंटे कटौती की व्यवस्था थी। एक अप्रैल को जारी शिड्यूल को पावर कारपोरेशन चेयरमैन एम. देवराज ने 4 अप्रैल को खारिज कर दिया। जिसके बाद 4 अप्रैल की शाम को नई समय



**गुड न्यूज**

**यूपी में 4 दिन में ही बदला नियम, सभी जिलों के लिए अब एक जैसा शेड्यूल**

सारिणी जारी की गई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बिजली कटौती के सभी आदेश खारिज किए गए। अब नई व्यवस्था में गांवों में 18 घंटे की जो सप्लाई दी जानी है, उसमें यह इंतजाम कर दिया गया है कि शाम होते ही गांवों में बिजली आ जाएगी और दूसरे दिन सुबह तक अनवरत रहेगी। नई व्यवस्था पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल सभी वितरण निगमों के जिलों के लिए है। गांवों में शाम के समय बिजली देने का समय शाम को 3-7 बजे के बीच है। इसके बाद बिजली काटने का समय दूसरे दिन सुबह 5-10 बजे के बीच रखा गया है। जिलेवार समय घंटे दो घंटे आगे पीछे है।

### कस्बों में भी रहेगी पूरी रात बिजली

तहसील मुख्यालय और नगर पंचायतों में 21.30 घंटे बिजली दी जानी है। तहसीलों और नगर पंचायतों की समय सारिणी भी ऐसी बनाई गई है जिससे इन क्षेत्रों में भी शाम को बिजली आने के बाद पूरी रात रहे। गांवों, तहसीलों और नगर पंचायतों में तय शिड्यूल के मानक को पूरा करने के लिए कटौती का समय दिन के समय रखा गया है।

# नगर निकाय चुनाव में दिल खोलकर खर्च करें प्रत्याशी

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशी दिल खोलकर चुनाव में खर्च कर सकेंगे। वर्ष 2017 के की चुनाव तुलना में इस बार चुनाव खर्च की सीमा बढ़ गई है। इस बार राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव खर्च की सीमा बीते 30 अगस्त 2022 में तय कर दी थी। इस सिलसिले में आदेश भी जारी हुए थे।

इस आदेश के तहत ही इस बार प्रत्याशी चुनाव में खर्च कर सकेंगे। वर्ष 2017 की तुलना में इस बार 80 से कम वार्ड वाले नगर निगमों में महापौर के प्रत्याशी अधिकतम 35 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे, जबकि पिछले चुनाव में अधिकतम खर्च सीमा 20 लाख थी। इसी तरह, इस बार 80 या इससे अधिक वार्ड वाले नगर निगमों के महापौर प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे।

वर्ष 2017 में अधिकतम खर्च सीमा 25 लाख थी। इस बार के चुनाव में सभी तरह के नगर निगमों में पार्षदों के

**खुशखबरी**

**पिछले चुनाव वर्ष 2017 में थी अधिकतम खर्च सीमा 25 लाख**

लिए अधिक खर्च सीमा तीन लाख निर्धारित है, जबकि यह वर्ष 2017 में यह दो लाख थी। इसी तरह, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अध्यक्षों की अधिकतम खर्च सीमा भी पिछले चुनाव से बढ़ गई है। इस बार 25 से 40 वार्ड वाले नगर पालिका परिषदों में अध्यक्षों के लिए अधिकतम चुनाव खर्च सीमा नौ लाख निर्धारित है, जबकि पिछले चुनाव में यह छह लाख थी। 41 से 55 वार्ड वाले नगर पालिका परिषद अध्यक्षों के लिए अधिकतम खर्च सीमा 12 लाख रुपये निर्धारित है। वर्ष 2017 में यह आठ लाख थी। नगर पालिका सदस्यों के लिए इस बार अधिक खर्च सीमा दो लाख निर्धारित है, पिछले चुनाव में यह डेढ़ लाख रुपये थी।

# महाराष्ट्र के सीएम-डिप्टी सीएम पहुंचे राम की नगरी

**आस्था**

**शिंदे-फडणवीस का अयोध्या दौराः किए रामलला के दर्शन**

**अयोध्या।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंच गए हैं। उनके साथ महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस भी अयोध्या आए हैं। लखनऊ से अयोध्या के लिए रवाना होते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'भगवान राम का आशीर्वाद हमारे साथ है और इसलिए हमें धनुष और तीर का प्रतीक मिला है।' महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि आज रामलला के दर्शन के



लिए मैं अयोध्या जा रहा हूं। मैं राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़ा रहा हूं। सभी कारसेवाओं में मैं उपस्थित रहा हूं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार को पूर्वान्ह राम नगरी पहुंचे। सरयू तट पर बने अस्थाई हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरते ही हजारों की संख्या में मौजूद समर्थकों ने अपने नेता का जमकर स्वागत किया। यहां से वे कुछ ही फासले पर स्थित महंत रामचंद्र दास परमहंस की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने गए।

इस मौके पर उनके साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं उनके सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे सहित महाराष्ट्र सरकार के अनेक मंत्री भी थे। यहां महंत रामचंद्र दास परमहंस के शिष्य आचार्य नारायण मिश्र ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों को उत्तरीय भेंट कर उनका स्वागत किया। मंदिर आंदोलन के अग्रणी नायकों में शुमार रहे महंत रामचंद्र दास परमहंस के प्रति आस्था अर्पित करने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का काफिला राम जन्मभूमि की ओर उन्मुख हुआ।यहां से मुख्यमंत्री शिंदे पैदल ही समर्थकों के साथ आगे बढ़े। बाद में गाड़ियों के काफिले के साथ गेट नंबर तीन से राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। यहां पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई।

### कोविड ने ली 11 की जान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 5,357 नए मामले सामने आए हैं और इस दौरान संक्रमण से 11 लोगों की मौत हुई। इस अवधि में देश में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 31,194 से बढ़कर 32,814 हो गई। शनिवार को देश में 6,155 व शुक्रवार को 6,050 कोविड-19 के मामले मिले थे। भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 5,357 नए मामले सामने आए, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 32,814 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में संक्रमण से 11 और मरीजों के दम तोड़ने से मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,30,965 हो गई है। मरने वालों में गुजरात के तीन, हिमाचल प्रदेश के दो और बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा तथा उत्तर प्रदेश के एक-एक मरीज शामिल हैं।

# खाबरी ने किया वॉर रूम का उद्घाटन

**बैठक**

**कांग्रेस मुख्यालय से होगी जय भारत सत्याग्रह की मॉनीटरिंग**

**उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बोले-राहुल गांधी की सदस्यता जाने को लेकर किया जा रहा अभियान**

**लखनऊ।** राजधानी स्थित कांग्रेस कार्यालय में रविवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने वार रूम/ कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अशोक सिंह, समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर वार रूम बनाया गया है।



प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बताया कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत उत्तर प्रदेश और हर प्रदेश मुख्यालय पर एक वॉर रूम का निर्माण करने और उस वॉर रूम में 15 से 17 लोगों की कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने आगे बताया कि इस वॉर रूम से पूरे उत्तर प्रदेश में जय भारत सत्याग्रह के अभियान की मॉनिटरिंग की जायेगी। जिसमें 17 सदस्यीय कमेटी बैठकर उत्तर प्रदेश के हर जिले मुख्यलाय पर जय भारत सत्याग्रह अभियान का अपने स्तर से वॉच करके मूल्यांकन करेंगे और इसकी रिपोर्ट ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को देंगें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि 17 लोगों को 5-5 जिलों की जिम्मेदारी दी जाएगी और सदस्य 5 जिलों का दौरा करके वहां का जायजा भी लेंगे।

# ईस्टर पर सेक्रेड हार्ट चर्च पहुंचे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार शाम दिल्ली के सेक्रेड हार्ट चर्च पहुंचे। यहां चर्च के पादरी फ्रांसिस स्वामीनाथन ने पीएम का शॉल पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद पीएम चर्च की कैंडल सेरेमनी में शामिल हुए। यहां पीएम ने कैंडल जलाई और देश की शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद पीएम ने चर्च के परिसर में एक पौधा लगाया।

पीएम के चर्च विजिट करने के बाद बिशॉप अनिल खुटो ने कहा कि पहली बार किसी पीएम ने इस चर्च का दौरा किया है। हमारे लिए यह खुशी का मौका था। उन्होंने मोमबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की। हमने पीएम को ईसा की प्रतिमा भेंट की है। पीएम ने सुबह ट्वीट कर लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी थीं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, 'ईस्टर की शुभकामनाएं! यह

**प्रधानमंत्री का स्वागत**

**कैंडल सेरेमनी में हिस्सा लिया देश की शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की**

विशेष अवसर हमारे समाज में शांति एवं सद्भाव की भावना को और गहरा करें। यह पर्व लोगों को समाज की सेवा करने और वंचितों को सशक्त बनाने में मदद करने के लिए प्रेरित करे।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि आज ईस्टर के बेहद खास मौके पर मुझे दिल्ली के सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल जाने का मौका मिला। मैं ईसाई समुदाय के आध्यात्मिक नेताओं से भी मिला। सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल कैथोलिक चर्च दिल्ली के फादर, फ्रांसिस स्वामीनाथन ने प्रधानमंत्री के चर्च में आने से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम



बहुत उत्साहित हैं, पहली बार कोई प्रधानमंत्री यहां चर्च में आ रहे हैं। हम उनके लिए प्रार्थना करेंगे...उनका आना एक बहुत बड़ा संदेश देता है कि वे सबका साथ-सबका विकास में सभी धर्मों को एक साथ लेकर चलते हैं।

धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने ईस्टर के मौके पर साल भर से ज्यादा समय से जंग से जूझ रहे रूस और यूक्रेन के लोगों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने शरणार्थियों का स्वागत करने वाले देशों की तारीफ की। पोप ने वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स बैसिलिका चर्च में अपना भाषण दिया। इससे पहले पोप ने चर्च की सालों पुरानी परंपरा के मुताबिक एक बड़ी कैंडल को जलाया।

# सीएनजी पीएनजी के घटे दाम

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड की शहर गैस वितरण इकाई गेल गैस लिमिटेड ने गैस की मूल्य लागत में कमी के बाद रविवार को सीएनजी और पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) की कीमतों में सात रुपये तक की कटौती की है। गेल गैस ने बेंगलुरु और दक्षिण कन्नड़ में पीएनजी गैस की कीमत सात रुपये प्रति मानक घनमीटर (एससीएम) घटाई है। वहीं कंपनी ने अपने परिचालन वाले अन्य शहरों में पीएनजी का दाम छह रुपये प्रति इकाई घटाया है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने कर्नाटक में वाहन ईंधन के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली सीएनजी के दाम सात रुपये प्रति किलोग्राम घटाए हैं। अन्य क्षेत्रों में सीएनजी का दाम छह रुपये प्रति किलोग्राम कम किया गया है। बयान में कहा गया है, गेल गैस लिमिटेड ने अपने ग्राहकों को नए घरेलू



**खुशी**

**देश की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल ने सीएनजी, पीएनजी के दाम सात रुपये तक घटाए**

गैस मूल्य निर्धारण का लाभ देने के लिए नौ अप्रैल से कीमतों में उल्लेखनीय रूप से कटौती की घोषणा की है।

देवास, मेरठ, सोनीपत, ताज ट्रेपेजियम क्षेत्र, रायसेन, मिर्जापुर, धनबाद, आदित्यपुर और राउरकेला में पीएनजी की नई दर 52.50 रुपये प्रति इकाई (एससीएम) होगी। बेंगलुरु और दक्षिण कन्नड़ के लिए यह 51.50 रुपये प्रति इकाई है। इसी तरह मेरठ और सोनीपत के लिए सीएनजी की नई कीमत 85 रुपये प्रति किलोग्राम है। देवास, ताज ट्रेपेज़ियम क्षेत्र और देहरादून के लिए यह 92 रुपये प्रति किलो; बेंगलुरु और दक्षिण कन्नड़ के लिए 82.50 रुपये प्रति किलो; मिर्जापुर के लिए 87 रुपये प्रति किलोग्राम, रायसेन, धनबाद, आदित्यपुर, पुरी और राउरकेला के लिए 91 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। कंपनी ने सरकार द्वारा प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण के फार्मूले को संशोधन के बाद यह कदम उठाया है। संशोधित फॉमूर्ले और मूल्य की सीमा की वजह से प्राकृतिक गैस की कीमत 8.57 डॉलर से घटाकर 6.5 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दी गई है। प्राकृतिक गैस को ही वाहन के लिए सीएनजी ईंधन और रसोई में खाना पकाने वाली पीएनजी में बदला जाता है।

# 101 रैपिड एक्शन फोर्स ने मनाया शौर्य दिवस



जवानों व अधिकारियों को सम्मानित करते कमांडेंट मनोज कुमार गौतम

**फाफामऊ।** 1965 को पश्चिमी भारत और पाकिस्तान सीमा पर कच्छ के रण में सरदार एवं टास्क पोस्ट में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 02 वाहिनी की एक छोटी सी बहादुर टुकड़ी द्वारा पाकिस्तानी आर्मी की 3500 सेनाओं वाली एक विशाल ब्रिगेड को खदेड़ देने वाली घटना सैनिक युद्ध के इतिहास में अदुतिया मिसाल है। यह गाथा बहादुरी कर्तव्य और मातृ भूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले बल के रि.पु.बल का गौरव मयी इतिहास है। इसी कारण हर वर्ष 9 अप्रैल को 'शौर्य दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने परंपरागत तरीके से क्वार्टर गार्ड में सलामी ली तथा जवानों व अधिकारियों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कमांडेंट महोदय ने जवानों व अधिकारियों को उनकी कर्तव्य निष्ठा के लिए प्रेरित किया और बल के गौरव शाली परम्परा को बनाए रखने का संकल्प दिलाया। अंत में उन्होंने कर्तव्य बल के बारे में समझाते हुए देश और जनहित को सर्वोपरि बताया। इस मौके पर कैंप परिसर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का जैसे अंतर वाहिनी वॉलीबॉल मैच, बच्चो के बीच पेंटिंग प्रतियोगीता तथा सभी मैस में बड़ा खाना का आयोजन किया गया तथा कमांडेंट 101 आर ए एफ टीम द्वारा शहीद वरुण कुमार तिवारी, ग्राम कोनाख्का, होलागढ़ प्रयागराज में परिवारजनों से मिले व उन्हें उपहार भेट किया। इस अवसर पर प्रिमजीत कुमार (सेकंड इन कमांड), नरेन्द्र कुमार ( सेकंड इन कमांड), बृजेश कुमार दुबे (उप कमांडेंट), डॉक्टर अशोक कुमार (सीएमओ) तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गड़ व जवान उपस्थित रहे।

## 11 समिति के संचालकों के लिए 26 नामांकन में 7 निरस्त


**मेजा।** सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष पद के प्रक्रिया में रविवार को 11 समितियों के संचालक के लिए किये गए 26 नामांकन पत्रों की जाँच किया गया जिसमें 7 नामांकन पत्र अबैध पाए गए और 19 पर्चे बैध रहे । 11 संचालक पद के समितियों में 6 संचालक निर्वविरोध हुए, सिरसा सहकारी क्रय विक्रय के व्यक्तिगत सहित पाँच सीटों के लिए बोट डाले जाएंगे। रविवार को नामांकन पत्रों की जाँच में तेंदुआ कला से सत्यम तिवारी, सिकरो से गजाधर प्रसाद, माण्डा से श्रीमती लल्ली देवी, रामनगर से रश्मि देवी, शुक्लपुर से अनूप चंद मिश्र, नेवढ़िया निर्वाचन क्षेत्र से निर्विरोध निर्वाचित हुए। शेष सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति में 2 सीटों के लिए 10 नामांकन दाखिल किया था जिसमे 6 पर्चा बैध पाया गया। इसी तरह से इंटवाकला में 3 पर्चे में 2 बैध, जादीपुर में 4 पर्चे 3 बैध, बड़ोखर में 2 पर्चे 2 बैध पाया गया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 11 पदों में 6 निर्वविरोध हुए 5 सीटों पर मतदान किया जाएगा सोमवार को पर्चा वापसी होगा।

# सर्वे में कही अनदेखा न हो बसहरा फीडर के जरजर तार

## एक जगह बैठ कर बना रहे सर्वे रिपोर्ट, कैसे होगा निदान

**जरजर तार**

**सरकारी सुविधा से क्षेत्रवासी होंगे नदारद, बनी रहेगी परेशानी**



**लालापुर।** ग्रामीणों ने 11 हजार की सप्लाई होने वाली बिजली के जरजर तार बदली करने को लेकर कई वर्षो से सरकार से लेकर विभाग से मांग करते चले आ रहे थे। इस मांग को समय समय पर स्थानीय समाचार पत्रों ने लगातार प्रमुखता से प्रकाशित किया। ध्यान सरकार का आकृष्ट होते ही पहल शुरू हो गई है।

40 वर्ष के लगे तार एक दम से झूल कर लटक चुके है आए दिन हादसा होता है कभी फसल जलकर राख होती है तो कभी पशुओं से लेकर इंसान की मौत तक हो चुकी है। विभाग के अधिकारी संज्ञान में लेकर बसहरा फीडर दूरी 8 किलोमीटर, लालापुर, चिन्तापुर, तिवारी का डेरा, इछौरा, गोबरा, सोनौरी, छतहरा, बसहरा, मानपुर, कचरा इन गांवो से गुजरने वाली बिजली के तार की दशा एक दम दयनीय है। आये दिन इस फीडर में तार टूटकर गिर जाता है, जिससे मानपुर कचरा हमेशा बिजली के डँस झेलता है न ही इनके घरों में बिजली जलती है न ही खेती की सिचाई हो पाती है। दर्जनों गांव के लोगो ने विभाग से मांग किया है कि सबसे ज्यादा सिचाई कनेक्शन बसहरा फीडर में पड़ता है, सरकार का बिल भुगतान होता है, इसलिए जगह-जगह नही पूरी लाइन के तार बदली किया जाय तब जाकर उपभोक्ता को सही ढंग से बिजली सप्लाई बराबर मिल पाएगी।

जंक्सन प्राइवेट लिमिटेड को तार बदली करने का मिला है ठेका, कम्पनी के सर्वेयर सिर्फ लालापुर पावर हाउस पर बैठकर संविदा कर्मी से पूछकर बना रहे कागज, जब तक जमीनी हकीकत से रूबरू नही होंगे तब तक समस्या बनी रहेगी। जैसे एल एन टी कम्पनी गांवो में कर भी दिया और हुआ भी नही सिर्फ ठग कर सरकारी धन बटोर कर चली गईं, गांवो में आज भी नंगे व जरजर तार झूल रहे हैं।

**अवश्य बदली होंगे जरजर तार**

अवर अभियंता लालापुर बिजली विभाग अभय पाठक का कहना है जंक्सन प्राइवेट लिमिटेड को काम मिला है बसहरा फीडर के जरजर तार अवश्य बदली होंगे।

## संक्षेप

### भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने श्री अन्न व प्राकृतिक खेती पर चलाया जन जागरण अभियान



**नवाबगंज।** रविवार को भाजपा मंडल कौड़िहार के अंतर्गत किसान मोर्चा द्वारा श्री अन्न व प्राकृतिक खेती पर जन जागरण अभियान चलाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गुरु प्रसाद मौर्या ने बताया कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है की देश के नौजवान व किसान को निरोगी व स्वस्थ बनाया जाय तो मोटे अनाज के सेवन से ही संभव है विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री प्रवीण श्रीवस्तव धुन्नू भैया ने कहा कि अब समय आ गया है की अभी किसान भाई जैविक खेती की शुरूआत करें और उसका ही उपयोग करें तथा खाद का प्रयोग न करें। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के महामंत्री ओम प्रकाश गिरी ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला मंत्री भाजपा तुलसी राम सरोज, मंडल अध्यक्ष कौड़िहार राजू पाल, नवाबगंज प्रशांत गुप्ता होलागढ टी एन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, अशोक शंकर मिश्रा,राजू तिवारी,नीरज, भाजपा नेता सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, हरि नारायण शुक्ला,गुड्डू राजा, कुलदीप शुक्ला, मन राम मौर्य, जंगी लाल मौर्या

### अशोक गौतम के मुख्य जोन प्रभारी कानपुर बनाये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने दी बधाई



**करछना।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती ने निकाय चुनाव को लेकर मुख्य जोन स्तर के पदाधिकारियों को मौजूदा जोन से हटाया है।जंहा मौजूदा प्रयागराज व मिजार्पुर के मुख्य जोन प्रभारी रहे डॉ अशोक गौतम को कानपुर जोन का प्रभारी बनाया गया है।जिसे लेकर पार्टी पदाधिकारियों व उनके समर्थकों द्वारा पार्टी मुखिया को धन्यवाद दिया है और डॉ अशोक गौतम को फोन के माध्यम से व व्यक्तिगत तौर पर मिलकर बधाई दी है। बधाई देने वालो में अधिवक्ता संघ करछना के उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह पिन्टू, विद्युत सिंह, उदय सिंह, दीपक कुमार, बृजेश कुमार मौर्या, विपिन गौतम, बजरंगी, सूरज, गुड्डू आदि लोग रहे।

### पांच किलो गांजा के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर




**बारा।** बारा पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 4.9 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। यह गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक ने मातहतों के साथ की है। पूछताछ के बाद गांजा तस्कर के सुसंगत धाराओं में चालान भेज दिया गया। बारा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचन पर एक गांजा तस्कर को चिल्ला मोड़ से पचखरा जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। धरे गए अभियुक्त के कब्जे से चार किलो, 977 ग्राम गांजा बरामद बरामद हुआ है। अभियुक्त अवनीश कुमार पांडेय पुत्र शेषनाथ पांडेय (मूल पता ग्राम रामगढ़ कोठारी, थाना बहरिया, हालपता ईदगाह, चमनगंज, झूंसी, थाना झूंसी) गांजा तस्करी के लिए निकला था। इसी दौरान उसे दबोच लिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त अवनीश कुमार पांडेय के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का केस पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई कौशलेंद्र बहादुर सिंह, कांस्टेबल आकाश सिंह, वीरेश आदि भी शामिल रहे।

### पत्रकार संघ कोरांव की हुई बैठक



**कोरांव।** पत्रकार संघ कोरांव की एक आवश्यक बैठक नगर पंचायत स्थित संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में पत्रकारों के हितों से संदर्भित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। संरक्षक श्यामाकांत शुक्ल ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में पत्रकारिता चुनौती भरा कार्य है। हमको अपना दायित्व निष्ठा पूर्वक निर्वहन करना होगा।संघ के अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों के हितों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। पत्रकार संघ आँचलिक कलमकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। महामंत्री शिमलेश पांडेय ने सुखलाल शर्मा के प्रकरण को पटल पर रखा, जिसके बाद सामुहिक रूप से निर्णय लिया गया कि मामले के त्वरित निस्तारण हेतु हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। कौशलेश तिवारी ने क्षेत्रीय संवाददाताओं से अपील करते हुए कहा कि हम सभी लोग जिस क्षेत्र में काम कर रहे हैं वह अत्यंत दुरूह है। विषम परिस्थितियों में भी हमको अपना कर्तव्य पथ नहीं भूलना चाहिए। इस दौरान जय शंकर भाष्कर, अनुराग मिश्र, सुखलाल शर्मा, गणेश प्रसाद मिश्र, सुरेश कुमार तिवारी सहित अन्य पत्रकारों की मौजूदगी रही।

### मार्निंग वाक पर निकले व्यक्ति को मार पीट कर किया जख्मी, मुकसम दर्ज

**मऊआइमा।** मार्निंग वाक पर निकले व्यक्ति को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। एक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सकरामऊ निवासी विजय प्रताप पुत्र राम नरेश सुबह मार्निंग वाक पर निकले थे। रामलीला मैदान पर घूम रहे थे तभी गांव का एक युवक उसे मार पीट कर जख्मी कर दिया। विजय प्रताप ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर राम कैलाश पुत्र बुध्दराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## जुआ खेल रहे छः अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल चंदूपुर गांव के निकट बगीचे में खाली पड़े सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 6 लोगों को पुलिस ने पकड़कर चालान कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम प्राइमरी स्कूल चंदूपुर गांव के निकट बगीचे में खाली पड़े सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 6 लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से माल फड़ पर 1660 रुपए जामा तलाशी में 680 रुपए एवं ताश के 52 पत्ते बरामद किया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए लोगों ने अपना नाम नीलू सिंह पुत्र स्व. शिवप्रसाद, शिव शंकर पांडेय उर्फ कंप्यूटर पुत्र स्व. राम सजीवन पांडेय, शिवम प्रताप सिंह उर्फ अंशु सिंह पुत्र दीपचंद सिंह, राजेश सिंह पुत्र स्व. गेंदा सिंह, मुकेश सिंह उर्फ रिंकू सिंह पुत्र स्व. राधेश्याम, सूरज मिस्त्री पुत्र स्व.लोढई निवासीगण चंदूपुर बताया। पुलिस ने पकड़े गए सभी के खिलाफ धारा 13 जी जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए चालान कर दिया ।

# गंगा की पवित्रता व निर्मलता पर गंगा समागम में हुआ मंथन

**मंथ**

**री गंगा पॉल्यूशन में उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों के अनुपालन एवं गंगा पर बने कानून का पालन कराने की उठी जोरदार माँग**

**जन जागरुकता हेतु बनी भावी कार्य योजना**



गंगा की पवित्रता व निर्मलता को लेकर मंथन करते गंगा महासभा के पदाधिकारी

**नैनी।** गंगा महासभा के तत्वावधान मे गंगातट पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक मे विभिन्न आध्यात्मिक, धार्मिक, शैक्षिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े भारी संख्या मे उपस्थित गंगाभक्तों ने गंगा की पवित्रता, निर्मलता व प्रदूषण पर चिन्ता व्यक्त करते हुए शासन- प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयास को असफल बताया। आयोजन का शुभारम्भ सामूहिक रुप से माँ गंगा की पूजा, आरती से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महन्त राम रतन दास जी महराज एवं संचालन गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

गंगा में बढ़ते प्रदूषण को लेकर गंगाभक्त समागम के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि शासन के लाखो प्रयास एवं करोड़ो धन व्यय के बावजूद गंगा अभी भी निर्मल व अविरल नही हो पाई है। उन्होने नैनी, झूसी, फाफामऊ व दारागंज मे आधुनिक शवदाह गृह का निर्माण कराने, अवैध खनन बंद कराने, गंगा के कछार की जमीन की रजिस्ट्री रोकने, मूर्ति विशर्जन हेतु कृतिम तालाबों का निर्माण कराने, मास्टर प्लान के अनुसार हरित क्षेत्र बनाने तथा गंगा के व्यवासीकरण पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए लोगों से विचार, सुझाव व समर्थन का अनुरोध किया।

इसी क्रम मे प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि गंगाजल मे व्याप्त प्रदूषण सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान की मानक छमता से अधिक है जिससे यह प्लान्ट सफल नही है, ऐसे मे आधुनिक व वैज्ञातिक तरीके अपनाकर गंगा के प्रदूषण को रोका जा सकता है। उन्होने महासभा की मांग को स्पष्ट करते हुए कहाकि न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशो एवं कानूनों का पालन होना चाहिए, जिसमे स्पष्ट है कि गन्दे नालो को गंगा मे गिरने से रोका जाय, कोर्ट द्वारा निदेर्शानुसार निश्चित मात्रा मे पानी छोड़ा जाय। पालिथीन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाय। श्री तिवारी ने एस टी पी के असफल प्लान की जगह पिछले कुम्भ मे सफल प्रयोग किये जा चुके जिओ सिन्थेटिक ट्यूब को स्थाई तौर पर लगाने की मांग किया। गंगा महासभा के पदाधिकारियों ने सभी सम्मानित गंगाभक्तो का स्वागत करते हुए भावी कार्य योजना मे सक्रिय भागीदारी कर-के पुण्य लाभ लेते रहने का विश्वास जताया ।

आयोजन मे सर्वश्रीशिव सेवक सिंह, कमलेश सिंह, योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, चन्द्रदेव मिश्र, राजेन्द्र शुक्ल, राम लोचन सावरिया, सबरेज, वीरेन्द्र कुसुमाकर, एन पी मिश्रा, परमजीत सिंह, शौभिक सरकार, डां पी के राय, सुनीता शर्मा, रेनू मिश्रा, मोहिनी श्रीवास्तव, टीएन मिश्रा, आदि गंगाभक्त आदि शामिल रहे।

# प्राकृतिक खेती किसानों के लिए लाभदायक : जयशंकर



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय

**उरुवा में भाजपा स्थापना दिवस पखवाड़ा सामाजिक न्याय सप्ताह मनाया**

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पखवाड़ा सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत प्राकृतिक खेती व श्री जनजागरण अभियान के उरुवा विकास खण्ड के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयशंकर पाण्डेय ने किसानो को संबोधित करते हुए कहा की रासायनिक खेती के बजाय प्राकृतिक खेती किसानों के भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। श्री पाण्डेय ने श्री अन्न यानी मोटे अनाज के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में भी किसानों को विस्तार से बताया। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष भोलानाथ शुक्ल, विजय श्याम तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, श्याम नारायण द्विवेदी, नंद गोपाल पांडे, सुभाष पयासी, रविशंकर शुक्ल, अमलेश बाबा, गणेश तिवारी, पवन मिश्र, अनूप तिवारी, दिनेश, काजू, दिनेश तिवारी, वंदना द्विवेदी, राधेश्याम प्रजापति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### रासायनिक के बजाय प्राकृतिक खेती किसानों की भविष्य के लिए लाभदायक : राजमणि कोल

**कोरांव।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत प्राकृतिक खेती व श्री अन्न जागरण अभियान कार्यक्रम तहसील कोरांव के विकास खंड मांडा कोसड़ा खुर्द पूरा पांडेय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप विधायक कोरांव राजमणि कोल रहे। कार्यक्रम में आए हुए किसानो को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की रासायनिक खेती के बजाय प्राकृतिक खेती किसानों के भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगा उन्होंने श्री अन्न यानी मोटे अनाज के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में भी किसानों को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण सिंह पप्पू व संचालन मुकेश पाण्डेय जिला मंत्री किसान मोर्चा ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रवि दुबे रेवती पाल प्रेम शंकर द्विवेदी समेत सैकड़ों के संख्या में किसान सम्मिलित हुए।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से दैविक-दैहिक और भौतिक तापों से मिलता है छुटकारा : विद्या भूषण शुक्ला

**सोरांव।** इलाके के राजा पुर परशु राम पुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मुख्य यजमान दयाशंकर मिश्र के घर पर भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा व्यास विद्या भूषण शुक्ला ने भागवत के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से जीवों को ही नही बल्कि सभी को दैविक दैहिक और भौतिक तापों से छुटकारा मिलता है। और वह हमेशा के लिए नश्वर संसार से आवागमन के चक्कर से छूट जाता है । और कहा कि लोभ, मोह, क्रोध, काम ईर्ष्या आदि के बंधन में फंसकर प्राणी को बार-बार संसार का चक्कर काटते हुए दुख भोगना पड़ता है। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, रामरतन विश्वकर्मा, हनुमान प्रसाद मिश्रा, राजीव ओझा, विजय पटेल, सुरेश कुमार मौर्य, रामलाल पटेल समेत लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



सफाई अभियान चलाते संस्थान के सदस्य

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के सौजन्य से रविवार को कार्यक्रम अधिकारी सुनील मिश्रा के नेतृत्व में अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर उन्होंने स्नानार्थियों एवं आम जनमानस से गंगा यमुना के शीतलता एवं निर्मलता बनाएं रखने हेतु कहा कि मां गंगा सबका भरण पोषण करते हुए सदियों से प्रत्येक प्राणियों को मुक्ति प्रदान कर रही है*। इसलिए हम सबका परम कर्तव्य है कि इन्हें पालीथीन मुक्त निर्मल एवं स्वच्छ बनाए रखने में अपनी भागीदारी निभाएं। स्वच्छता अभियान में नगर निगम के कर्मचारियों ने भी अपना सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम में संतोष तिवारी (अध्यक्ष), कुंवर तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, निखिलेश पाण्डेय, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा,डां एस.बी. यादव, ऋषि दीक्षित, संदीप सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, बबरूवाहन सिंह, गोविंद सिंह, आत्म प्रकाश यादव, मीनू पाण्डेय, दीपक गुप्ता, प्रवीण तिवारी, सौरभ यादव, उज्जवल यादव, सत्यपाल, परीक्षित त्रिपाठी, कुंवर अलख प्रताप सिंह, आशीष यादव, संतोष राय, अर्पित कुमार सिंह, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### अतिरिक्त दहेज की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को मार कर तोड़ा पैर, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दहेज में दो लाख नगदी, बुलेट मोटरसाइकिल, सोने की जंजीर न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर पैर तोड दिए तथा विवाहिता के संदूक में रखा सारा जेवर, नगदी आदि छीन कर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम खलिनार देवरिया निवासनीय निशा कुमार पुत्री स्वर्गीय इन्द्र जीत की शादी मऊआइमा के ग्राम शहबाजपुर निवासी विपिन कुमार के साथ 25 मई 2022 को हुई थी। निशा कुमारी का आरोप है कि शादी के बाद से ससुरालियों का व्यवहार ठीक नहीं था। वह निरंतर दो लाख रुपये नगदी, बुलेट बाइक, दो तोला सोने की जंजीर मांगते रहे। कई बार मयके वालों ने समझाया। इसके बावजूद। आरोप है कि 23 जनवरी 2023 को दहेज की मांग न पूरी होने पर पति लाठियों से उसके पैर में मार कर तोड दिया तथा निशा कुमारी का आरोप है कि उसके सन्दूक में का ताला तोड़कर कर ससुरालियों ने दो सोने की अंगूठी, दो तोले का उसका हार, ग्यारह सौ नगदी लेकर भगा दिए। निशा कुमारी किसी तरह अपने भाईयों के साथ अस्पताल गयी। तमाम पंचायतों के बाद जब मामला नहीं सुलझा तो निशा कुमारी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर शहबाजपुर निवासी पति विपिन कुमार यादव ,सास पुष्पा देवी ,ननद मीरा देवी, ससुर सालिक राम यादव के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## शोभायात्रा संपन्न होने पर पुलिस कर्मियों, गणमान्य का हुआ सम्मान



रामनवमी संपन्न होने पर लॉयंस ग्रुप ने पुलिस कर्मियों और गणमान्य लोगों को किया सम्मानित

**उरुवा।** रामनवमी के दिन भगवान राम की शोभा यात्रा सकुशल संपन्न होने पर लायंस ग्रुप ने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों और गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया। रविवार को उरुवा विकास खंड क्षेत्र के रामनगर बाजार में रामनवमी के दिन भागवान राम की शोभा यात्रा का आयोजन किया गया था। जिसमें क्षेत्रीय पुलिस टीम और गांव के गणमान्य लोगों ने अपनी भूमिका को अच्छी तरह निभाते हुए उक्त शोभा यात्रा को निर्विवाद संपन्न कराया था। पुलिस टीम का कार्य को देखते हुए आयोजक लायंस ग्रुप आफ रामनगर के सतीश सिंह, सचिन सिंह, बृजेश सिंह, आनंद केसरी, सोनू सिंह, चंदन सिंह, रवि सिंह तथा विष्णु ने सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश कुमार सहित उनकी टीम के साथ रमाकांत पाण्डेय, पत्रकार प्रेमानंद मिश्र, डॉ.राजकुमार सिंह, देवानंद सिंह, सुधाकर शुक्ल, धीरज दुबे सहित अनेक गणमान्य लोगों को सम्मानित किया।

# बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी : विधायक



वार्षिकोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते बच्चे

**फूलपुर।** आज के समय में निश्चित रूप से सोशल साइट्स की पहुँच और प्रसार बढ़ा है जिसका उपयोग शिक्षा प्राप्ति में ले सकते है। परन्तु वहाँ से हम सिर्फ शिक्षा ही ले सकते हैं पर बच्चों में संस्कार कहाँ से लायेंगे। जबकि बिना संस्कार शिक्षा अधूरी है। संस्कार के लिये विद्यालयों को अब शिक्षाशाला के साथ ही संस्कार शाला भी बनना होगा। उक्त बातें क्षेत्र के मैलवन स्थित अमरावती विजय पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करती हुई प्रतापपुर विधायक विजमा यादव ने कही। जिला पंचायत सदस्य गजानन सिंह ने कहा कि अनुशासन, संस्कार और कौशल विकास शिक्षा का मुख्य उद्देश्य होना चाहिये। इस हेतु शिक्षको को पूरे मन से लगना होगा। प्रधान प्रतिनिधि विद्याकांत यादव ने कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से छात्र छात्राएं अपनी प्रतिभाओं का उच्च प्रदर्शन करते है। अध्यक्षता करते हुए सह संस्थापक मिथिलेश यादव ने कहा कि छात्रों का रुझान जिस क्षेत्र में हो चाहे खेल हो, सांस्कृतिक विधा हो,कला हो, संगीत हो या फिर कला आदि हो उन्हे उस ओर परिमार्जित कर आगे बढ़ाना होगा। आभार प्रदर्शन प्रबंधक अखिलेश यादव एडवोकेट व संचालन निदेशक बृजेश यादव ने किया। विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य, नाटक, भाषण, चुटकुले व गायन से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर संगीता देवी, अमर बहादुर, योगेन्द्र यादव, राम अभिलाष यादव, राजेन्द्र यादव, अवधेश कुमार, गणेश कुमार, भोला नाथ, राजेश यादव, जगदीश यादव आदि मौजूद रहे।



आठ वर्षीय मासूमा मेहदी ने रखा रोजा

# प्रयागराज



**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 33.00 |
| न्यूनतम : | 20.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

## दो नफर वारंटी आये पुलिस की गिरफ्त में, भेजा जेल

**थरवई ।** सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना थरवई लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार को दो वारंटी अभियुक्त राजू पुत्र राम खेलावन निवासी जैतवार डीह दूसरा राम कैलाश पुत्र राम दुलार निवासी चकिया थाना थरवई को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार सहित पुलिस टीम में मौजूद रहे।

# कुमार विश्वास ने मंत्री नन्दी और महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी से की मुलाकात

**मुलाकात**

**मंत्री नन्दी और महापौर से मुलाकात कर प्रयागराज के वैभव और मिजाज पर की चर्चा**

**आध्यात्मिक नगरी प्रयागराज में आगमन पर जताई प्रसन्नता**

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कविता के माध्यम से हिन्दी का गौरव बढ़ाने वाले, सुप्रसिद्ध कवि और अपने-अपने राम कार्यक्रम के द्वारा श्रीराम कथा की महिमा को नया कलेवर प्रदान करने वाले श्री राम कथा मर्मज्ञ एवं राष्ट्रीयकवि डॉ. कुमार विश्वास ने आज उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के बहादुरगंज प्रयागराज स्थित आवास पर जाकर भेंट वार्ता की। इस दौरान मंत्री नन्दी के साथ ही प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी भी मौजूद रहीं, जिन्होंने राष्ट्रीय कवि डॉ. कुमार विश्वास का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।



महापौर व मंत्री नंदी के साथ कुमार विश्वास

प्रख्यात कवि एवं श्री राम कथा मर्मज्ञ डॉ. कुमाार विश्वास जी इन दिनों प्रयागराज मण्डल के कौशाम्बी जनपद में कौशाम्बी महोत्सव के अवसर पर आयोजित श्री राम कथा अपने-अपने राम के आयोजन में सम्मिलित होने के लिए कौशाम्बी आए हुए हैं। कौशाम्बी जनपद में तीन दिवसीय प्रवास के दौरान रविवार को डॉ. कुमार विश्वास ने प्रयागराज की प्रथम नागरिक यानी प्रयागराज की महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी और कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के आवास पर जाकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात और भेंट वार्ता के दौरान डॉ. कुमार विश्वास ने धर्म और आध्यात्म की संगम नगरी के वैभव पर विस्तृत चर्चा की। प्रयागराज से जुड़ी अपनी यादें और संस्मरण भी सुनाए। प्रयागराज के मिजाज के साथ ही यहां के खान-पान की भी चर्चा की। इस चर्चा के दौरान उन्होंने 2019 में सम्पन्न हुए कुम्भ मेला को दिव्य कुम्भ, भव्य कुम्भ बताया। भेंट वार्ता के दौरान डॉ. कुमार विश्वास ने प्रयागराज के मशहूर जायके दही, जलेबी, कचौड़ी और खस्ता दमालू के स्वाद का भी आनन्द लिया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि डॉ. कुमार विश्वास ने आज की युवा पीढ़ी जो हिन्दी साहित्य और कविता से दूर होती जा रही थी, उसे कवि सम्मेलन और साहित्य से जोड़ने का अद्भुत कार्य किया है। यही नहीं विदेशों में भी भारत के साथ ही हिन्दी साहित्य के गौरव को बढ़ाया है। आज विश्व के विभिन्न देशों में हिन्दी कवि सम्मेलनों का आयोजन हिन्दी की मजबूती का साक्षात प्रमाण है।



पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए

# श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई पूर्व सांसद श्यामाचरण की पुण्यतिथि

**प्रयागराज।** जनपद के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं राजनेता, पूर्व महापौर एवं सांसद रहे स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता जी को उनके द्वितीय पुण्यतिथि पर स्थानीय हर वर्ग के लोगो ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्यतिथि मनाई। सिविल लाइंस के होटल कान्हा श्याम के सभागार में उनके परिजनों, परिवार के सदस्यों एवं शुभेच्छु ने एक बड़े महत्वपूर्ण आयोजन में उनके व्यक्तित्व पर समर्पित अपने भावनाएं व्यक्त की श्याम ग्रुप के संस्थापक स्वर्गीय श्री श्यामाचरण गुप्ता की पुण्यतिथि मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी श्रद्धांजलि स्वर्गीय सांसद की धर्मपत्नी व सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती जमुनोत्री गुप्ता ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

स्वर्गीय सांसद को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सुपुत्र व समाज सेवी विदुप अग्रहरि ने अपने बचपन से लेकर अनेक स्मृतियों का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार से वह अपने परिवार को समाज के गरीबों के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देते थे जिनके बताए गए मार्ग का अनुसरण करना हमारी प्राथमिकता बन चुकी है स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से विभव अग्रहरि, दीपिका अग्रहरि, मनोज अग्रवाल, विजय गुप्ता, संतोष जैन, निशीथ वर्मा, लालजी शुक्ला, अंकित जायसवाल, सुधाकर पांडे, राकेश सिंह, मनीष गुप्ता, पंकज जायसवाल, विपिन गुप्ता, नवरत्न, मुरारी लाल अग्रवाल, किरण जयसवाल हजारों की संख्या में आदि लोग शामिल रहे।

# नगर निकाय चुनाव की तारीखों का हुआ एलान, दो चरणों में होंगे मतदान, 13 मई को आएंगे नतीजे

**प्रयागराज।** बहुप्रतिक्षित नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों का एलान रविवार शाम हो गया। प्रदेश में दो चरण में निकाय चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण में लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर सहित 9 मंडलों में 4 मई को मतदान होगा। दूसरे चरण में मेरठ, अयोध्या, कानपुर मंडल सहित नौ मंडलों में 11 मई को मतदान होगा। मतगणना 13 मई को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार ने रविवार शाम आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में 762 में से 760 नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव का कार्यक्रम जारी किया। इसके साथ ही प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो गई।

मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश में 17 नगर निगम, 199 नगर पालिका परिषद और 544 नगर पंचायतों सहित कुल 760 नगरीय निकायों में चुनाव होगा। नगर निगम के महापौर और पार्षद का चुनाव इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम ) से होगा। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सभासद का चुनाव मतपत्र से होगा।

पहले चरण के चुनाव के लिए जिला मजिस्ट्रेट की ओर से 10 मई को सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना 11 अप्रैल को जारी होगी। उम्मीदवार 11 से 17 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकेंगे। 21 अप्रैल को उम्मीदवारों को चुनाव चिंह आवंटित किया जाएगा। 4 मई को मतदान होगा। जिला मजिस्ट्रेट की ओर से दूसरे चरण के चुनाव के लिए 16 अप्रैल को सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी। 17 अप्रैल को अधिसूचना जारी करने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का सिलसिला शुरू होगा। उम्मीदवार 24 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 25 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 27 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 28 अप्रैल को चुनाव चिंह का आवंटन होगा। दूसरे चरण के चुनाव के लिए 11 मई को मतदान होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्याधिकारी एस.के. सिंह ने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव से संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के स्थानांतरण, नियुक्ति, पदोन्नति पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अपरिहार्य स्थिति में आयोग की अनुमति से ही तबादले और नियुक्तियां की जा सकेगी। कानून व्यवस्था के लिए तैनात, कर्मचारी-अधिकारियों को छोड़कर शेष अधिकारी व कर्मचारी किसी भी सभा में शामिल नहीं हो सकेंगे। सुरक्षा में अधिकारी एवं कर्मचारी को छोड़कर शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी चुनाव क्षेत्र में किसी मंत्री साथ नहीं रहेंगे। चुनावी सभा की अनुमति देते समय उम्मीदवारों से भेदभाव नहीं किया जाएगा।

### प्रदेश में आचार संहिता लागू

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस अवधि के दौरान नगरीय क्षेत्रों में किसी विभाग में तबादले नहीं हो सकेंगे। सरकार के मत्रियों के राजकीय कार्यक्रम से दौरे नहीं हो सकेंगे। नई परियोजनाओं की स्वीकृति और घोषणा भी नहीं हो सकेगी।

### तबादलों, पदोन्नति और नई योजनाओं पर रहेगी रोक

नगरीय निकाय चुनाव का एलान होते ही प्रदेश भर में आचार संहिता लागू हो गई है। 14 मई तक पूरे प्रदेश में तबादलों, पदोन्नति और नई योजनाओं, परियोजनाओं को लागू करने पर प्रतिबंध रहेगा। उधर नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों का एलान या शुरू करने पर प्रतिबंध रहेगा।

### ग्यारह वर्षीय अब्बास मेहदी व आठ वर्षीय मासूमा मेहदी के रोजाकुशाई में जुटे रोजादारों ने दी दुआएं

**प्रयागराज।** पिता इफ्तेखार मेहदी और माता रुबीना फात्मा के साथ करैली अस्करी मार्केट चौराहा के पास रहने वाले ग्यारह वर्षीय अब्बास मेहदी जो सैन्ट जोसेफ कॉलेज में कक्षा सात में पढ़ते हैं वहीं छोटी बहन आठ वर्षीय मासूमा मेहदी जो गर्ल्स हाई स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा हैं।दोनों बच्चों ने पहली बार सहरी कर जब रोजा रखा तो खानवादे के लोगों ने आनन-फानन में लोगों रोजा इफ्तार की दावत देकर इन्तेजाम शुरू किए। इफ्तेखार मेहदी के बड़े भाई बाकर मेहदी ने अपने दायरा शाह अजमल स्थित मस्जिदें नूर में रोजाकुशाई और इफ्तार का आयोजन कर लोगों को रोजा खुलाया। मस्जिद ए नूर में बाजमात नमाज अदा की गई।एक सफ बैठ कर बच्चों के साथ सभी ने रोजा खोला और बच्चों के तौफीकात में मजीद इजाफे की दुआ भी की गई।मौलाना जीशान हैदर ,मौलाना जवादुल हैदर रिजवी ,मौलाना आमिरुर रिजवी ,आगा अली कासिम , जुलकरनैन आब्दी ,रिजवान अली अख्तर ,नजमुल हसन ,जैगम अब्बास ,तस्वीर मुस्तफा ,सलमान मुस्तफा ,जरगाम हैदर , सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,अदनान रजा ,जामिन हसन ,सादिक हुसैन ,हिलाल ,जाफर मेहदी आदि शामिल रहे।


# बुनकरों के साथ सरकार ने किया छलावा, किसानों को फ्री, बुनकरों को पहले से अधिक बिल

**पांच हार्क्स पावर पर आठ गुना, पांच से अधिक भार पर दस गुना से अधिक बिल,सुनकर उदास**

**प्रयागराज।** बुनकरों द्वारा हमेशा से बिजली के सब्सीडी के लिए लडते रहे हैं। जिसका परिणाम यह हुआ कि बिना बुनकरों की बैठक किए एक कथित बुनकर नेता लालीपाप के चक्कर में सरकारी झांसे में आ गए। और छोटे बुनकरों पर आठ गुना जबकि बड़े कारखानों पर दस गुना विद्युत बिल बढ़ा दिया गया तथा किसानों को फ्री बिल मिलेगी।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा पावरलूम बुनकर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब अंसारी, महामंत्री मोहम्मद फारूक अंसारी एडवोकेट बुनकरों को लेकर हमेशा से विद्युत बिलों पर सब्सिडी के लिए लडते रहे हैं। जिसका परिणाम यह हुआ कि 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने छोटे बडे सभी पावरलूम बुनकरों को किसान की श्रैणी में लाते हुए। सब्सीडी देते हुए प्रति पावरलूम पचहत्तर रूपया महीना बिल कर दिए थे। इसी मांग को लेकर मऊआइमा, टांडा, मऊरानीपुर, कानपुर, मेरठ, वाराणसी, मऊ आदि के बुनकर एकजुट होकर शासन से संघर्ष किए। प्रदेश सरकार की बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में बिना बुनकरों की बैठक किए । मऊ के एक कथित बुनकर नेता ने अपने को प्रदेश का बुनकरों का मसीहा बता कर सरकार ने जो निर्णय लिया मानते हुए। अपनी पीठ थपथपा ली। अध्यक्ष शोएब अंसारी, महामंत्री फारुक अंसारी ने बताया कि सन 2006 के तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार का पचहत्तर रुपए सब्सीडी को सरकार ने 31 मार्च 2023 तक बुनकरों से तो ले गी। तथा किसानों को फ्री बिल देगी। और बुनकरों से जमकर वसूलेगी। एक अप्रैल से सरकार पांच हार्क्स पावर तक प्रति पावरलूम चार सौ रुपये जबकि पांच से अधिक हार्क्स पावर प्रति पावरलूम आठ सौ रुपये वसूली करेगी। जिसमें केवल सात सौ यूनिट छूट रहेगी। यह सरासर बुनकरों के साथ विश्ववास घात एंव बुनकरों का रोजगार छिनने जैसा है । पावरलूम बुनकर एसोसिएशन मऊआइमा के अध्यक्ष शोएब अंसारी, महामंत्री मोहम्मद फारूक एडवोकेट ने बताया कि वाराणसी और मऊ नाथभंजन में ऑटोमेटिक छोटे पावरलूम हैं जहां कीमती साडियां की बुनाई होती है एक साडी पांच हजार से दस हजार तक बिक जाती है। उनके सेहत पर कोई असर नहीं पडेगा। और ऑटोमेटिक पावरलूम खरीदने पर सब्सिडी देगी। जबकि मऊआइमा, टांडा, कानपुर, मेरठ आदि क्षेत्रों में गरीबों का तन ढकने के लिए पांच रूपया से अठारह रूपए के वस्त्र तैयार होते हैं। सबसिडी के नाम सरकारी छलावा यदि शासान वापस नहीं लेती तो उक्त पुश्तैनी धंधा जैसे मऊआइमा में रोटी चलती है । बंद हो जाएगा। बुनकरों में मोहम्मद सलीम, मोहम्मद दानिश जलाल, कौशरगयास, शौकत अली, नौशाद आलम उर्फ नाटे, निसार, अकील, रईस आदि ने किसानों के तर्ज पर फ्री देने अथवा पचहत्तर रुपए पूर्व भांति लेने की मांग की है।





शोएब अंसारी



मोहम्मद फारूक एडवोकेट अंसारी

# चीनी मिल के पास नाले में गंदगी का अंबार, जिम्मेदार मौन

**गंदगी**

**मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत के बावजूद भी कार्यवाही शून्य**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के प्रयागपुरम चीनी मिल के समीप खुला पड़ा अधूरा नाले में कई महीनों से गंदगी भरी हुई है। जिसकी वजह से नाले के बगल में बने हुए घरों में पाइप के सहारे जहरीले जंतुओं के जाने का भी डर बना हुआ है। बताया जाता है, कि प्रयागपुरम चीनी मिल के समीप अधूरा पड़ा नाले में कई महीनों से गंदगी भरी हुई है। जिसके चलते नाले के आसपास बने घरों में पाइप के सहारे जहरीले जंतुओं के जाने का भी डर लोगों के अंदर बना हुआ है। नाले में कचरा एकत्रित होने से दुर्गंध उठ रही है । नाले से उठ रही दुर्गंध से आसपास के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। भीषण गंदगी के कारण मच्छरों का भी आतंक काफी बढ़ गया है। जिससे लोगों में तमाम तरह की बीमारियां फैलने की संभावनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी शिकायत जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर के साथ-साथ नगर निगम के अधिकारियों से भी की गई, बावजूद इसके उनके द्वारा आज तक इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया गया। जिससे स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश की भावना व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है, कि यदि उनके द्वारा समय रहते इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया, तो वह दिन दूर नहीं, कि जब नाले से उठने वाली दुर्गंध से तमाम लोग बीमारी के चपेट में आ जाएंगे, जिस पर काबू पाना मुश्किल हो जाएगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी के कार्यालय पर हुआ रोजा इफ्तार का आयोजन

**प्रयागराज।** शेरवानी इंडस्ट्रियल सिंडीकेट लिमिटेड कार्यालय पर भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सलीम इकबाल शेरवानी की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार मे बड़ी संख्या में हिन्दु - मुसलमान ने रोजा खोला और देश में अमन व आपसी भाई चारे के लिए दुआ किया। शेरवानी विकास मंच के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि विगत कई वर्षो से शेरवानी इंडस्ट्रियल सिंडीकेट लिमिटेड देश की एकता अखंडता व आपसी भाई चारे के लिए रोजा इफ्तार कराती आ रही है । रोजा इफ्तार मे मुख्य रूप से माननीय सलीम शेरवानी, डा. उमर हसन, मुस्तफा शेरवानी, समजवादी नेता बब्बन दुबे, पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, योगेश यादव, तारिक सईद अज्जू, विक्की साहू, पुर्व डिप्टी मेयर अतुल कुमार, रमाकांत सिंह पटेल, धर्मराज पटेल, कृष्ण मूर्ति यादव, इरफात अली, संजय तिवारी, अमिताभ पाण्डेय, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, रईस शुक्ला, बिन्नू यादव, जीशान अहमद, विनय पाण्डेय, रईस मेहंदी, डा. संजय कुमार, डा. परवेज, पुर्व विधयाक सत्यवीर मुन्ना, गौहर काजमी, कमल उसरी, श्री नारायण यादव, रवि मिश्रा, प्रायंशु दुबे, ताडू मिश्रा, एडवोकेट रिजवान अहमद, अनमोल सरन, सुनील पाण्डेय, सहित हजारों लोग ने शिरकत किया। मनोज पाण्डेय ने रोजदारो का स्वागत किया।



रोजा इफ्तार में शामिल लोग

# महाकुंभ 2025 की तैयारियों हेतु मंडलायुक्त ने की बैठक

**बैठक**

**मेलाधिकारी ने महाकुम्भ 2025 के पहले सड़कों को कूड़ामुक्त बनाने तथा पूरे जनपद में कूड़े का डोर टू डोर कलेक्शन सुनिश्चित किये जाने हेतु अपील की**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त की अध्यक्षता एवं मेलाधिकारी की उपस्थिति में महाकुम्भ 2025 के आयोजन के दृष्टिगत एवं प्रयागराज को देश के सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रस्तुतियों की गयी। इसमें नगर निगम प्रयागराज द्वारा सिटी सेनीटेशन, एयर क्वालिटी एक्शन, पार्कों के जीर्णोद्धार, - पार्किंग स्थलों के विकास, आवारा पशुओं, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट, पब्लिक टॉयलेट्स / कम्यूनिटी टॉयलेट्स, स्ट्रीट लाइटिंग तथा स्ट्रीट वेडिंग सम्बन्धित प्लान्स पर विस्तृत चर्चा की गयी। विकास प्राधिकरण द्वारा अक्षयवट सरस्वती कूप, पातालपुरी मन्दिरों के साथ-साथ शहर के विभिन्न स्थलों के सौन्दर्यीकरण हेतु कराये जा रहे विभिन्न कार्यों पर भी चर्चा की गयी। शहर को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी बनाने के दृष्टिगत नगर निगम प्रयागराज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों के स्कोप का गैप एनालिसिस करने का सुझाव देते हुए महाकुम्भ 2025 के पहले। सड़कों को कूड़ामुक्त बनाने तथा पूरे जनपद में कूड़े का डोर टू डोर कलेक्शन सुनिश्चित किये जाने हेतु अपील की। इसके अतिरिक्त जनपदवासियों में स्वच्छता को और बढ़ावा देने के दृष्टिगत स्वच्छता हेतु आवश्यकतानुसार कार्यशालाएं आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने पूर्व में बनाये गये टॉयलेट्स में आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने तथा जिन स्थानों में नये टॉयलेट्स बनाने की आवश्यकता है, उनका चिन्हांकन कर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये।शहर के जिन भी स्थानों में खुले में शौच की सम्भावना वहाँ पर टॉयलेट्स को आवश्यक रूप से बनवाने को कहा। जनपद को पर्यटन की दृष्टि से और विकसित करने हेतु अक्षयवट पातालपुरी, सरस्वती कूप, द्वदश माधव तथा भारद्वाज आश्रम का भव्य सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश दिये तथा डिजिटल म्यूजियम को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों की दृष्टि से भी विकसित करने को कहा। सभी कार्यों का समय से क्रियान्वयन हेतु मेलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के नोडल अधिकारियों को अपने अपने कार्यों का टाइम लाइन युक्त कार्ययोजना 15 दिन के अन्दर प्रेषित करने को कहा है। प्रयागराज को हर क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के दृष्टिगत यथासम्भव कम्यूनिटी पार्टीसिपेशन कराने को कहा'।



बैठक की अध्यक्षता करते मण्डलायुक्त

## संक्षेप

### नाली क्षतिग्रस्त, मरम्मत की मांग

**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के हिसामपुर गांव की गलियां गंदगी से पटी हैं। नालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी है। नाली में गंदगी के कारण लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। लोग कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करने का मजबूर है। स्थानीय लोगों ने नाली की मरम्मत और नियमित सफाई की मांग की है।

### गड्ढों में गिट्टी डालने के बाद ठेकेदार गायब, आवागमन में दिक्कत

**कौशाम्बी।** सिराथू-भरवारी मार्ग से पतेरिया गांव को जाने वाली सड़क पर पग-पग पर गड्ढे हादसे को दावत दे रहे हैं। आए दिन इस मार्ग पर बाइक व साइकिल सवार गिरकर चोटिल होते रहते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं व बच्चों को होती है। आसपास के लोगों का आरोप है कि गड्ढों में गिट्टी डालने के बाद ठेकेदार फरार हो गया है। शिकायत के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

# तालाब में पलटा ईंट लदा ट्रैक्टर, एक की मौत

**हादसा**

### चरवा के सिरसी गांव के समीप हुआ हादसा, बाल-बाल बचे तीन सवार



घटनास्थल पर जुटी भीड़



तालाब में पलटे ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास करता जेसीबी

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत सिरसी गांव के समीप एक ईंट लदा महिन्द्रा ट्रैक्टर का बायां चक्का फट जाने से अनियंत्रित हुआ ट्रैक्टर बगल स्थित तालाब में पलट गया। हादसे में जहां तीन सवार बाल-बाल बच गए वहीं एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दिया। वहीं शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना का जिक्र करें तो दरियापुर ईंट भट्टे से ईंट लोडकर ट्रैक्टर चालक अनिल पुत्र पूनी लाल निवासी दरियापुर अपने साथ चन्द्रभान पुत्र राम प्रकाश निवासी फरीदपुर सुलेम,ओम प्रकाश पुत्र छोटे लाल निवासी समदा व शिवा उम्र पुत्र लक्ष्मन निवासी दरियापुर के साथ सिरसी की ओर ईंट उतारने जा रहा था। कहा जा रहा था कि जैसे ही ट्रैक्टर सिरसी के समीप पहुंचा कि उसका एक टायर फट गया। जब तक चालक वाहन को संभाल पाता तब तक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बगल स्थित तालाब में पलट गया। हादसे में शिवा (14)की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य लोगों को हल्की फुल्की चोट बताई जा रही है। उधर सूचना पर पहुंची चरवा पुलिस ने सभी लोगों को बाहर निकाला। वहीं पुलिस की जानकारी पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुराहाल रहा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मेंहदी प्रतियोगिता में रजनी, आयुषी, एवं दुर्गा कुशवाहा रहीं अव्वल

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी महोत्सव में रविवार को मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं एवं महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मेंहदी प्रतियोगिता में रजनी केसरवानी ने प्रथम स्थान, आयूषी शर्मा ने द्वितीय स्थान एवं दुर्गा कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्रा अनामिका देवी प्रथम स्थान, धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्रा दिया गिरि ने द्वितीय स्थान एवं लिटिल ब्लासम्स कॉनवेन्ट स्कूल अझुवा की छात्रा आमना सिद्दीकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कौशाम्बी इंटर कॉलेज के छात्र मनीष कुमार एवं धर्मा देवी इंटर कॉलेज की छात्रा श्वेता राजपूत को सॉत्वना पुरस्कार दिया गया। कौशाम्बी महोत्सव में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिंह इंटर कॉलेज के छात्र अनूप कुमार ने प्रथम स्थान एवं धर्मा देवी इं0कॉ0 के छात्र गौरव कान्त मिश्रा व दुर्गा देवी इं.का ओसा की छात्रा अंजली चैरसिया ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा मानसिंह इं.कॉ की छात्रा सानियॉ शमशाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# खरीदे गए प्लाटों पर अब माफियाओं की निगाह, शिकायत

**शिकायत**

### थाना पुलिस ने नहीं मिला न्याय, डीएम कार्यालय में हुई शिकायत



शिकायती पत्र लेकर जाते शिकायतकर्ता

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मितवापुर गांव के पास नेशनल हाईवे से जुडी कुछ भूमि में लोगों ने प्लाट खरीद रखा था। अब उनका आरोप है कि उक्त प्लाटों की भूमि में कुछ माफिया किस्म के लोगों की निगाह लग गई और वह लोग कब्जा भी करना शुरू कर दिया। हालांकि पीड़ित प्लाटरों ने इसकी शिकायत पहले थाना पुलिस से किया, जब वहां न्याय नहीं मिला तो जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता नरेश चन्द्र पुत्र स्व. परसन निवासी सवार्काजी व प्रभावती पत्नी परास नाथ यादव निवासी 19 डी. एम. हरवारा प्रयागराज तथा पुष्पलता पत्नी कनैया सिंह यादव निवासी केन्द्रीय विद्यालय के सामने प्रयागराज व प्रमोद कुमार पुत्र गिरधारी लाल निवासी बजहा, ऊषा देवी पत्नी प्रेम चन्द्र निवासनी पंसौर तथा संदीप पुत्र सुखराज निवासी पंसौर पुत्र रोशन लाल निवासी पंसौर ने 70 वर्ग का प्लाट मितवापुर गांव के पास लिए है। सभी ने अपना प्लाट आराजी सं. 03 में अतिम जयसवाल पुत्र ताराचन्द्र जायसवाल निवासी 59.95 बहादुर शहर प्रयागराज से क्रय किया था। सभी प्लाट खरीदने वालों का नाम खतौनी में शामिल हो गया है। इतना ही नहीं प्लाट खाली भी पडे हैं। शनिवार को सभी लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि कोखराज थाना क्षेत्र रितेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी मेहता रोड भरवारी व अभिषेक चैरसिया पुत्र शारदा प्रसाद निवासी महमूदपुर मनौरी आयूष श्रीवास्तव पुत्र ओम प्रकाश श्रीवास्तव निवासी कृष्ण नगर कीडगंज प्रयागराज ने जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग का कार्य शुरू कर रहे है। जमीन पर ईट बालू से निर्माण कार्य भी शुरू कर दिए है। जिसकी शिकायत वह थाने में जाकर किया लेकिन कोई सुनवाई न होने से उन लोगों ने डीएम से शिकायत किया है। इतना ही नहीं बताया गया कि उक्त भूमि का मामला न्यायालय में भी लम्बित है। जिसमें 18 अप्रैल की तिथि भी निर्धारित है। हालांकि पीड़ितों ने जिलाधिकारी से प्लाटों पर किए जा रहे कब्जे को रोकवाए जाने की मांग किया है।

## ऑनलाइन बाइक खरीदने में गंवाए 81 हजार रुपये

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के टांडा गांव के एक युवक से 81 हजार रुपये की ठगी की गई। पीड़ित युवक थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सैनी थाना क्षेत्र के टांडा गांव के उदयभान पुत्र बृज किशोर ने बताया कि महीने भर पहले फेसबुक पर उसने एक बाइक का सौदा तय किया था। इसके बाद दो-तीन बार में युवक ने 81 हजार रुपये ऑनलाइन एकाउंट में जमा कर दिया। रकम देने के बाद युवक ने बाइक की डिलेवरी करने को कहा तो वह मुकर गया। इसके पीड़ित ने दी गई रकम वापस मांगी तो जान से मारने की धमकी दी गई। युवक थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित होनर सिंह निवासी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नकली अंबेडकरवादी से सावधान रहने की जरूरत : राजू गौतम

**कार्यक्रम**

### कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रभारी सेहंदी लाल निर्मल ने किया



कार्यक्रम को सम्बोधित करते बसपा के पदाधिकारी

**चायल,कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर दरवेशपुर में रविवार को बहुजन समाज पार्टी की एक सभा हुई। सभा के मुख्य अतिथि प्रयागराज मिजार्पुर मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज राजू गौतम रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश गौतम मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रभारी सेहंदी लाल निर्मल ने किया। कार्यक्रम के आयोजक भावी प्रत्याशी पार्षद मोहम्मद इस्लाम रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की महापुरुषों की विचारधारा व सपने को कोई साकार कर सकता है तो वह बहन कुमारी मायावती बहुजन समाज पार्टी के माध्यम से कर सकती है, और उन्होंने परदेस में सर्व समाज को बहुजन समाज पार्टी द्वारा दिए गए भागीदारी को भी कार्यकताओं के बीच में बताने का काम किए। कार्यकताओं को आगाह करते हुए कहा कि इस समय नकली अंबेडकरवादी ज्यादा लोग दिखाई दे रहे हैं उनसे भी सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने चार बार की सरकार की पूरी उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेंद्र गौतम श्लोक कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष चायल मोहम्मद शरीफ पिंटू दिवाकर वीरेंद्र बौद्ध मोहम्मद कैफ अनिल जी राकेश सोनी मोहम्मद असलम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन मंडल प्रभारी रमेश गौतम ने किया।

# युवक को टूरिस्ट वीजा देकर भेज दिया दुबई

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के निधियावां गांव के एक युवक को कबूतरबाज ने साथी के साथ मिल टूरिस्ट बीजा थमाकर दुबई भेज दिया। जहां युवक से बेगारी कराई गई। परिजनों को आपबीती बताते हुए युवक किसी तरह घर पहुंचा। आरोपित से दी गई रकम वापस मांगी तो उसने जान से मारने की धमकी दी। रविवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत कोखराज पुलिस से की है।

निधियावां निवासी हिरन पांडेय ने बताया कि छह महीने पहले मंझनपुर के बेला फतेहपुर गांव के एक युवक ने साथी के साथ मिल उसे दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद उससे वीजा के नाम पर सवा लाख रुपये ले लिए। रकम देते वक्त युवक ने वीडियो बना लिया था। रकम लेने के बाद आरोपित कबूतरबाज ने युवक को टूरिस्ट वीजा थमाकर दुबई भेज दिया। दुबई पहुंचने पर उसे जानकारी हुई कि जिस वीजा से वह आया है वह टूरिस्ट वीजा है। जिसकी जानकारी परिजनों को देते हुए वह कुछ दिन नौकरी की तलाश में बेगारी करने के बाद घर आ आया। घर आने के बाद युवक ने आरोपित से रकम वापस मांगी तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। रविवार को कोखराज थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

### दिन रात जलती है स्ट्रीट लाइटें

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद के वीरांगना दुर्गा भाभी नगर भड़ेसर में दिन-रात स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं। लाइटों को जलाने व बंद करने के लिए आज तक कोई इंतजाम नहीं किया गया है। दिन-रात ऑन रहने से लाइट जल्द खराब हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइट जलाने व बंद करने का इंतजाम किया जाए।

## आरोप : बहला फुसला ले गए नाबालिग से रचाया शादी

### शिकायत के बाद भी कार्यवाही करने से कतरा रही खाकी

**चायल,कौशांबी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के चायल कस्बा की रहने वाली एक नाबालिग बालिका 24 मार्च को घर से लापता हो गई है। परिजनों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 24 मार्च को खेत की तरफ गई थी उसी दौरान कुछ रिश्तेदार आए और उसकी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर बुला ले जाकर जबरन शादी करा दिए हैं। खेत से वापस आने पर परिजन नाबालिक लड़की को हर जगह ढूंढे लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित परिजन थाना पिपरी और चायल चैकी जाकर लिखित तहरीर दिए। तहरीर पाकर स्थानीय थाना पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी को भूल गई है। तीन दिन बाद एक युवक और उसके परिजन लड़की की शादी करा दिए हैं और उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद भी चायल चैकी पुलिस आरोपी युवक और उसके परिजन को गिरफ्तार नहीं कर रही है और न ही लड़की को बरामद कर रही है। इससे पीड़ित परिवार हैरान परेशान है। अब वह उच्चाधिकारियों से शिकायत करने का मन बना रहा था।

### कब्जे का विरोध करने पर कुनबे को पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के असदउल्लापुर रोही गांव में दबंगों ने घर में घुसकर विवाहिता व उसके बच्चों को पीट दिया। पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए पीड़िता की तहरीर पर छानबीन शुरू कर दी है। असदउल्लापुर रोही गांव की अनीता देवी ने बताया कि पड़ोसी से उसके परिवार की रंजिश चल रही है। महिला ने कब्जे का विरोध किया तो आरोपित आग बबूला हो गए। पड़ोसी ने साथियों के साथ मिल महिला के घर में घुसकर तोड़फोड़ की । विरोध करने पर दबंगों ने महिला को पीट दिया। दबंगों की पिटाई के बाद पीड़िता थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की।

## कार-नकदी नहीं मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**कौशाम्बी।** फतेहपुर के कृष्ण बिहारी नई कॉलोनी में ब्याही युवती को उसके पति व ससुरालवालों ने पिटाई करते हुए घर से निकाल दिया। दहेज में नकदी व कार नहीं मिलने पर ससुरालवालों ने मारपीट की। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के शमसाबाद गांव निवासी सोनम की शादी साल भर पहले फतेहपुर के दीपक से हुई थी। विवाहिता ने बताया कि शादी में मिले दहेज से ससुरालवाले संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही ससुरालवाले मायके से पांच लाख रुपये और कार लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर पखवाड़ा भर पहले आरोपित पति ने परिजनों के साथ मिल पिटाई करते हुए उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि थाने में शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने महिला थानाध्यक्ष को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## चार उपनिरीक्षक लाइन हाजिर, 21 का बदला कार्यक्षेत्र

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार की रात चार दरोगाओं को लाइन हाजिर करते हुए 21 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया। एसपी ने चैकी प्रभारी गुरौली जितेंद्र कुमार सिंह, चैकी प्रभारी पथरावां कामता प्रसाद, दरोगा गिरजाशंकर करारी व दरोगा रामबाबू पश्चिम शरीरा को लाइन हाजिर कर दिया। चैकी प्रभारी भरवारी सियाकांत चैरसिया को चैकी प्रभारी अर्कामहाबीरपुर, सत्य प्रकाश पाठक को सीओ कार्यालय सिराथू से चैकी प्रभारी भरवारी, धर्मेंद्र वर्मा को चैकी हिनौता से चैकी प्रभारी सिघियां, रविशंकर को रिट सेल से चैकी प्रभारी बरियावां, मिश्रीलाल चैधरी को पुलिस लाइंस से चैकी प्रभारी घोसियाना, अतुल रंजन को सैनी से चैकी प्रभारी पथरावां, अनुराग सिंह को कड़ाधाम से चैकी प्रभारी हर्रायपुर, विमल कुमार को कोखराज से चैकी प्रभारी गुरौली, अंशुमान मिश्रा को थाना मंझनपुर से चैकी प्रभारी हिनौता, चंद्र कुमार सिंह को सिघियां से रिट सेल प्रभारी बनाया है। इसी तरह उपनिरीक्षक भगवान यादव को मंझनपुर से थाना संदीपनघाट, नंदू यादव को कड़ाधाम से थाना महेवाघाट, मनीष पाल को कौशाम्बी से थाना कोखराज, रणजीत सिंह को कौशाम्बी से कड़ाधाम, वीरेन्द्र प्रताप को कड़ाधाम से थाना कौशाम्बी, बीरेंद्र कुमार को कड़ाधाम से कौशाम्बी, शिव कुमार को पइंसा से पश्चिमशरीरा, अजय यादव को पश्चिमशरीरा से पइंसा, नीरज कुमार को महेवाघाट से कड़ाधाम व छोटेलाल को पुलिस लाइंस से करारी थाने में तैनाती दी गई है।

## सड़क दुर्घटना में जख्मी वृद्ध ने दम तोड़ा

**कौशाम्बी।** सड़क दुर्घटना में जख्मी वृद्ध की शनिवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को सैनी थाना क्षेत्र के अजुहा बाजार आए वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया था। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। फतेहपुर के उकाव खागा गांव का गया प्रसाद गुरुवार को पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ अजुहा बाजार आया था। देर शाम घर जाते समय बाजार के समीप हाईवे पर अज्ञात वाहन ने दंपती को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में गया प्रसाद (60) गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि साथ रही पत्नी को मामूली चोटें आई थी। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी घायल दंपती के परिजनों को देते हुए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जख्मी गया प्रसाद की हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। जहां शनिवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक के बेटे दुर्गा प्रसाद की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 1178 दिव्यागंजनों के बीच 2277 सहायक यन्त्र कृत्रिम उपकरण हुआ वितरित

## भाजपा शासन काल में देश व प्रदेश का हो रहा चहुंमुखी विकास : प्रतिमा भौमिक



दिब्यांगजनों को उपकरण देते केंद्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर



कार्यक्रम में मौजूद लोगो की भीड़

**कौशाम्बी।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री प्रतिमा भौमिक एवं सांसद विनोद सोनकर ने रविवार को कौशाम्बी महोत्सव में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एडिप योजनान्तर्गत आयोजित सहायक एवं कृत्रिम उपकरण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा 1178 दिव्यागंजनों को कुल 2277 सहायक यन्त्र कृत्रिम उपकरण वितरित किया।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इतना भव्य एवं सुन्दर कौशाम्बी महोत्सव आयोजित कराने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मॉ गंगा एवं यमुना के बीच में स्थित कौशाम्बी की धरती पर आकर मैं धन्य महसूस कर रहीं हॅू। कौशाम्बी दुगार्भाभी की पावन भूमि, मॉ शीतला धाम, तथागत बुद्ध एवं पद्यमप्रभु की भूमि का मैं वन्दन एवं नमन करती हॅू। भगवान बुद्ध ने यहॉ पर चतुमार्सा बिताया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सांसद विनोद सोनकर कौशाम्बी की गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास को उजागर करने का कार्य कर रहें हैं। प्रदेश सरकार ने दुगार्भाभी का सम्मान करते हुए दुगार्भाभी के नाम से सेतु बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय संसदीय कार्य व संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने दुगार्भाभी स्थल पर रुपए 05 करोड़ की लागत से म्यूजियम बनवाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद कौशाम्बी का विकास कार्य तेजी से हो रहा है तथा कौशाम्बीवासियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहें है। कहा कि प्रधानमंत्री का मूल मंत्र है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास। दिव्यागों को पूर्व में विकलांग कहा जाता था प्रधानमंत्री ने उन्हें सम्मान देते हुए दिव्यांग कहा, दिव्यागों में ईश्वरीय शक्ति विद्यमान होती है तथा वे किसी से कम नहीं होते। प्रधानमंत्री ने दिव्यागों को शिक्षा एवं नौकरी में 03 प्रतिशत से बढ़ाकर 04 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया है। यंत्र में 236 लाभार्थियों को मोटराइज्डट्राई साइकिल, 672 को ट्राईसाइकिल, 62 को फोल्डिंग व्हील चेयर, 706 को बैसाखी, 24 को एल्बो बैसाखी, 330 को वॉकिंग स्टिक (छड़ी), 09 को रोलेटर, 34 को कान की मशीन, 15 को एम0एस0 आईईडी किट, 01 को सी.पी. चेयर, 56 को स्मार्ट केन, 03 को ब्रेल केन एवं 129 लाभार्थियां को कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, जितेन्द्र सोनकर, प्रेम चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्राथमिक स्कूलों के बच्चों ने मचाया धमाल

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी महोत्सव में रविवार को बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक विद्यालयां के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा अवधी लोकगीत गायिका प्रतिमा यादव द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार अन्य कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## संक्षेप

### भाजपा महिला मोर्चा का समरसता भोज आज



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की तरफ से समरसता भोज का आयोजन किया गया है। आयोजित सामाजिक न्याय पखवाड़ा के तहत श्समरसता भोजश कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती रुचि केसरवानी के नेतृत्व होगा। जिसमें समूचे जनपद के मंडल व नगर पंचायत के वार्डों में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। उक्त जानकारी भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी ने दी है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों व नगर पंचायत वार्ड अध्यक्षों से अपील किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में स्थान का चयन कर सामाजिक न्याय पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाला समरसता भोज का आयोजन करें।

# वन माफिया बने पेड़ों के दुश्मन नीम के पैंतीस पेड़ काट डाले

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण की रक्षा के लिए सरकार पेड़ों को लगाने का हर वर्ष अभियान चलाती है। जबकि वन विभाग व स्थानीय पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से वन माफिया पेड़ों के दुश्मन बने हैं। जेठवारा के चंदापुर कटरा गुलाब सिंह वाया कानपुर मार्ग पर नहर के पास स्थित पैतीस नीम के पेड़ वन माफियों ने काट डाला। वस्ती से दूर खड़े पेड़ों को काटकर वनमाफिया रातों रात लकड़ी गायब कर दिए। सुबह लोगों की नजर पड़ी तो लोग पुलिस व वन विभाग के खिलाफ तरह-तरह की बातें करते नजर आए। जिले में अवैध तरीके से संचालित हो रही आरा मशीने पेड़ों के लिए खतरा बनी हैं। जबकि वन विभाग के जिम्मेदार अवैध आरा मशीनों को पूरी तरह बंद करने का दावा करते हैं। जिले में जगह-जगह संचालित हो रही आरा मशीनों पर कीमती हरे पेड़ों के बोटे देखे जा सकते हैं। जिससे विभाग के दावे हवा



वन माफियाओं द्वारा काटे गये नीम के हरे पेड़

हवाई साबित हो रहे हैं। जिले में वनों को बचाने के लिए स्वयंसेवी वन संरक्षक भी हैं। मगर ऐसे लोग फोटो खिचाकर अखबारों में बने रहकर पेड़ों को बचाने की वाहवाही लूटते हैं।

# विश्वकर्मा समाज के युवा राजनीति में बढ़ चढ़कर लें हिस्सा : दीप विश्वकर्मा



विश्वकर्मा महासभा कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**प्रतापगढ़।** बाघराय के त्रिलोकपुर में रविवार को विश्वकर्मा महासभा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 दीप विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा आर्मी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समाज के युवा राजनीति से पीछे हटने के बजाय उसमें बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाएं। किसी भी समाज की उन्नति उसकी युवा शक्ति एवं राजनीतिक भागीदारी पर निर्भर करती है। समाज को एकजुटता के साथ अपनी ताकत दिखानी होगी। भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए अपने समाज के नेता को चुनकर विधानसभा तथा लोकसभा में भेजना होगा तभी हमारी ताकत का एहसास होगा। जिलाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा जरूरी है। जिस समाज में शिक्षा का स्तर अच्छा रहेगा, वह समाज उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम को डा0 मीतलाल, धीरज विश्वकर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा आदि ने संबोधित किया। इस दौरान मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष स्वतंत्र विश्वकर्मा, रामनाथ विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, राजू, अनिल, प्रेम कुमार, प्रदीप, सूर्यकांत आदि लोग मौजूद रहे।



पुलिस की गिरफ्त में गांजे का अवैध कारोबारी

# गांजे का अवैध करोबारी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** मानधाता पुलिस ने गांजे के अवैध कारोबारी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र का पुरैली निवासी सुनील कुमार सिंह पुत्र शिव नरेश सिंह वर्षो से ग्रामीण इलाकों में गॉजा लोगों को बेचता था। उसेने गांजा बेंचने के लिए युवाओं को भी साइकिल जरिए शौकीनों तक पहुंचवाता था। इस मामले में वह पहले भी जेल जा चुका है। ग्रामीण इलाकों में आसानी से चोरी छिपे बेंचे जा रहे गांजे से बड़ी संख्या में युवा वर्ग नशे के लत का शिकार हो रहा है। इसके अलावा पूरे जिले में तस्कर ग्रामीण इलाकों में सायकिल व बाइक के जरिए शौकीनों तक गॉजा सहित अन्य मादक पदार्थो को आसानी से सप्लाई कर रहे हैं। पकड़े जाने पर जेल यात्रा के बाद फिर अपने धंधे में उतर रहे हैं। मादक पदार्थो की सप्लाई ऐसे लोगों के लिए कमाई का जरिया बन चुका है।

# विद्यार्थियों को रोजगारपरक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत : प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** लालगंज के अठेहा पूरेउपाध्याय स्थित परमानंद इण्टर कालेज में रविवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मौजूदा समय में विद्यार्थियों को रोजगारपरक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत है। शिक्षकों को इस बात को ध्यान में रखकर शिक्षा देना आज की बहुत जरूरत है। बेरोजगारी इस समय युवाओं के सामने बड़ी समस्या बनी है। मंहगाई में बेतहाशा वृद्धि से लोगों के सामने गंभीर चुनौतियां है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि दुनिया भारत की बेटियों के ज्ञान तथा अदम्य साहस का कायल बनी है। उन्होंने कहा कि बेटै एवं बेटियों को मिलकर नए आत्मभारत,



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि प्रमोद तिवारी, आराधना मिश्रा 'मोना' व कार्यक्रम में उपस्थित भीड़

समृद्धिशाली भारत निर्माण में अहम भूमिका है। रामपुर खास विधानसभा को शिक्षा का हब बनाने का हम सभी का प्रयास शतप्रतिशत सफल होगा। विधायिका आराधना ने विद्यालय विकास के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके पहले विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की लागत से विकास योजनाओं का सांसद प्रमोद तिवारी व विधायिका आराधना मिश्रा ने सौगत सौंपी। नेता द्वय ने सड़क, पेयजल, नाली आदि विकास योजनाओं की आधार शिला रखी। कार्यक्रम का संचालन मनोज मिश्र व संयोजक करूणेश ओझा रहे। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, हगपाल यादव, राम अभिलाष शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, संतोष द्विवेदी, अमित सिंह पंकज, नागेन्द्र सिंह, मोव मुस्लिम, राम कृपाल, करूणा शंकर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# किसानों को बांटे उड़द के बीज, मोदी सरकार का किया बखान

**प्रतापगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा रविवार को रामपुर खास के लालगंज में किसानों को उड़द के बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दो सौ किसानों को उड़द का बीज प्रदान करते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता ने बीजेपी सरकार की कृषि नीति का भी जमकर बखान किया। सांसद ने लोगों से कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें मोटे अनाज का सेवन करना चाहिए। पीएम मोदी के द्वारा किसान सम्मान निधि किसानों के लिए आज वरदान साबित हुई है। भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि देश को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं और मजबूती से आगे बढ़ायी जाएंगी। यूपी में लोगों के विकास के साथ अपराध नियंत्रण मे योगी सरकार के भी उठाए जा रहे कदमों की सराहना की। संचालन भाजपा नेता हेमन्त पाण्डेय ने



उड़द बीज के साथ किसान

किया। कार्यक्रम में बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, झुन्ना तिवारी, राजेश मिश्र, पप्पू जायसवाल, राजेश तिवारी, काशी प्रसाद तिवारी, हरेकृष्ण तिवारी आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय में शिक्षक के साथ मारपीट के आरोपी ग्राम प्रधान व बेटा गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** सदर ब्लाक के कुटिलिया प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक नरेन्द्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर ग्राम प्रधान व उसके बेटे पर विद्यालय में मारपीट, गाली गलौज का आरोप लगाया था। शिक्षक संघ के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने आरोपी प्रधान और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक भाई लाल सरोज ने बताया कि टैञ्क्टर चालक गेहूँ से लदे टैञ्क्टर को विद्यालय के अंदर स ले जा रहा था। शिक्षक नरेन्द्र ने दूसरे रास्ते से ट्रैक्टर ले जाने को कहा। विद्यालय में बिजली के केबल का हवाला दिया। दुर्घटना होते बची। शिक्षक के मना करने से नाराज प्रधान व उसके बेटे ने स्कूल पहुंचकर शिक्षको मारापीटा, गालियां दी और आगे देख लेने की धमकी दी। शिक्षकों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



दुर्घटना में घायल को बचाने के तरीके बताते हुए

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों व अधिकारियों को बताए तरीके

**प्रतापगढ़।** पुलिस लाइन स्थित साईं काम्प्लेक्स में रविवार को दुर्घटना में घायल व्यक्ति को कैसे बचाना है, के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले भर के थानाध्यक्ष व पुलिकर्मी व अधिकारी शामिल हुए। सीपीआर एक्पर्ट डा0 शिव शक्ति द्विवेदी ने सीपीआर के बारे में विधिवत जानकारी पुलिसकर्मियों को दी। सीपीआर यानी कोई व्यक्ति यदि दुर्घटना में घायल हो जाता है और मरणासंन है तो उसे कैसे बचाना है। डा0 दिवेद्वी ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा के तहत घायल को चेस्ट पर बार-बार दबाव देना, माउथ से हवा देना, चेस्ट पर किस जगह कितनी दूर पर कितनी बार और किस अवस्था में दबाब देना है बताया। इसके अलावा छोटे बच्चों को किस प्रकार सीपीआर देना है इसके बारे में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के लिए डा0 द्ववेदी ने मोनोग्राम दिखाकर प्रैक्टिकल के जरिए पलिसकर्मियों को बचाने के गुरूमंत्र बताए। इस दौरान एएसपी पूर्वी और पश्चिमी, सीओ सदर, थानों के एसओ व पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## शिखा बनी डिप्टी एसपी, आईएएस बनने का सपना



**प्रतापगढ़।** सदर ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ऊषा की पुत्री शिक्षा का चयन यूपीपीएससी 2022 में डिप्टी एसपी के पद पर हुआ है। शिखा की इस सफलता पर परिजनों व शिक्षा विभाग के साथियों में खुशियों के साथ बधाइयॉ देने का सिलसिला है। शिखा की प्रारंभिक शिक्षा के बाद जेएनयू दिल्ली से अर्थशास्त्र विषय में टॉप किया था। शिखा आईएएस बनना चाहती हैं। इसके लिए उनकी तैयारियॉं चल रही है।

# व्यापारी चॉदबाबू का एक हत्यारा गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारा

**प्रतापगढ़।** कोहड़ौर थाना क्षेत्र के अतरसण्ड बाजार में तीन दिन पूर्व दबंगों ने दुकानदार चॉद बाबू को उनके घर में घुसकर मारपीट कर अधमरा कर दिया था। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। कोहड़ौर पुलिस ने मामले में तीन दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए टीमें गठित की थी। रविवार को थानाध्यक्ष अजीत शुक्ल की टीम ने एक हत्यारोपी सुहेल खान पुत्र शब्बीर निवासी अतरसंड को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी सुहेल ने पुलिस को बताया कि मृतक के साथ प्रधानी के चुनाव को लेकर दोनों के बीच पुरानी रंजिश थी। हम तीन लोगों ने 06 अप्रैल को मारापीटा था जिसकी इलाज को ले जाते समय मौत हो गई थी।

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अजीम शायर नाजिश प्रतापगढ़ी थे जिन्दादिल इंसान, अदब से लिया जाता है उनका नाम

### 39वीं वर्षी पर शायरों का होगा जमघट

**प्रतापगढ़।** मोहतरम नाजिश प्रतापगढ़ी साहब ने अपनी पूरी शायरी और जिंदगी अपनी कलम के जरिए हिन्दुस्तान की खिदमत के लिए कुर्बान कर दी। मुल्क के लोगों को कौमी एकता आपसी भाईचारे और मेल मोहब्बत का पैमाग अपली शायरी के जरिए देते रहे। नाजिश द्वारा लिखी गई शायरी को आज भी लोग अपने वक्तव्यों में उनका हवाला दिया करते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय शायर नाजिस साहब कौमी एकता पर एक से बढ़कर एक शायरी लिखी जो पूरे हिन्दुस्तान में सराही गई। इसे देखते हुए वर्ष 1984 में राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने उन्हें उर्दू के सबसे बड़े एजाज गालिब अवार्ड से नवाजा था। जिले की एक पहचान उनकी कलम के जरिए भी हुआ करती थी। नाजिश साहब खुद्दार, वतन परस्त और नेक दिल इंसान थे। उनका जन्म शहर से सटे सिटी कस्बे में 22 जुलाई 1924 को एक अमीर जमींदार खानदान में हुई थी। 10 अप्रैल 1984 को उन्होंने लखनऊ के बलरामपुर हास्पिटल में अपने जीवन की अंतिम सॉस ली। नजिश साहब की मात के बाद से उनके प्रवक्ता पुत्र डा0 मोहम्मद अनीस हर वर्ष उनकी वर्षी पर कार्यक्रम आयोजित कर मशहूर शायरों



को बुलाते हैं। 10 अप्रैल यानी सोमवार को नाजिश साहब की वर्षी पर शयरों का जमघट लगेगा जहॉ उनकी रचनाओं को पढ़कर उन्हें श्रृद्धांजलि दी जानी है। उनके द्वारा लिखी गयी कुछ रचनाएं जैसे अपने मुल्क में आपस की नफरत चल नहीं सकती, वतन के दुश्मनों की दल हरगिज गल नहीं सकती। कृष्ण, गौतम, नानक व चिश्ती की महफिल हिंद है, आदमी के ज्ञान और मुक्ति की मंजिल हिंद है। वतन के रेत मुझे एड़ियां रगड़ने दे, मुझे यकीन है कि पानी यहीं से निकलेगा। जैसी कलमतोड़ रचनाएं आज भी लोगों की जुबां पर तैरती है। नाजिश साहब ने कई रचनाएं नाजिश ग्रंथावली भाग एक, दो और तीन आदि लिखकर लोगों को एकता का संदेश दिया है। जिले के लोग आज भी नाजिश साहब का नाम बड़े अदब से लिया करते हैं।

# स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज का सेवन बहुत जरूरी : ओम प्रकाश त्रिपाठी

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के मॉ बराही देवी संस्कृत पीजी कालेज में रविवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सह संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ व पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि आज के परिवेश में स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज का उपयोग करना हर व्यक्ति को बहुत जरूरी है। पहले रासायनिक युक्त मोटे अनाज का लोग सेवन करते थे जो बिना बीमारी के सौ वर्ष से भी अधिक जिया करते थे। आज मार्डन युग में लोग मोटे अनोजों को त्याग कर चुके हैं। जिससे शरीर में तरह-तरह की बीमारियों ने जन्म ले लिया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज के सेवन को जरूरी बजाया। श्री त्रिपाठी कहा कि पीएम मोदी के आवाहन पर लोग अमल



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि

कर रहे हैं। कार्यक्रम को बीजीपे के अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अवनीश मिश्र, राजमणि पाण्डेय, विष्णु देव दूबे, ओम प्रकाश शुक्ल, विजय शंकर तिवारी, व्यास शुक्ल, विनय पांडे, सुरेन्द्र त्रिपाठी, अजय क्रांतिकारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## तदेऊश रूजेविच/ वापसी


अचानक खिड़की खुलेगी/ और माँ आवाज देगी देर हो गई / अब अंदर आ जाओ।
दीवार बीच से खुल जाएगी /मैं स्वर्ग में प्रवेश करूँगा /कीचड़ सने जूतों से।
मैं मेज के सामने बैठा /बेरुखी से सवालों का जवाब दूँगा।
मैं ठीक हूँ मुझे /तंग न करो। सर हाथों में लिए
मैं बैठा रहूँगा देर तक। मैं कैसे बताऊँ
उन्हें उस लंबे /और पेचीदा रास्ते के बारे में।
यहाँ स्वर्ग में माँएँ /हरे स्कार्फ.बुनती हैं/ मक्खियाँ भिनभिनाती हैं
पिता सिगड़ी के पास बैठे ऊँघते हैं / छह दिन की मेहनत के बाद।
नहीं – मैं उन्हें हरगिज नहीं बता सकता /कि लोग एक दूसरे की जान लेने पर/ उतारू हैं।

**(हिंदी अनुवाद असद जैदी। मूल पोलिश से आदम चेर्नियाव्स्की के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित)**

## जनसंपादकीय

# नए परिप्रेक्ष्य में भारत-भूटान संबंध

**अरविंद जयतिलक**




भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है जब पड़ोसी देश चीन अरुणाचल प्रदेश के 11 इलाकों को नया नाम देकर अनावश्यक वितंडा खड़ा करने की कोशिश की है। प्रतिकार स्वरुप भारत ने करारा जवाब देते हुए कहा है कि नाम बदलने से सच्चाई नहीं बदलती। हालांकि इस मसले पर भूटान नरेश वांगचुक ने भारत के समर्थन में कोई उत्साहजनक प्रतिक्रिया तो नहीं दी लेकिन उन्होंने इतना जरुर स्पष्ट कर दिया कि सीमा विवाद के मसले पर उनके देश के रुख में तनिक भी बदलाव नहीं आया है। मतलब साफ है कि भूटान नरेश भारत के साथ कंधा जोड़ने के साथ चीन से भी नाराजगी नहीं चाहते। बहरहाल अच्छी बात यह है कि भूटान नरेश वांगचुक और प्रधानमंत्री मोदी के बीच राष्ट्रीय हितों से जुड़े कई मुद्दों पर आम सहमति बनी है जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों देश आपसी संबंधों और हितों का ध्यान में रखते हुए सहयोग को और बेहतर करने की कोशिश जारी रखेंगे। ध्यान देना होगा कि कुछ दिन पहले भूटान के प्रधानमंत्री लोते शेरिंग ने डोकलाम पर चीन के समर्थन में बयान दिया था। इसे लेकर भारत ने कड़ी आपत्ति जाहिर की थी। यह संभव है कि प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे को भूटान नरेश के समक्ष उठाए हों। जानना आवश्यक है कि भूटान चीन के साथ तकरीबन 400 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करता है। चीन और भूटान सीमा विवाद को हल करने के लिए दो दर्जन से अधिक बार प्रयास कर चुके हैं। भारत चाहता है कि इन दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का जो भी समाधान निकले उससे भारतीय संप्रभुता प्रभावित न हो। यहीं वजह है कि भारत भूटान के समक्ष अपनी चिंता को बार-बार जाहिर करता है। भारत को आशंका है कि चीन और भूटान दोनों देशों के बीच समझौता मूर्त रुप लेता है तो चीन उत्तर में अपना कुछ हिस्सा भूटान को दे सकता है। उसके बदले में भूटान भी चीन को पश्चिम का कुछ हिस्सा सौंप सकता है। इसी पश्चिमी हिस्से में डोकलाम भी है। अगर चीन डोकलाम पर अपनी पकड़ बना लेता है तो फिर उसे उत्तर-पूर्वी हिस्से तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इसी हिस्से में सिलिगुड़ी कॉरिडोर अवस्थित है जिसे चिकन नेक कहा जाता है। यह भारत के लिए असहज स्थिति होगी। भूटान-चीन के विवाद में जाएं तो 1967-68 में चीन ने चुंबी घाटी में गतिविधियां शुरू की। 1971-80 के दौरान चीन ने वहां सड़कें बनाने की परियोजना शुरू की। भूटान की तरफ से आपत्ति दर्ज कराने के बाद 1988 में दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ जिसके मुताबिक क्षेत्र में पूर्ववत स्थिति सुनिश्चित करना तय हुआ। 1990 में बातचीत के सातवें चरण में चीन ने भूटान के सामने पेशकश करते हुए कहा कि अगर उसे चुंबी घाटी का पूर्वी इलाका मिल जाए तो वह भूटान के उत्तरी इलाकों पर दावा नहीं करेगा। 1999 में चीन ने पूर्ण कुटनीतिक स्थापित करने के लिए भूटान के साथ क्षेत्रीय समझौता किया। भूटान ने चीन की पेशकश नहीं मानी। इसके बाद 2004 में चीन ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भूटान पर दबाव बनाना शुरू किया। चीनी सेना ने उस क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य तेज कर दिया। इसी के तहत उसने भूटान की सीमा में अतिक्रमण शुरू कर दिया। फिर डोकलाम में चीनी फौजों द्वारा सड़क निर्माण शुरू करने के बाद भूटान ने भारतीय सेना की मदद मांगी। उल्लेखनीय है कि चीनी सेना ने इस क्षेत्र में स्थित भारतीय सेना के बंकरों को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया था। भूटानी सेना का प्रतिरोध विफल होने के बाद भारतीय सेना भूटान की मदद के लिए आगे आयी और चीनी सेना की गतिविधियों पर रोक लगा दी। इतिहास में जाएं तो भारत और भूटान के बीच गहरा संबंध है। भारत के पहल पर ही भूटान 1971 में संयुक्त राश्ट्र संघ का सदस्य बना और 1973 में निर्गूट आंदोलन में शामिल हुआ। भारत ने भूटान को सार्क का भी सदस्य बनवाया। भारत-भूटान संबंध निर्माण में 1949 की संधि का विशेष महत्व है। इस संधि के अनुसार दोनों देशों ने चिरस्थायी शांति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। संधि के मुताबिक भूटान सरकार विदेशी मामलों में भारत सरकार की सलाह को मानने के लिए सहमत है जो सामरिक दृष्टि से भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। भारत-चीन युद्ध के उपरांत भूटान ने प्रतिरक्षा का भार भारत को सौंप दिया। लेकिन फरवरी 2007 में जब भूटान सम्राट जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचूक की भारत यात्रा पर आए तो दोनों देशों ने संधि को संशोधित करते हुए इसमें एक नई बात जोड़ दी। वह यह कि दोनों देश एकदूसरे की संप्रभुता, स्वतंत्रता, और क्षेत्रीय अखण्डता का सम्मान करेंगे। गौर करें तो पिछले एक दशक में भारत-भूटान संबंधों में काफी उतार-चढ़ाव आए हैं। याद होगा डा0 मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान जिस तरह भारत सरकार ने भूटान के संसदीय चुनाव से पहले केरोसिन और रसोई गैस की सब्सिडी पर रोक लगायी उससे दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास उत्पन हुआ। देखें तो 2008 के बाद से ही भारत के संदर्भ में भूटान की रणनीति में बदलाव आया। भूटान की प्राथमिकता में भारत के बजाए चीन आ गया। तब के भूटानी प्रधानमंत्री थिनले की चीन से आत्मीयता बढ़ गयी थी। याद होगा कि गत वर्ष पहले रियो द जेनेरो में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान उन्होंने चीनी प्रधानमंत्री से मुलाकात की और 15 बसों का सौदा किया। तब यह माना जाने लगा था कि बदले वैश्विक माहौल में भूटान भारत की छाया से मुक्त होना चाहता है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मसलों पर भी उसकी नीति भारत से विपरित रही। 1979 के हवाना गुटनिरपेक्ष सम्मेलन में जहां भारत बहुसंख्यक निर्गूट देशों के साथ कम्पूचिया की सीट को खाली रखने के पक्ष में था वहीं उसने कम्पूचिया की सीट पोल पोत समूह को देने का समर्थन किया। यही नहीं उसकी नीति परमाणु अप्रसार संधि के मसले पर भी भारत के खिलाफ रहा। याद होगा कि 1981 में भूटानी विदेश मंत्री ने राष्ट्रीय असेंबली में घोषणा की कि भूटान चीन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करना चाहता है। इसके अलावा भारत-भूटान संबंधों में उत्तेजना के कुछ अन्य कारण और भी रहे जिसमें भूटान के आयात-निर्यात पर भारत के कानूनों का लागू होना प्रमुख है। 1972 के व्यापार समझौते की धारा 5 में इसकी व्यवस्था है। हालांकि नवंबर 1977 में बतौर विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भूटान यात्रा की तो भरोसा दिया कि ये नियम अब भूटान के आयात-निर्यात पर लागू नहीं होंगे। पर्यटकों के लिए आंतरिक परमिट व्यवस्था को लेकर भी भूटान की भारत से नाराजगी रही है। उसका कहना है कि विदेशी पर्यटकों को भूटान आने में परमिट न मिलने से उसे राजस्व की हानि होती है। लेकिन तथ्य यह भी है कि पिछले एक दशक में चीन की भूटान में घुसपैठ भारत के लिए चिंता का सबब बना है। उचित होगा कि जिस तरह भारत भूटान की शिकायतों को लगातार दूर कर रहा है उसी तरह भूटान भी भारत की चिंता पर गौर करे। गत वर्ष पहले जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूटान यात्रा हुई तब दोनों देशों ने दशकों पुराने रिश्ते को उर्जा से भर दिया। दोनों देशों ने अंतरिक्ष अनुसंधान, विमानन, आईटी, उर्जा, और शिक्षा के क्षेत्र में 10 सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने शब्दरुंग नामग्याल द्वारा 1629 में निर्मित शिमटोखा जोंग में खरीदारी कर रुपे कार्ड की भी शुरूआत की। भारत और भूटान के बीच रिश्तों में गरमाहट इसलिए आवश्यक है कि सामरिक दृष्टि से भूटान भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। भारत की उत्तरी प्रतिरक्षा के संदर्भ में भूटान को भेद्यांग की संज्ञा दी जाती है। चुम्बी घाटी से चीन की सीमाएं सिर्फ 80 मील हैं। अगर चीन चुम्बी घाटी तक अपनी पकड़ बनाने में कामयाब हो जाता है तो वह उत्तरी बंगाल, असम और अरुणाचल प्रदेश को भारत से अलग करने की साजिश रच सकता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# विश्व गुरु बनने का सपना, पूरा न हुआ अपना

## समय संदर्भ

**विमलशंकर सिंह**



हम सबनें ठाना है वर्षों से की विश्व गुरु बन जाना है अब । पीएम् नरेंद्र मोदी जी का सपना, वस्तुतः बन गया था हम सब का अपना ।क्या कहा था पीएम् नें समय समय पर की सारे जहां में विश्व गुरु की कभी पहचान थी हमारी, किन्तु काल के प्रवाह में गुरु पद जाता रहा ।तो क्या वह फिर वापस नहीं आ सकता है? पूछते हैं सब ? आ सकता है, जैसे कि प्रधान मंत्री से लेकर सभी प्रमुख अधिष्ठानपति एक स्वर से बोल उठते हैं अब ।क्या कहा था पीएम् नें की मजबूत आध्यात्मिक और पारम्परिक मूल्यों के आधार पर भारत आने वाले समय में विश्व गुरु बन जायेगा । तो हम महान शक्ति या महा शक्ति बनना चाहते हैं । तो क्या यह एक शुभ सपना नहीं है ? यद्यपि कि बहुतों नें तो कहना भी शुरू कर दिया था कि हम विश्व गुरु बन गए हैं अब । लेकिन जैसे संसार नें भी ठान लिया है हमें बताने को की अभी दिल्ली दूर है हमारी । हाल में आई खुशहाली रिपोर्ट, हमारे सपनें को तोड़ती लगती है । वह बताती है कि अभी कोसों दूर हैं हम अपने लक्ष्य से ।तो सपनें टूट गए हमारे । क्या बताती है खुशहाली रिपोर्ट और कैसे हमारे सपनों पर कुठाराघात किया है इसने, आइये समझें ।

योग, अध्यात्म और अनेक धर्मों को जन्म देनें वाला देश भारत, विश्व गुरु बन जानें की उद्घोषणा करने वाला भारत, आज एक अप्रसन्न जीवन जीने के लिए अभिशप्त है ।यह बात बताती है सन 2023 की खुशहाली रिपोर्ट ।137 देशों की लिस्ट में भारत 126 वें स्थान पर है । भारत (4.036) की स्थिति बड़ी दयनीय है इस रिपोर्ट में । तो विश्व के केवल ग्यारह देश ही हमसे नीचे हैं, ज्यादा अप्रसन्न जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कोमोरोस (3.545), मलावी (3.495), बोत्सवाना (3.435), कांगो (3.207), जिम्बाब्वे(3.204), सिएरा लियॉन (3.138), लेबनान (2.392) और अफगानिस्तान(1.859) इनमें शामिल हैं और क्रमसः सबसे कम खुशहाल देशों में हैं । इनमें से तो बहुतों के नाम तो आप पहली बार सुन रहे होंगे ।ये छोटे देश भी हैं और खुशहाली के मामले में बेचारे देश भी साबित हुए हैं ।लेकिन भारत भी तो इन्ही जैसा साबित हुआ है । चीन (5.818), नेपाल (5.360), बांग्लादेश (4.282), पाकिस्तान (4.555), श्रीलंका (4.442) जैसे हमारे पडोसी देश भी हमसे खुशहाल स्थिति में हैं । किन्तु पड़ोसियों की खुशहाली भी नहीं पचती, हजम होती है हमारे अपने बहुतों को ।

तो विश्व के सबसे खुशहाल देश कौन से हैं ? इस रिपोर्ट नें तीन वर्षों, 2020-2022 के औसत में पाया कि फिनलैंड (7.804), डेनमार्क(7.586), आइसलैंड (7.530), इसराइल (7.473), नीदरलैंड(7.403), स्वीडेन(7.395), नार्वे (7.315), स्विट्जरलैंड (7.240), क्रमानुसार सबसे खुशहाल और प्रसन्न देशों में से हैं जो उनके अंकों से स्पष्ट है । स्पष्ट है कि इन देशों नें न केवल आर्थिक तरक्की को ही महत्व दिया है वरन खुशमिजाजी के अन्य आयामों को भी पर्याप्त महत्व दिया । फिनलैंड जैसे देश, एक स्थिर, सुरक्षित और सुशासन वाले देश के रूप में ही नहीं उभरे हैं बल्कि उन्होंने सामाजिक रूप से एक प्रगतिशील देश के रूप में भी अपनी पहचान बनाई है ।हर नागरिक की मुफ्त चिकित्सा नें उसके नागरिकों के जीवन को खुशहाल बनाने में भारी योगदान दिया है । बताते हैं कि इन देशों नें अपनी जनता के जीवन को खुशनुमा बनाने के लिए विभिन्न सक्षम संस्थाओं का निर्माण कर रखा है जो बहुत प्रभावी हैं ।तो क्या आप ऐसे ही समाज, देश का निर्माण नहीं करना चाहेंगे ? किन्तु होता तो उल्टा दिखता है । इस रिपोर्ट नें हमारे नेतृत्व वर्ग में एक तूफान सा खड़ा कर दिया है ।वह इस रिपोर्ट से इत्तेफाक रखती नहीं प्रतीत होती हैं । कहां विश्व गुरु बन जानें की बार बार हमारे द्वारा घोषणा और कहां आँख चुराने की नौबत ? उनकों यह रिपोर्ट सुहाती नहीं, सच नहीं लगती है । तो सच क्या है? आइये पड़ताल करें कि विश्व के देशों की खुशहाली की स्थिति, पायदान जानने के लिए यह रिपोर्ट खुशहाली के किन आयामों को शामिल करती है और उसके लिए सूचनाएं कहां से प्राप्त करती है। कुल छः निर्धारक कारकों का यह उपयोग करती है ।

इन कारको में सम्मिलित हैं :प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक समर्थन, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, खुद के जीवन के सम्बन्ध में निर्णय लेने की स्वतंत्रता, सामान्य जनता में उदारता की भावना एवं आतंरिक और बाह्य भ्रष्टाचार के बारे में लोगों की धारणायें । स्पष्ट है कि खुशहाली की केवल आर्थिक समृद्धि से ही यारी नहीं है । समाज के बीच सद्भाव तथा सामंजस्य, विपत्ति के समय एक दूसरे की मदद करना, भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना और आम जन में निर्णय लेनें की स्वतंत्रता, उदारता का होना अति आवश्यक है । तो आर्थिक सम्पन्नता के साथ साथ ही आपसी सद्भाव, सहायता, उदारता, स्वतंत्रता, जीवंतता और ऊर्जा भरे जीवन सम्बन्धी आयामों से खुशहाली, खुश और प्रसन्न होती है । भ्रष्टाचार भरे जीवन की नकारात्मकता भी जानने, उजागर करने का प्रयास भी यह करती है । इन निर्धारक कारकों से सम्बंधित देशों के प्रकाशित आंकड़ों का उपयोग करके और प्रश्नावली और अवलोकन विधि से यह रिपोर्ट यह जानने की कोशिश करती है कि विभिन्न देश खुशहाली के किस पायदान पर खड़े हैं? तो इस विधि से एकत्रित सूचनाओं से विश्व संस्था नें यदि यह निष्कर्ष निकाला की हमारा हाल, बेहाल है तो इसमें रिपोर्ट गलत कैसे ? तो क्या विश्व संस्था को हम भारतीयों को खुश करने के लिए आंकड़े ही बदल देना चाहिए था ? आप क्या ऐसा चाहेंगे ? प्रश्न तो यह है कि असत्य के बिना पर आप क्या विश्व गुरु बनना चाहेंगे ? हमारा आध्यात्मिक ज्ञान तो यह नहीं सिखाता ।

अब उन कारकों, बिंदुओं के आधार पर भी गवेषणा कर ली जाय जिनका उपयोग विश्व संस्था ने किया है ।खुशहाली का एक कारक प्रति व्यक्ति जीडीपी है और यह आवश्यक है जानना कि अर्थव्यवस्था का आकार कितना है और वह कैसा प्रदर्शन कर रही है । अर्थव्यवस्था का आकार धीरे ही सही बढ़ा है और वह लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर की हो गई है । दूसरे, अभी हाल में यह रिपोर्ट आई की पिछले नौ वर्षों में प्रति व्यक्ति जीडीपी दुगनी हो गई है । दोनों ही सूचनाओं से कुछ लोगों की खुशी का पारावार नहीं हैं, जैसे जग जीत लिया है। किन्तु कुछ गहरे जानें पर प्रश्न उठता है कि क्या प्रति व्यक्ति जीडीपी वस्तुतः दुगनी हुई ? अर्थशास्त्री बताते हैं कि इन वर्षों में इसमें केवल 35 प्रतिशत की वृद्धि ही हुई थी ।उनके अनेक तर्क हैं जो कि सत्य के करीब दिखते प्रतीत होते हैं ।जैसे, यदि आवाम की आय दुगनी हुई तो 82 करोड़ जनसँख्या को मुफ्त का 5 किलो अनाज प्रति माह सरकार क्यों बाँट रही है ? तो देश में भूख की विकराल स्थिति क्यों है आजादी के 75 साल बाद भी ? सन 2021 में विश्व की कुल कुपोषित जनसँख्या का लगभग 29 प्रतिशत (करीब 22.4 करोड़ भारतीय) कुपोषण के शिकार थे, तो क्यों थे? सन 2022 में 5 वर्ष से छोटे बच्चों में मृत्यु का 65 प्रतिशत कारण भूख और कुपोषण कैसे रहा ? यदि आमदनी बढ़ी तो किसानों में आत्म हत्या क्यों बढ़ी है ? वो अचंभित भी हैं जो बेरोजगार हैं कि वे बेरोजगार भी हैं किन्तु उनकी आमदनी दुगनी हो गई बताते हैं बिना रोजगार पाए, बिना काम किये? वस्तुतः बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे उच्चतम स्तर पर हो गई। तो आय बढ़ी तो रोजगार क्यों न बढ़ा? आय बढ़ी तो जेब में वह खनकी क्यों नहीं? ऊपर से तेजी से बढ़ते जिंसों के दामों नें दिन का चैन और रात का आराम हराम कर रखा है हम सब का । महंगाई से आरबीआई क्या बेचैन नहीं ? फिर सरकार की कर आय क्या तेजी से नहीं बढ़ी और हम सबकी जेबें तेजी से खाली नहीं हुईं ? ऊपर से क्या विकराल होती असमानता, जी का जंजाल नहीं बनीं हुई है आम हिंदुस्तानी के लिए ? तो अर्थव्यवस्था की इन चुनौतिओं नें क्या आवाम का दिल बाग बाग का दिया है? क्या खाली जेबें, खाली पेट, खुशहाली का सबब बन सकतीं हैं किसी भी देश के लिए ? क्या विश्व गुरु की पहचान खाली जेब, खाली पेट, रोती आँखें, सुबकता बचपन और ठिठकता यौवन होता है? तो विश्व गुरु बनने की चाहत ने प्रश्न ही प्रश्न खड़े कर दिए हैं ।

खुशहाली को प्रिय है सामाजिक सहयोग, सौहार्द और समरसता ।संकट के समय यदि आपको किसी की मदद मिलती है,वे आपके सहयोगी हों या आपके रिस्तेदार अथवा समाज का कोई भी व्यक्ति सहायता करता है तो सामाजिक सहयोग, सौहार्दपूर्ण होता है जिसकी की सर्वाधिक आवश्यकता होती है खुशहाल जीवन के लिए । आप लम्बी उम्र पाते हैं यदि आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य होते हैं । तो प्रश्न यह उठता हैं कि आज हिन्दोस्तान में सहयोग का माहौल हैं या कि तनाव का ? उत्तर है-यह दौर है मॉब लिंचिंग, साम्प्रदायिक विद्वेष का । क्या मॉब लिंचिंग बढ़ी नहीं हैं जिसके लिए न कोई व्यवस्थित कानून बन पाया है और न कोई अलग से रिकॉर्ड ही रखे जाते हैं । कबीर, फिराक,मीरा,निराला, समाज के उद्धारक, मार्ग दर्शक नहीं हैं आज ।नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार सन सन 2017 में 723, सन 2018 में 512, सन 2019 में 438, सन 2020 में 857 और सन 2021 में 378, साम्प्रदायिक या धार्मिक दंगे हुए थे । तो क्या कम हैं? हमारी आध्यात्मिकता कहां जाती है तब ? हम क्या तनाव में जीते नहीं हैं ? तो क्या दंगो के बिना पर हम विश्व गुरु बनेंगे ?

इसी तरह, रिपोर्ट कहती है कि आप की स्वयं के बारे में निर्णय लेनें की स्वतंत्रता, खुशहाली को द्विगुणित कर देती है। मानव अधिकार भी इसी का अंग है ।इसमें बिना भेदभाव के जीवन जीने और विचार रखने, शिक्षा और कार्य करने की स्वतंत्रता आदि शामिल हैं ।उदारता और दान इसी का अंग है जो समुदायों की सकारात्मक सोच और क्रिया को दशार्ती, प्रभावित करती है और साथ ही उनकों एक साथ रखने, जोड़ने का कार्य भी करतीं है । निश्चय ही चिंता, उदासी और निराशा के इस दौर में हमने अवश्य बढ़ाये थे विश्व गुरु बनने की तरफ कदम, जब कोरोना काल में आम हिंदुस्तानिओं नें यथा संभव दान किया, एक दूसरे की सहायता की। लंगर लगाए, सरकारी कर्मचारियों ने वेतन कटवाया, कलाकारों और उद्योगपतिओं ने पीएम् रिलीफ फण्ड में दान किया । तो एक बड़े वर्ग नें आशा का दीप जलाये रखा था । अशोका यूनिवर्सिटी की सन 2020-21 की एक रिपोर्ट बताती है कि हमने धार्मिक संस्थाओं को रु. 16600 करोड़ और भिखारिओं को रु. 2900 करोड़ दान किया । तो भारत में सभी धर्मावलम्बिओं में दान की परंपरा है । लेकिन प्रश्न तो यह भी है कि अन्य देशों में दान नहीं दिया जाता क्या? फिर क्या दान देनें की उदारता ही उदारता होती है? महिलाओं की सुरक्षा, स्वतंत्रता की स्थिति की भी जांच करनी चाहिए । महिलाओं के साथ अपराध तेजी से बढ़े हैं ।सन 2020 में 3,71,503 मामलों की तुलना में सन 2021 में 4,28,278 मामलें महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के हुए थे अर्थात अपराधों में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । एनसीआरबी के आंकड़े यह भी बताते हैं कि दिल्ली में सन 2021 में प्रतिदिन दो अवयस्क लड़कियों के साथ बलात्कार होता था । ऊपर से दहेज,अपहरण,पति द्वारा क्रूरता किये जानें में तो जैसे दिल्ली ही विश्व की अगुवाई करती दिखाई देतीं है, सम्पूर्ण भारत को तो छोड़ ही दीजिये । महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध क्या आँख खोल देने वाली, विचलित करने वाली स्थिति नहीं है ? तो क्या हम विश्व को इन्ही आंकड़ों को दिखाने निकले थे ? इसी तरह, भ्रष्टाचार तो हमारे खून में जैसे समा गया है । एक सौ अस्सी देशों के बीच यद्यपि सन 2022 में हमारा स्थान 85 सबसे कम भ्रष्ट देश के रूप में था । लेकिन भारत में सन1997 (26.3 इंडेक्स पॉइंट ) की तुलना में सन 2022 (40 इंडेक्स पॉइंट ) में भ्रष्टाचार दुगने होनें की तरफ तेजी से बढ़ रहा था और वह दिन बहुत दूर नहीं जब यह दुगना हो जायेगा । अपयश गाथा के अनेक बिंदु हैं । हम अनेक वैश्विक इंडेक्सों में भी बहुत पीछे हैं । इंडेक्सों की लम्बी फेहरिस्त में हम प्रायः सबसे निचली पायदान पर ही पाते हैं अपने को । ये वैश्विक इंडेक्स बताते हैं कि कहां खड़ा है विश्व और कहां खड़े हैं हम, जिसके विश्व गुरु हम बनना चाहते हैं ।अनेक मानवीय गुणों रहित हैं हम अभी भी । सैन्य ताकत तो नहीं ही हैं । तो न तो हम महान शक्ति हैं और न महा शक्ति ।फिर भी कहते, मानते और जिद करते हैं हम, की विश्व गुरु बन गए हैं हम ।

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी.कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष थे)**

> **वस्तुतः बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे उच्चतम स्तर पर हो गई। तो आय बढ़ी तो रोजगार क्यों न बढ़ा? आय बढ़ी तो जेब में वह खनकी क्यों नहीं? ऊपर से तेजी से बढ़ते जिंसों के दामों नें दिन का चैन और रात का आराम हराम कर रखा है हम सब का । महंगाई से आरबीआई क्या बेचैन नहीं ? फिर सरकार की कर आय क्या तेजी से नहीं बढ़ी और हम सबकी जेबें तेजी से खाली नहीं हुईं ? ऊपर से क्या विकराल होती असमानता, जी का जंजाल नहीं बनीं हुई है आम हिंदुस्तानी के लिए ? तो अर्थव्यवस्था की इन चुनौतिओं नें क्या आवाम का दिल बाग बाग का दिया है?**

# विघटनकारी राजनीति चमकाने की कवायद

## प्रसंगवश

**राम पुनियानी**



इस साल रामनवमी पर देश के कई हिस्सों में हिंसा हुई। इनमें शामिल हैं, हावड़ा, छत्रपति संभाजी नगर (जिसे पहले औरंगाबाद कहा जाता था), मुंबई के कुछ उपनगर, दिल्ली और बिहार के कुछ कस्बे। पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी पर जुलूस निकालने की नई प्रथा शुरू हो गई है। मीडिया के एक बड़े हिस्से ने हिंसा को रामनवमी के जुलूसों पर पत्थरबाजी की प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया है। इस बात की चर्चा मीडिया में नहीं है कि जुलूसों में भड़काऊ नारे लगाए जा रहे थे, रामभक्त हथियारों से लैस थे और मस्जिदों के बाहर उकसाने वाली हरकतें की जा रहीं थीं। पिछले साल भी रामनवमी पर हिंसा हुई थी। इसमें सबसे गंभीर घटनाक्रम मध्यप्रदेश के खरगौन में हुआ था जिसके बाद राज्य की भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के 51 घरों पर बुलडोजर चलवा दिया था।

पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी मनाने के तरीके में आमूल परिवर्तन आया है। अब रामनवमी के दिन जुलूस निकाले जाते हैं जिनमें कई युवक हाथों में नंगी तलवारें लिए रहते हैं। इस बार तो एक रामभक्त पिस्तौल के साथ जुलूस में शामिल हुआ था। जुलूस के साथ अक्सर बैंड या डीजे होता है जो जोर-जोर से संगीत बजाता है। मुसलमानों को लांछित और अपमानित करने वाले नारे खुलकर लगाए जाते हैं, यह सुनिश्चित किया जाता है कि, जुलूस शहर के मुस्लिम-बहुल इलाकों से निकले, फिर चाहे उसकी प्रशासनिक अनुमति हो या न हो। जुलूस में भाग लेने वालों से न्यूनतम अपेक्षा यह रहती है कि वे रास्ते में पड़ने वाली मस्जिदों पर गुलाल फेकें और अगर वे मस्जिद पर चढ़कर उस पर भगवा झंडा फहरा दें तो वे विशेष प्रशंसा के पात्र बन जाते हैं।

पश्चिम बंगाल में रामनवमी के जुलूसों के दौरान काफी गड़बड़ियां हुईं। जहां भाजपा, ममता बैनर्जी पर मुसलमानो के साथ नरमी बरतने का आरोप लगा रही है वहीं राज्य की मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा, ह्यह्यकोई धर्म हिंसा को उचित नहीं मानता। हर धर्म शांति की बात कहता है...जो कुछ हुआ वह दंगे भड़काने की भाजपा की योजना का हिस्सा था। कल भाजपा ने देश में करीब सौ स्थानों पर हिंसा भड़काई। हावड़ा की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने बार-बार कहा था कि जुलूस को उस रास्ते से नहीं जाना चाहिए। परंतु जुलूस में अपराधी शामिल थे। उनके पास बंदूकें और पेट्रोल बम थे। यहां तक कि जुलूस बुलडोजर भी शामिल थे। इन लोगों ने उन इलाकों में हमले किए जहां अल्पसंख्यक रहते हैं...यह सब भाजपा, हिन्दू महासभा, बजरंग दल और न जाने किन-किन नामों से जाने जाने वाले उनके संगठनों ने किया। उन्होंने जानते-बूझते सीधे अल्पसंख्यकों पर हमले किए...।

धार्मिक जुलूसों के दौरान हिंसा का भारत में लंबा इतिहास रहा है। ब्रिटिश काल में गणपति विसर्जन, शिवरात्रि, मोहर्रम इत्यादि के मौकों पर निकाले जाने वाले जुलूसों में आवश्यक रूप से हिंसा होती थी। इस हिंसा में हिन्दू और मुस्लिम साम्प्रदायिकतावादी एक बराबर निष्ठा से भाग लेते थे।

स्वाधीनता के बाद समाज के विभिन्न तबकों और विशेषकर पुलिस में व्याप्त पूर्वाग्रहों के चलते प्रशासन के निदेर्शों के विपरीत जुलूसों के अलग राह पकड़ने की घटनाओं को नजरअंदाज किया जाने लगा। जाहिर है कि जुलूसों के आयोजक और उनमें शामिल लोग दोनों जानते थे कि उन्हें सरकार का वरदहस्त प्राप्त है।

तर्क यह दिया जाता है कि आखिर आप हमें किसी भी इलाके में जाने से कैसे रोक सकते हैं। अगर यह तर्क मान भी लिया जाए तो सवाल यह है कि जुलूस में शामिल लोगों के हथियारबंद होने और उनके द्वारा भड़काऊ नारे लगाने के अपराधों का क्या? जाहिर है कि प्रशासनिक मशीनरी साम्प्रदायिकता की गिरफ्त में है और सरकार चाहे जिस भी पार्टी की हो वह अपनी मनमानी करती ही है।

मीडिया का फोकस पत्थरबाजी पर होता है और वह भड़काऊ नारों और धारदार व आग्नेय अस्त्रों के प्रदर्शन पर चुप रहती है। जुलूसों के दौरान हुई साम्प्रदायिक हिंसा की जांच अनेक न्यायिक आयोगों द्वारा की जा चुकी है। अप्रैल 2022 में प्रकाशित सिटीजन्स एंड लायर्स इनीशिएटिव की विस्तृत रपट, हनुमान जयंती और रामनवमी के जुलूसों के दौरान हुई हिंसा पर विस्तार से प्रकाश डालती है। रिपोर्ट की भूमिका में एडवोकेट चन्दर उदय सिंह ने जुलूसों के दौरान और उनके बाद हुई साम्प्रदायिक हिंसा की मुख्य घटनाओं की चर्चा की है। रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि जुलूसों में शामिल लोग मुस्लिम आराधना स्थलों और मुस्लिम-बहुल रहवासी इलाकों को निशाना बनाते हैं। इन जुलूसों के दौरान और उनके जरिए क्या किया जाता है इसे कुछ उदाहरणों से और स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है।

भागलपुर की हिंसा में जुलूस का रास्ता मुख्य मुद्दा था। ह्यह्यन्यायमूर्तिगण रामनंदन प्रसाद, रामचन्द्र प्रसाद सिन्हा और एस. शम्सुल हसन, जोकि सभी पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश थे, की सदस्यता वाले न्यायिक जांच आयोग ने पाया कि 1989 से एक वर्ष पहले से ही भागलपुर में रामशिला जुलूसों के कारण तनाव बढ़ रहा था परंतु प्रशासन ने उसे नजरअंदाज किया। जांच आयोग ने पाया कि जुलूस को तातरपुर के रास्ते ले जाने के लिए कोई आवेदन नहीं दिया गया था और जुलूस के आयोजकों को जारी अनुमति में तातरपुर का कहीं जिक्र नहीं था (कंडिका 578)।

कोटा में 1989 में हुए दंगों की जांच के लिए नियुक्त न्यायमूर्ति एस. एन. धरावा आयोग का निष्कर्ष था, ...अभिलेखित साक्ष्य को समग्र रूप से देखने पर मेरा यह मत है कि जुलूस में शामिल लोगों ने भड़काऊ और आपत्तिजनक नारे लगाने शुरू किए और इन आपत्तिजनक नारों से भड़ककर मुस्लिम समुदाय ने भी इसी तरह की नारेबाजी की।


भिवंडी-जलगांव दंगों की जांच करने वाले न्यायमूर्ति मादोन का निष्कर्ष था कि ह्यह्यभिवंडी में हुई गड़बड़ियों का तात्कालिक कारण था शिव जयंती जुलूस में शामिल लोगों का सोचा-समझा दुर्व्यवहार। भिवंडी में 7 मई 1970 को निकाले गए जुलूस का उद्देश्य मुसलमानों को भड़काना था...। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग जुलूस में लाठियां लिए हुए थे और बाम्बे पुलिस एक्ट, 1951 की धारा 37(1), जो सार्वजनिक स्थलों पर हथियारों का प्रदर्शन प्रतिबंधित करती है, से बचने के लिए इन लाठियों पर भगवा झंडे और बैनर बांध दिए गए थे...।

हालांकि जो लोग भड़ककर पहला पत्थर फेंकते हैं उनकी भूमिका को भी कम करके नहीं आंका जा सकता परंतु मुद्दा यह है कि त्यौहारों और जुलूसों का उपयोग कुटिलतापूर्वक हिंसा भड़काने के लिए किया जाता है। इसका नतीजा होता है ध्रुवीकरण और साम्प्रदायिक पार्टी की ताकत में बढ़ोत्तरी। येल विश्वविद्यालय के एक शोध प्रबंध के अनुसार, ह्यह्यदंगों से नस्लीय ध्रुवीकरण होता है जिससे नस्लीय-धार्मिक पार्टियों को कांग्रेस की कीमत पर लाभ होता है...। हिन्दू राष्ट्रवादी पार्टियों के कुल वोटों में हिस्से पर दंगों के प्रभाव का विश्लेषण करते हुए शोध प्रबंध कहता है ...चुनाव के पहले की एक साल की अवधि में हुए दंगों से भारतीय जनसंघ / भारतीय जनता पार्टी के वोट प्रतिशत में औसतन 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यह स्पष्ट है कि इस तरह की घटनाओं में वृद्धि से यह पता चलता है कि साम्प्रदायिक पार्टी आने वाले चुनावों में लाभ प्राप्त करने के लिए समाज को और ध्रुववीकृत करते जाने पर आमादा है। इस आशय की रपटें अत्यंत चिंताजनक हैं कि अब बुलडोजर भी धार्मिक जुलूसों का भाग होते हैं।

**( लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

## व्यंग्य



# मुझे भी कोई कुत्ता खरीद ले

**रामविलास जांगिड़**

कई कुत्ते मेरे पीछे घूम रहे हैं और आजकल वे मुझे पालने की फिराक में हैं। बहुत सारे कुत्तों को मैंने देखा है, जिन्होंने बढ़िया से बढ़िया मालिक पाल रखे हैं। हर एक प्रतिष्ठित कुत्ते के पास अपने ढंग का एक खास पालतू मालिक है। कुत्ते अपने-अपने मालिकों को सुबह-शाम सैर कराने ले जाते हैं। झील किनारे, गार्डन घास में, कुत्ते सैर कराते हैं अपने मालिकों को! और साथ ही उनको कुछ खिलाते-पिलाते कुत्ता मालिकों का एक विशिष्ट दल भी दिखा है। अंतरराष्ट्रीय कुत्ता आयोग में इनकी मीटिंगें देख कर मुझे लगता है कि कोई भला कुत्ता मुझे भी खरीद कर पाल ही लेगा। इन कुत्तों के ऊंचे ओहदे हैं। कुछ मंत्री बने हुए हैं और कुछ अफसर! जब अच्छे-खासे नेता-मंत्री तक कुत्तों के हाथों पाले जाते हैं। खेल सहित खिलाड़ी भी कुत्तागर्दी में ढाले जाते हैं। कवि और लेखक भी पालतू बन गए हैं। नीति, नियम, संस्कृति, कायदे, सारे फालतू बन गए हैं। कला और संस्कृति भी पाल ली गई है। तब मैं इस निर्णय पर पहुंचा हूं कि कोई ढंग का कुत्ता आए और मुझे भी पाल ले। जब बड़े-बड़े इंसानों के गले में पट्टे बंधे देखता हूं और उन्हें कुत्ते अपने हाथ में रस्सी पकड़ कर चलते दिखाई देते हैं, तो मेरा मन उछल रहा है कि अब मैं भी किसी न किसी कुत्ते का पालतू बन ही जाऊं। अर्थात कुत्ते को अपना मालिक बना ही लूं। कुत्ता मुझे पालेगा तो बड़ा अच्छा रहेगा। वह मुझे नदी किनारे घुमाने ले जाएगा। सैर कराएगा। किसी शॉपिंग मॉल में ले जाकर ढेर सारे गिफ्ट दिलाएगा। मुझे ढंग से पेशाब करवाने ले जाएगा। ऐसे कुत्ते की मुझे तलाश है। ऐसे अशिष्ट-वान शिष्ट कुत्ते किसी सरकारी कार्यालय में होंगे या फिर किसी सियासी पार्टी के दलदल में! भारत में होंगे या अमेरिका में! या फिर लंदन में! लंदन की टेम्स नदी के किनारे घूमने का मजा ही कुछ और है! सुंदर सी मुलायम गोरी कुतिया आएगी और मुझे खरीद कर ले जाएगी। मुझे नरम-नरम हाथों से सहलाएगी। क्या हसीन ख्वाब है!

हे कुत्ते भाइयो! आप जल्दी आ जाइए। मैं बिकने को तैयार हूं। कल को कोई गधा खरीद लेगा, तो फिर मुझे कुछ मत कहना। पिछवाड़े का एक चमगादड़ भी उल्टा लटक कर मुझे खरीदने के लिए तैयार बैठा है। संसद भवन के पीपल वाले पेड़ पर बैठे उल्लू ने मुझे पालने-खरीदने का ऑफर दे दिया है। मैं पता नहीं कब, कैसे, किसके हाथों बिक जाऊं; किस पार्टी का पट्टा गले में लटकाऊं; पता नहीं कब किसका हो जाऊं; जाने किस दलदल में खो जाऊं; ये खुद मुझे मालूम नहीं है। बड़े लुभावने ऑफर आ रहे हैं मेरे सामने! चारों और बिके हुए लोगों को देखता हूं, तब मैं अनबिका कैसे रह सकता हूं? किसी के गले में कौन सी पार्टी का पट्टा! किसी की पूंछ में कौन सी पार्टी का झंडा! कुछ कहा नहीं जा सकता! बढ़िया होगा कि मुझे कोई खरीद ले। मुझे एक अच्छा-खासा पट्टा पहना दे, ताकि मैं उसकी परिक्रमा करते हुए, उसके चरणों को चाटता-चूमता रहूं। मालिक के रात कहने पर दिन को रात कहूं। मालिक की बातों में ही बहूं। फालतू दिमाग से बोझिल न रहूं। चाटूं और पूंछ खिलाऊं! बस इसी मंत्र का फूल खिलाऊं! पूंछ हिलाने व चरण चाटने के बदले गाड़ी, कोठी, नौकर, चाकर के साथ प्यारी सी मालकिन! वाह! जल्दी आ जाइए कुत्ते भाई! आइए और मुझे खरीद कर ले जाइए!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**वार्षिकोत्सव**

## छात्र व छात्राओं की प्रस्तुती देख लोगों ने की तालियों की बरसात

जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सम्दहॉ गांव (गणेशनगर) में स्थित श्री गणेशजी बालोद्यान स्कूल पर धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य के रूप में पहुंचे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी सदा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देती आ रही है। शिक्षा ही वह क्षेत्र है जिससे समाज को बदला जा सकता है। शिक्षा से ही मनुष्य के जीवन का उद्धार होता है और शिक्षा से ही जीवन का विकास होता है। बच्चों का मानसिक विकास स्कूल से होता है इसलिए हर अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजता है ताकि उसके अंदर अच्छे गुणों का विकास हो सके और समाज के उद्धार में अपना योगदान दे सके। विशिष्ट अतिथि प्रदुम्य मिश्रा ने कहाकि स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता क्योंकि यह वह अवसर होता है जब अभिभावक, शिक्षक व छात्र व छात्राओं का मिलन एक स्थान पर होता है। यही वह अवसर होता है जब अभिभावक अपने बच्चों की प्रतिभा से रूबरू हो पाते है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुती करने वाले छात्र व छात्राओं को संस्थापक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संचालक मुन्ना शेट्टी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, संस्थापक सत्यदेव तिवारी, कृष्ण देव तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, विनोद बिंद, अमित तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


वार्षिकोत्सव समारोह में राज्यमंत्री का स्वागत करते विद्यालय के लोग

## रेलवे सुरक्षा बल ने ई-टिकट बनाने वाले दलाल को दबोचा

**दुकान से लैपटॉप, मोबाइल और चार हजार रुपए का टिकट बरामद**

**शाहगंज।** रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने खेतासराय थाना क्षेत्र के गोरारी बाजार स्थित एक सहज जनसेवा केंद्र पर मोबाइल से ई-रेलवे टिकट का अवैध कारोबार करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। रेलवे सुरक्षा बल के थाना प्रभारी अनूप कुमार सिन्हा की संयुक्त टीम ने हमराहियों के साथ शनिवार की देर रात को मुखबिर की सूचना पर खेतासराय थाना क्षेत्र के गोरारी बाजार स्थित सहज जन सेवा केन्द्र पर छापेमारी की। टीम ने दुकान से चार हजार दो सौ रुपए का दो ई-टिकट व साथ कई टिकट का डाटा, मोबाइल, दो लैपटॉप बरामद करते हुए दुकान संचालक अजय कुमार पुत्र राम अचरज निवासी गोरारी थाना खेतासराय को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

**संक्षेप**



## सुधीर सिंह पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष मनोनीत

**मड़ियाहूँ।** पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश की कार्यसमिति में विकास खंड के बरमदेवा गांव निवासी प्रधान सुधीर सिंह विद्रोही को प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे ने जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। साथ ही उनसे अपेक्षा किया है कि वह संगठन में अनुशासित रहकर आस्था एवं निष्ठा के साथ इसे सुदृढ़, सक्रिय और संघर्षशील बनाने में अपना योगदान देंगे। इसी के साथ ही सावित्री यादव पत्नी ओम प्रकाश यादव प्रधान बेलवा को उपाध्यक्ष, अनिता गौतम को जिला सचिव, सुधीर द्विवेदी को जिला कमेटी जौनपुर में सलाहकार व विजय प्रकाश द्विवेदी को वाराणसी मंडल का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सबरहद गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के सबरहद उत्तरी बस्ती गांव निवासी राम सूरत पुत्र राम आधार न्यायालय में चल रहे मारपीट के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। रविवार की सुबह एसआई विजय सिंह गौड़, कांस्टेबल अमित यादव ने मुखबिर की सूचना पर घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

## ट्रैक्टर चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

**खुटहन।** कम्मरपुर गांव निवासी दलित मजदूर की शनिवार को ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई सजीवन लाल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी 45 वर्षीय रामबचन गौतम मजदूरी पर काम करता था। वह कहीं रात भर काम करके रविवार को ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर वापस घर आ रहा था। गांव के पास ही वह ट्राली से नीचे गिर गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक मुकेश व नाम पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## निधन पर शोकसभा आयोजित

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के ग्राम काजीपुर स्थित सेन्ट जेवियर्स इण्टर कालेज के पीजीटी बायोलॉजी के अध्यापक मदन मिश्रा निवासी ग्राम देल्हुपुर शीतलगंज का बीती रात हृदय गति रुक जाने से देहांत हो गया। मृतक आत्मा की शान्ति के लिए विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं व शिक्षकों सहित दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

## मवेशियों संग तीन तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**सिकरारा।** स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह दूदौली नहर पुलिया के समीप पिकअप पर लदे मवेशियों संग तीन पशु तस्करों को पिकअप सहित गिरफ्तार कर लिया। पशु तस्कर मवेशियों को वध के लिए ले जा रहा था।

पुलिस ने गिरफ्तार पशु तस्करों को कागजी कार्रवाही कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह सूचना मिली की पशु तस्कर पिकअप पर मवेशियों को लादकर वध के लिए ले जा रहे है। सूचना पर थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह,उपनिरीक्षक मो. सैफ, संजय कुमार, हेड कांस्टेबल अरुण यादव ने संयुक्त रूप से दुदौली नहर पुलिया के समीप पशु तस्कर का इंतजार करने लगे। तभी पशु तस्कर वध के लिए मवेशियों को पिकअप से ले जा रहा था। मौके से पुलिस ने पशु तस्कर असलम अली पुत्र दरोगा निवासी जन्सो बड़ई थाना अलीनगर चंदौली, आनंद सिंह पुत्र अखिलेश सिंह, गोलू यादव पुत्र संतोष यादव निवासी लौंदा थाना अलीनगर चंदौली, पिकअप पर लदे 3 जिंदा बैल 1 गाय सहित एक बंदूक व जिंदा कारतूस, मवेशियों को बरामद कर पशु क्रूरता में केस दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने बताया कि ये बहुत शातिर अपराधी है। इन सब के ऊपर पहले से कई थानों में पशु क्रूरता के केस दर्ज है, ये संगठित अपराध करते है।


गिरफ्तार पशु तस्कर व पुलिस टीम

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**मुम्बई से कमाकर घर जाने के दौरान हुआ हादसा**

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव बाजार में सड़क दुघर्टना में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

क्षेत्र के बड़ागांव बाजार में शनिवार की देर शाम अरगुपुर गांव निवासी 20 वर्षीय सर्वेश पुत्र विश्वराज गौतम मुम्बई से कमाकर शाहगंज स्टेशन पर उतर कर अपने मौसेरे भाई खेतासराय गांव निवासी 22 वर्षीय सुनील पुत्र मनवास के साथ बाइक से बड़ागांव बाजार पहुंच कर सामान खरीद कर घर जा रहे थे कि शाहगंज की तरफ से गैस सिलेंडर लदी तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया जिसमें सर्वेश गौतम की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मौसेरे भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


मृतक सर्वेश गौतम (फाइल फोटो)

# उड़ाका दल की टीम ने ली परीक्षार्थियों की तलाशी

**निरीक्षण**

## नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय संकल्पित

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षायें चल रही हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने परीक्षाएं शुचितापूर्ण व कड़ाई के साथ कराने के निर्देश दिए है। परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान में बनाए गए केंद्र पर शनिवार को उड़ाका दल ने कई बार औचक निरीक्षण किया। उड़ाका दल के सदस्य प्रो. अजय द्विवेदी और डॉ. मनीष कुमार गुप्ता की टीम ने प्रत्येक परीक्षा कक्ष में जाकर छात्रों की गहन जांच पड़ताल की। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार, सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. शशिकांत, डॉ. विनय वर्मा उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार को दोनों पालियों में कुल 754 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें रज्जू भैया संस्थान, विज्ञान संकाय, प्रबंध संकाय, फार्मेसी, मास काम, एप्लाइड साइकोलॉजी के छात्रों ने दोनों पालियों में परीक्षा दी। विद्यार्थियों को रज्जू भैया गेट के पास तलाशी लेने के बाद अंदर आने की अनुमति मिलती है। इसके बाद परिसर में बनायी गयी उड़ाकादल की टीम कई बार राउंड लगाती है। इसके चलते नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है। पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हो रही है।


परीक्षा कक्ष में तलाशी लेती उड़ाका दल की टीम

# डॉ. फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की 268वीं जयंती मनायी गयी



हैनीमैन जयंती समारोह को सम्बोधित करते वक्ता

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** होमियोपैथिक डीलर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में बीते दिन होमियोपैथिक के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 268वी जयंती को एक निजी होटल में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वाराणसी मण्डल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही इस कार्यक्रम में होमियोपैथिक की तमाम कंपनियों ने स्टाल लगाकर अनेक प्रकार की नई-नई दवाइयों की जानकारियां लोगों को दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजू पाठक व डीएचओ सुल्तानपुर डा. फरहाना सगीर रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएचओ डा. तुलसी दास ने की। कार्यक्रम के दौरान मौके पर होमियोपैथिक डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रविप्रकाश श्रीवास्तव, महासचिव डा. मनीष कुमार गुप्ता, समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, उपाध्यक्ष डा. सुमित सिंह, अंजनी कुमार, धीरज मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, विवेक, विनोद प्रकाश, डा. शशिप्रकाश श्रीवास्तव, मनोज विश्वकर्मा, उमंग श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौके पर मौजूद रहे।

## गुमटी सहित दो दुकानें जली

**खुटहन।** पिलकिछा गांव में गोमती नदी पुल के पास शनिवार की रात अज्ञात कारणों से लगी आग से गुमटी में संचालित एक किराना और दूसरी दाना बिक्री की दुकान जल गई। गांव निवासी सुनीता गुप्ता पत्नी हरिश्चंद्र की किराने की दुकान में अचानक आग की लपटें उठने लगीं।

आग बढ़ते हुए बगल चंद्रावती गुप्ता पत्नी देवनारायण के दाना भूंजने की दुकान तक पहुंच गई। देखते ही देखते गुमटियां सहित दोनों दुकानें जल कर नष्ट हो गई। पीड़ितों के द्वारा थाने पर तहरीर नहीं दी गई है।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**खुटहन।** पुलिस ने रविवार को बियसिया तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान कोकना (पिलकिछा) निवासी मनीष तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से चाकू मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध थाने में हत्या, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट सहित 11 मुकदमे दर्ज हैं।

## अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन से कटकर महिला सहित दो की मौत



**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र के बेलापार एवं पुरेरामजी गांव के पास रविवार को अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन से कटकर पश्चिम बंगाल की महिला व खमपुर निवासी व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। बेलापार गांव के पास वाराणसी-सुल्तानपुर मार्ग पर थाना क्षेत्र के खमपुर गांव निवासी करीब 45 वर्षीय रामजीत की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त पश्चात सूचना परिजनों को दी तो घर में कोहराम मच गया। उधर दोपहर पुरेरामजी गांव के पास वाराणसी की तरफ जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस से 34 वर्षीय बेस्ट बंगाल की एक महिला ललिका सरकार पत्नी परितोष सरकार की गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पीएम हेतु भेज दिया।

## बहन के गायब होने की दी तहरीर, मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी ने थाने पर प्रार्थना-पत्र देकर कहा है कि मेरी 15 वर्षीय बहन बीते 7 अप्रैल को सुबह 9 बजे स्कूल जाने की बात बताकर घर से निकली लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। हम लोगों ने पास-पड़ोस व रिश्तेदारी में काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने प्रार्थना-पत्र के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# पूर्ण सद्गुरु से ही होगी परमात्मा की प्राप्ति : मानिक चंद तिवारी

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** संत निरंकारी मिशन जोन नंबर 63 अंतर्गत शाखा पट्टी नरेंद्रपुर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। उपस्थित संत जनों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए जोनल इंचार्ज महात्मा मानिक चंद तिवारी महाराज ने कहा कि प्रभु के चरणों में पूर्ण समर्पण की भावना से युक्त होने पर ही मानव का जीवन सुखमय हो सकता है। जोनल इंचार्ज ने कहाकि जो मनुष्य जीवन के उत्थान-पतन, हानि-लाभ, जय-पराजय और सुख-दुख को ईश्वर की इच्छा मानकर सम्भाव से जीवन जीता है वही सचमुच सुखी है। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में सुख जैसी चीज केवल मृग मरीचिका जैसी है जो दिखाई देती है लेकिन उसकी वास्तविकता कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की सद्गुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव महाराज ब्रह्मज्ञान प्रदान करके आत्मा का साक्षात्कार परमात्मा से करवा कर ईश्वर से नाता जोड़ रही हैं। परमात्मा का साक्षात दर्शन करवाना पूर्ण सद्गुरु की सबसे बड़ी पहचान है। परमात्मा के साकार स्वरूप सद्गुरु को ईश्वर प्राप्ति माध्यम बताया। उन्होंने 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के अवसर पर मड़ियाहूं रोड संत निरंकारी सत्संग भवन जौनपुर शाखा पर आयोजित रक्तदान शिविर में भारी से भारी संख्या में बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की आम जनमानस से अपील की। महात्मा राजित राम ने कहा कि बिना तत्वज्ञान के सत्संग नहीं हो सकता। सत्य को जाने बिना सच और झूठ की हकीकत का पता भी नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि मिशन सत्य और अहिंसा को सर्वोपरि मानता है। संचालन विनोद कुमार ने किया। अभय राज वर्मा, जयशंकर मौर्य, रामनाथ प्रजापति, कमलेश तिवारी आदि लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

# राम राज्याभिषेक के साथ हुआ श्रीरामचरित मानस कथा का समापन

**जलालपुर के बीबनमऊ में चल रही थी सात दिवसीय श्रीराम कथा, भंडारे का हुआ आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

**जलालपुर।** क्षेत्र के बीबनमऊ में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा श्रीराम चंद्र के राज तिलक के साथ संपन्न हुई। राम कथा के अंतिम दिन पंडाल में मौजूद भारी संख्या में श्रोताओं ने श्री राम के नाम के जयकारे लगाये। कथा पाण्डाल में उमड़ी श्रृद्धालुओं की भीड़ संगीतमय श्रीरामचरित मानस कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ विश्राम हो गया।? कथा व्यास श्री बालकृष्ण दास महराज द्वारा लगातार सात दिनों तक श्रद्धालुओं को रामकथा का अमृतपान कराया।?शनिवार को सीता हरण, जटायु मरण, हनुमान - राम- सुग्रीव मिलन, बालि वध, लंका दहन, कुंभकर्ण, मेघनाद, रावण वध एवं चौदह वर्षों के उपरांत भगवान राम के अयोध्या आगमन और राम राज्याभिषेक प्रसंग का सुंदर वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उन्होंने कहा कि भगवान राम ने संसार के सामने आदर्श मयार्दा का उदाहरण प्रस्तुत किया। रामकथा के माध्यम से जनमानस को भगवान राम से प्रेरणा लेकर जीवन के भंवर से पार उतर सकता है। भ्रातृत्व प्रेम किसी का है तो वह भरत का। वर्तमान समय में भरत चरित्र की बहुत बड़ी प्राथमिकता है। स्वार्थ के कारण आज भाई-भाई जहां दुश्मन जैसा व्यवहार करते हैं, वहीं भरत चरित्र त्याग, संयम, धैर्य और ईश्वर प्रेम का दूसरा उदाहरण है। भरत का विग्रह श्रीराम की प्रेम मूर्ति के समान है जिससे भाई के प्रति प्रेम की शिक्षा मिलती है। इस मनुष्य जीवन में भाई व ईश्वर के प्रति प्रेम नहीं है, तो वह जीवन पशु के समान है। कहा कि सभी को भरत और श्रीराम से भाई व ईश्वर प्रेम की सीख लेनी चाहिए। भरत चरित्र सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

इस अवसर पर थाना प्रभारी रमेश चंद यादव, पंकज भूषण मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य पवन गुप्ता, प्रदीप सिंह, रत्नाकर चौबे, कमलेश यादव, राजेश मिश्रा, गुलजार अली, रामाज्ञा यादव, भोले मास्टर, संदीप उपाध्याय, आनंद मोदनवाल, बाबा यादव सहित हजारों श्रोतागण मौजूद रहे।


श्रीराम कथा का रसपान कराते बालकृष्ण महाराज

# स्वच्छ भारत मिशन में 60 और ग्राम पंचायतें चयनित

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** स्वच्छ भारत मिशन में शाहगंज ब्लाक के 60 और ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। चयनित ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों का डीपीआरसी के माध्यम एक दिवसीय प्रशिक्षण अंबेडकरनगर में होगा। चालू वित्तीय वर्ष में 60 नई ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम बनाए जाने के लिए चयन किया गया है। चयनित गांवों में एसएलडब्लूएम के कराए जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण 10 अप्रैल से शुरू होकर 13 अप्रैल तक डीपीआरसी अंबेडकरनगर में चलेगा। एडीओ पंचायत लक्ष्मीचंद ने बताया कि इन चार दिनों तक चयनित 60 ग्राम पंचायतों में 15-15 ग्राम पंचायतों का एक एक दिन प्रशिक्षण चलेगा। इन ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए निर्देश दे दिए गए हैं।



# स्पोर्ट्स

**हल्द्वानीः उत्तराखंड ने 4 गोल दाग कर दर्ज की शानदार जीत**

**हल्द्वानी।** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के बैनर तले उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में हीरो सीनियर महिला फुटबॉल का आयोजन 14 दिनों तक चला। ग्रुप-2 का फाइनल मुकाबला रविवार को उत्तराखंड एवं पांडिचेरी के बीच खेला गया। फाइनल भिड़ंत में मैच के 7वें मिनट में उत्तराखंड की भगवती चौहान ने अपनी टीम के लिए पहला गोल दागा। मैच के 38वें, 55वें और 60वें मिनट में उत्तराखंड की अंजली ने लगातार 3 गोल कर अपनी हैट्रीक पूरी की। इसी के साथ उत्तराखंड ने 4-0 के साथ शानदार जीत दर्ज की। मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर नेशनल खिलाड़ी जतिन बिष्ट रहे। इस मौके पर नृपेन हलदर, रिपुनाथ गगोई, होपेन, मुरमु, मुरली मनोहर समेत कई लोग मौजूद रहे।



# रिंकू सिंह ने गुजरात के जबड़े से छीनी जीत, आखिरी ओवर में लगाए पांच छक्के, कोलकाता को मिली रोमांचक जीत

## लगातार 5 छक्के मारकर रिंकू सिंह ने केकेआर को जिताया, दो-दो 'हैट्रिक' के बावजूद हारा गुजरात

**अहमदाबाद।** आखिरी ओवर में रिंकू सिंह के लगातार पांच छक्कों के बूते कोलकाता नाइटराइडर्स ने एक सांस थाम देने वाले मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया। कार्यवाहक कप्तान राशिद खान ने 16वें ओवर में हैट्रिक लेकर मैच पलट दिया था, लेकिन आखिरी ओवर में पेसर यश दयाल जरूरी 29 रन नहीं बचा पाए। रिंकू सिंह ने 21 गेंद में ताबड़तोड़ 48 रन बनाए। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर स्ट्राइक मिलने के बाद रिंकू ने अगली पांचों गेंदों को हवाई यात्रा पर भेजा। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन और विजय शंकर के




अर्धशतकों के बूते 204/4 रन बनाए थे, लेकिन केकेआर ने आखिरी गेंद पर सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

***गुजरात की पहली हार, केकेआर की दूसरी जीत***

पहला मैच हारने के बाद यह केकेआर की लगातार दूसरी जीत है। आरसीबी के खिलाफ स्पिनर्स ने जीत दिलाई थी तो आज गुजरात के विरुद्ध बल्लेबाजों ने 205 रन का टारगेट हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर जीत के हीरो रहे, जिन्होंने महज 26 गेंदों में अर्धशतक बनाया, लेकिन 16वें ओवर में 39 गेंद में 83 रन बनाकर आउट हो गए। अंत में रिंकू सिंह ने असंभव जीत को संभव कर दिखाया।

***बेकार गई राशिद खान की हैट्रिक***

हार्दिक पंड्या की गैरहाजिरी में आज कप्तानी कर रहे राशिद खान ने खुद का एक ओवर आंद्रे रसेल के लिए बचाकर रखा था। 16वें ओवर की पहली ही बॉल पर उन्होंने सिर्फ 1 रन पर रसेल को चलता किया। बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर गेंद पैड्स पर लगी और हवा में गई, जिसे लपकते ही विकेटकीपर केएस भरत ने अपील की। रिव्यू लेकर पहला विकेट मिला। अगली गेंद पर सुनील नरेन बिना खाता खोले चलते बने। लेग साइड पर बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में मिस टाइम हुआ, जिसे फील्डर ने लपक लिया। हैट्रिक बॉल पर आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज शार्दुल ठाकुर थे। गुड लेंथ पर टप्पा खाकर टर्न होती हुई अंदर की ओर आई गेंद सीधा पैड्स पर लगी जोरदार अपील पर अंपायर ने अंगुली खड़ी कर दी। केकेआर का रिव्यू बेकार गया। यह 16वें सीजन की पहली हैट्रिक थी, जिसने जीत के मुहाने से केकेआर को हार की ओर धकेला।

***विजय शंकर के हैट्रिक छक्के भी बेकार***

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाए। गुजरात ने आखिरी दो ओवरों में 45 रन बटोरे, जिसमें शंकर ने 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन के खिलाफ दो चौके और दो छक्के जबकि 20वें ओवर में शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार तीन छक्के लगाए। शंकर ने अपनी नाबाद पारी में चार चौके और पांच छक्के उड़ाए। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने 38 गेंद में 53 जबकि शुभमन गिल ने 31 गेंद में 39 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। सुनील नरेन केकेआर के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिए। सुयश शर्मा (चार ओवर में 35 रन) को एक सफलता मिली।

## एर्लिंग हैलेंड के दो गोल से मैनचेस्टर सिटी जीता, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर




**मैनचेस्टर।** एर्लिंग हैलेंड के दो गोल से मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूनार्मेंट में साउथम्पटन के खिलाफ 4-1 की आसान जीत दर्ज की। सिटी के साथ पहले सत्र में खेल रहे हैलेंड के इन दो गोल के साथ मौजूदा सत्र में 30 गोल हो गए हैं। टीम की ओर से दो अन्य गोल जैक ग्रीलिश और जूलियन अल्वारेज ने दागे। साउथम्पटन की ओर से एकमात्र गोल सेकोउ मारा ने किया। इस जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी ने खिताब की दौड़ में आर्सेनल पर दबाव बनाए रखा है। आर्सेनल ने हालांकि अंक तालिका के शीर्ष पर पांच अंक की बढ़त बना रखी है। आर्सेनल ने 29 मैच में 72 अंक हैं जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 67 अंक हैं। आर्सेनल और सिटी के बाद शीर्ष चार में शामिल होने वाली दो टीम को लेकर भी जंग तेज हो गई है। शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में न्यूकासल, मैनचेस्टर यूनाईटेड और टोटेनहैम शामिल हैं। न्यूकासल ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए डेविड राया के आत्मघाती गोल से 2-1 से जीत दर्ज की। न्यूकासल की ओर से एक अन्य गोल एलेक्सांद्र इसाक ने किया। मैनचेस्टर यूनाईटेड ने एवर्टन को 2-0 से हराया जबकि टोटेनहैम ने ब्राइटन को 2-1 से शिकस्त दी। तीसरे स्थान पर चल रहे न्यूकासल और मैनचेस्टर यूनाईटेड के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण न्यूकासल की टीम आगे है। टोटेनहैम के इन दोनों टीम ने तीन अंक कम है और वह पांचवें स्थान पर है।

# दिल्ली कैपिटल्स की हार के बाद खराब स्ट्राइक के लिये डेविड वार्नर की कड़ी आलोचना

## डेविड वॉर्नर पर भड़के सहवाग और गावस्कर, जानें वजह

**गुवाहाटी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और रोहन गावस्कर ने शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की हार के बाद खराब स्ट्राइक के लिये डेविड वार्नर की कड़ी आलोचना की है। राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में वॉर्नर की टीम 142 रन ही बना सकी। वार्नर ने राजस्थान के खिलाफ 55 गेंद पर 65 रन की धीमी पारी खेली, जिससे सहवाग और गावस्कर खफा नजर आये।



सहवाग ने क्रिकबज के एक कार्यक्रम में कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि हम वॉर्नर को अंग्रेजी में बताएं ताकि वह इसे सुन सकें और आहत महसूस करें। डेविड, अगर आप सुन रहे हैं, तो कृपया अच्छा खेलें और 25 गेंद में 50 रन बनाएं। (यशस्वी) जायसवाल से सीखें, उन्होंने 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अगर आप ऐसा नहीं कर सकते तो आईपीएल मत खेलिये।₹ उन्होंने कहा, ₹टीम के लिये बेहतर होता अगर डेविड वार्नर 55-60 रन बनाने के बजाय 30 रन पर आउट हो जाते। रोवमैन पॉवेल और अभिषेक पोरेल जैसे खिलाड़ी बहुत पहले आ सकते थे और शायद कुछ कर सकते थे। उन खिलाड़ियों के लिये गेंदें ही नहीं बचीं जो वे टीम के लिये कुछ कर सकते।" गावस्कर ने भी दिल्ली के कप्तान की आलोचना की और कहा कि वॉर्नर को इस हार की जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। गावस्कर ने कहा, ॠअगर आप आठ गेंद पर आठ रन बनाकर आउट हो जाते हैं, तो कोई कह सकता है कि ठीक है वह लय हासिल नहीं कर सके। लेकिन आप टीम के कप्तान हैं, आपके पास वह अनुभव है।

वह आईपीएल में सबसे तेज 6000 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं इसलिए आप कभी भी इन पारियों में ऐसे खेलने की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, डेविड वार्नर अगर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान नहीं होते तो आईपीएल से बाहर हो चुके होते। अगर कोई भारतीय युवा इस तरह की पारी खेलता तो उसका टूनार्मेंट खत्म हो जाता। यह उनका आखिरी मैच होता। वार्नर को इस हार की जिम्मेदारी लेनी चाहिये।


## रवि शास्त्री ने की एमएस धोनी की सराहना, कहा- 'कैप्टन कूल' ने स्पिनरों का सही इस्तेमाल किया



*चेन्नई सुपरकिंग्स के लिये खेल चुके हरभजन सिंह ने गावस्कर की बात से सहमति जताते हुए कहा, रवींद्र जडेजा सही मायने में सुपरहीरो हैं।*


**मुंबई।** भारत के पूर्व कोच और कमेंटेटर रवि शास्त्री ने मुंबई इंडियन्स पर चेन्नई सुपर किंग्स की जीत के बाद महेंद्र सिंह धोनी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पिच का अच्छी तरह आकलन कर स्पिनरों का उपयुक्त प्रयोग किया। शास्त्री ने आईपीएल के आधिकारिक टीवी प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, "धोनी ने मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजों के खिलाफ (मिचेल) सैंटनर और (रवींद्र) जडेजा का बेहतरीन इस्तेमाल किया। उन्हें पता था कि ऐसी पिचों पर ये दोनों पासा पलट सकते हैं और इसलिए उन्होंने उन पर अधिक विश्वास दिखाया। चेन्नई ने टॉस जीतकर मुंबई को बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया और मेजबान टीम ने वानखेड़े स्टेडियम पर अपना पहला मैच खेलते हुए जोरदार शुरूआत की। मुंबई ने रोहित शर्मा का विकेट गंवाने के बावजूद पावरप्ले में 61 रन जोड़ लिये, जिसके बाद कप्तान धोनी ने गेंद स्पिनरों को सौंप दी। जडेजा-सैंटनर की जोड़ी धोनी की उम्मीदों पर खरी उतरी और आठ ओवर में 48 रन देकर कुल पांच विकेट लेते हुए मुंबई को 20 ओवर में 157 रन पर रोक दिया। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा, ₹अपने कप्तान की तरह जडेजा भी बिल्कुल निडर हैं। उन्हों ने (कैमरन) ग्रीन के कैच को असंभव से संभव बनाने जैसा था। आप इस खिलाड़ी की कितनी भी तारीफ करें वह कम है। चेन्नई सुपरकिंग्स के लिये खेल चुके हरभजन सिंह ने गावस्कर की बात से सहमति जताते हुए कहा, ₹रवींद्र जडेजा सही मायने में सुपरहीरो हैं। वह गेंद या बल्ले से कभी भी मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर सकते हैं।₹ चेन्नई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवन कॉनवे का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया, लेकिन मुंबई से आने वाले अजिंक्या रहाणे ने चेन्नई के लिये पदार्पण करते हुए 27 गेंद पर 61 रन की पारी खेल डाली। रहाणे ने इस पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये और चेन्नई को मजबूत स्कोर पर पहुंचाकर मुंबई की हार लगभग सुनिश्चित कर दी। हरभजन ने रहाणे की तारीफ करते हुए कहा, ₹रहाणे की इस पारी की सराहना करने के लिये शब्द नहीं हैं। यह पारी सालों तक याद की जायेगी क्योंकि रहाणे ने अपनी असली क्षमता का प्रदर्शन किया है। हम सब उनके बल्लेबाजी के अंदाज को भूल गये थे, लेकिन उन्होंने हमें अपनी क्षमता याद दिला दी है।

# प्रियांशु राजावत ने जीता पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 खिताब, थॉमस कप का रह चुके हैं हिस्सा



**ओरलियंस।** भारत के प्रियांशु राजावत ने रविवार को यहां रोमांचक फाइनल में डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को तीन गेम में हराकर ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। थॉमस कप 2022 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मध्य प्रदेश के 21 साल के प्रियांशु ने दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी योहानसन को 68 मिनट में 21-15 19-21 21-16 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। क्वालीफायर से फाइनल तक का सफर तय करने वाले दोनों खिलाड़ियों ने फाइनल में शानदार खेल दिखाया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण मौकों पर अंक जुटाकर अपना पहला विश्व टूर सुपर 300 खिताब जीता।

## सीएसके की बढ़ी टेंशन, हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे दीपक चाहर...बेन स्टोक्स के खेलने पर भी संदेह



**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज दीपक चाहर हैमस्ट्रिंग की संभावित चोट के कारण एक बार फिर क्रिकेट से कुछ समय के लिए दूर हो गये हैं। फ्रेंचाइजी ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि चाहर को जहां हैमस्ट्रिंग में चोट आई है, वहीं अनुभवी हरफनमौला बेन स्टोक्स के पांव का अंगूठा चोटग्रस्त हो गया है। गौरतलब है कि मुंबई इंडियन्स के विरुद्ध शनिवार के मुकाबले के पहले ओवर में गेंदबाजी करते हुए चाहर को हैमस्ट्रिंग में तकलीफ महसूस हुई। टीम के फिज़ियो से कुछ देर बातचीत के बाद चाहर ओवर की आखिरी गेंद फेंककर मैदान से बाहर चले गये। फ्रेंचाइजी ने बताया कि चाहर की चोट की गंभीरता चेन्नई लौटकर स्कैन करवाने के बाद पता चलेगी। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह चोट चाहर को एक बार फिर लंबे समय के लिये क्रिकेट से दूर कर सकती है। चेन्नई ने चाहर को 14 करोड़ रुपये की कीमत पर स्क्वाड में शामिल किया था। वह कमर की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में भी नहीं खेल सके थे। इसी बीच, क्रिकबज ने बताया कि स्टोक्स करीब एक सप्ताह के लिये आईपीएल से बाहर हुए हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान मुंबई इंडियन्स के विरुद्ध खेलने नहीं उतरे थे। रिपोर्ट के अनुसार वह राजस्थान रॉयल्स (12 अप्रैल) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (17 अप्रैल) के विरुद्ध होने वाले मुकाबलों में भी नहीं खेल सकेंगे। फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा, चेन्नई सुपर किंग्स का मेडिकल स्टाफ दोनों खिलाड़ियों पर कड़ी नजर रख रहा है और उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिये हर जरूरी मदद मुहैया कराएगा।₹ स्टोक्स के हमवतन मोईन अली भी भोजन विषाक्तता के कारण शनिवार का मुकाबला नहीं खेल सके थे, लेकिन चेन्नई के आगामी मुकाबलों के लिये वह उपलब्ध रहेंगे।

# आरसीबी के लिए फाफ डू प्लेसी झोंकेगे ताकत या केएल राहुल लगाएंगे एलएसजी का बेड़ा पार? दोनों टीमों के बीच मुकाबला आज



**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे बल्लेबाजों से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से अधिक अनुशासन की उम्मीद होगी। आरसीबी की टीम पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 81 रन की करारी हार के बाद इस मुकाबले में उतर रही है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर टिकी होंगी। अभी टूनार्मेंट अपने शुरूआती चरण में है लेकिन आसीबी के लिए डेथ ओवरों की गेंदबाजी चिंता का सबब बन गई है। नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी ने 12वें ओवर में विरोधी टीम का स्कोर पांच विकेट पर 89 रन कर दिया था लेकिन इसके बावजूद नितीश राणा की अगुआई वाली टीम सात विकेट पर 204 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी आरसीबी ने अंतिम पांच ओवर में 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन दर से रन दिए। नई गेंद से प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज और डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल ने अंतिम ओवरों में काफी रन लुटाए है। राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े हुए वानिंदु हसरंगा और एड़ी की चोट से उबर रहे जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी ने आरसीबी की समस्या बढ़ा दी है। इन दोनों के हालांकि इस हफ्ते टीम से जुड़ने की उम्मीद है लेकिन तब तक रीस टॉप्ली के विकल्प के रूप में टीम में शामिल वेन पार्नेल को जिम्मेदारी निभानी होगी। आरसीबी की बल्लेबाजी में गहराई है। मुंबई के खिलाफ विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी की सलामी जोड़ी ने टीम की जीत का मंच तैयार किया लेकिन नाइट राइडर्स के खिलाफ पूरा बल्लेबाजी क्रम फिरकी के जादू में उलझ गया। लखनऊ के स्पिनर आरसीबी की परेशानी बढ़ा सकते हैं जिन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को पांच विकेट की जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई अब तक छह विकेट चटका चुके हैं जबकि अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा और कृणाल पांड्या ने भी प्रभाव जोड़ा है। संयुक्त रूप से टूनार्मेंट के अब तक के सबसे सफल गेंदबाज मार्क वुड फ्लू के कारण और आवेश खान चोटिल होने के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे और अब देखना होगा कि आरसीबी के खिलाफ ये दोनों तेज गेंदबाज उपलब्ध होते हैं या नहीं। अब तक दो मैच जीतने और एक मैच हारने वाली लखनऊ की टीम को अपने बल्लेबाजों से प्रदर्शन में अधिक निरंतरता की उम्मीद होगी। काइल मायर्स ने शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन कप्तान लोकेश राहुल और ऑल राउंडर मार्कस स्टोइनिस की फॉर्म चिंता का विषय है।

***टीम इस प्रकार हैं:***

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** लोकेश राहुल (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, कृणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन, नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई और मयंक यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** फाफ डू प्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, दिनेश कार्तिक, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, वेन पार्नेल, हिमांशु शर्मा, मनोज भांडगे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव और माइकल ब्रेसवेल। समयः मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# विज्ञापनदाताओं ने टीवी छोड़ डिजिटल की ओर किया रूख, प्रायोजकों की संख्या भी घटी




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सीजन में इस बार नये ट्रेंड के तहत विज्ञापनदाताओं ने टेलीविजन (टीवी) को छोड़ डिजिटल की ओर रुख कर रहे हैं। आज यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च कॉउंसिल (बार्क इंडिया) की टीवी रेटिंग में जहां पिछले वर्ष पहले मैच में करीब 52 एडवरटाइजर्स ने टीवी पर विज्ञापन दिए थे। वहीं इस वर्ष मात्र 31 विज्ञापनदाता ही नजर आए। यानी 40 फीसदी विज्ञापनदाताओं ने टीवी ब्रॉडकास्टिंग से मुंह मोड़ लिया है। पिछले आईपीएल सीजन में टीवी पर विज्ञापन देने वालों की संख्या करीब 100 थी। इस बार टीवी पर 100 एडवरटाइजर्स का आंकड़ा छू पाएगा यह बेहद मुश्किल लग रहा है। टीवी पर प्रायोजकों की संख्या में भी कमी आई है, पिछले वर्ष 16 प्रायोजक थे जो इस बार घटकर 12 रह गए। इनमें से एक प्रायोजक तीसरे मैच से जुड़ा है। रिलायंस से जुड़ी कंपनियां विज्ञापनदाताओं की लिस्ट से पूरी तरह गायब हैं। वजह है रिलायंस समूह की कंपनी वायकॉम-18, जिसे आईपीएल के डिजिटल ब्राडकॉस्टिंग राइट्स मिले हैं। टीवी का साथ छोड़ने वाले अन्य बड़े विज्ञापनदाताओं में बायजूस, क्रेड, मुथूट, नेटमेड्स, स्विगी, फ्लिपकार्ट, फोन पे, मीशो, सैमसंग, वनप्लस, वेदांतु, स्पॉटिफाई और हैवेल्स शामिल हैं। स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क भारत में टीवी पर आईपीएल के मैचों का सीधा प्रसारण कर रहा है। टीवी एड रेवेन्यू के बड़े हिस्से पर डिजिटल ने कब्जा कर लिया है। 125 से अधिक विज्ञापनदाताओं ने टीवी की अनेदखी कर, डिजिटल एडवरटाइजिंग के लिए वायकॉम-18 से समझौते किए हैं। उनमें में अमेजन, फोनपे, सैमसंग, जियोमार्ट, यूबी, टीवीएस, कैस्ट्रोल, ईटी मनी, प्यूमा, आजियो जैसी कंपनियां शामिल हैं। टीवी पर एडवरटाइजर कम हो रही हैं, जाहिर है इसका सीधा असर टीवी ब्रॉडकास्टर के रेवेन्यू पर भी पड़ेगा। आईपीएल के रेवेन्यू के पूरे आंकड़े आने में अभी वक्त है, आईपीएल जैसे जैसे आगे बढ़ेगा तस्वीर और साफ होती जाएगी। भारत में वायकॉम-18 आईपीएल 2023 के मैचों को जियो सिनेमा ऐप पर लाइव स्ट्रीम कर रहा है। वायकॉम-18 ने भारत में मैचों के डिजिटल लाइव स्ट्रीम के अधिकार हासिल किए थे। जियो सब्सक्राइबर के साथ सभी टेलीकॉम प्रोवाइडर्स के यूजर्स मुफ्त में जियो सिनेमा ऐप में लॉग इन कर आईपीएल मैचों का लुत्फ उठा सकते हैं।

# 'कुछ लोग आईआईटी से डिग्री लेने के बाद भी अशिक्षित रह जाते हैं, यह बात साबित हो गई'

## पीएम की डिग्री पर सवाल उठाने के बाद दिल्ली एलजी का केजरीवाल पर तंज

**नई दिल्ली।** राजनिवास व दिल्ली सचिवालय के बीच एक बार फिर शब्दों के तीखें बाण चले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर उठाए गए सवाल पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा है कि कभी भी किसी को अपनी डिग्री पर गुमान नहीं होना चाहिए, क्योंकि डिग्रियां तो पढ़ाई के खर्च की रसीदें होती हैं। शिक्षा वही है, जो आपका ज्ञान और आपका व्यवहार दशार्ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि यह बात साबित हो गई है कि कुछ लोग आईआईटी से डिग्री लेने के बाद भी अशिक्षित रह जाते हैं। दिल्ली सरकार हर दिन प्रधानमंत्री की डिग्री को लेकर सवाल उठा रही है। कभी जेल में बंद मनीष सिसोदिया पत्र



लिखकर सवाल उठाते हैं तो कभी राज्यसभा सांसद संजय सिंह व राघव चड्ढा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी प्रधानमंत्री की डिग्री को लेकर सवाल उठाते रहते हैं। इस पर ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जवाब देकर रविवार को करारा हमला किया है और स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आईआईटी की डिग्री लेने वाले ही अशिक्षित रह जाते हैं।

उधर, प्रधानमंत्री के डिग्री को लेकर एक वीडियो भी भाजपा ने जारी किया है। जिसमें समाज के सभी तबके के लोग कार्टून कैरेक्टर में यह बोलते दिख रहे हैं कि डिग्री पर सवाल उठाने वाले ही असल में अनपढ़ हैं। इस वीडियो में मुख्यमंत्री का कार्टून कैरेक्टर को अनपढ़ प्रधानमंत्री वाला पोस्टर चिपकाते दिखाया गया है। फिर दूसरे कैरेक्टर डॉक्टर, अर्थशास्त्री, मंदिर का पुजारी यह कहता दिख रहा है कि कोरोना काल में वैक्सीन का इंतजाम कर जान बचाने वाला, फाइव ट्रिलियन इकॉनमी का लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर अर्थव्यवस्था देने वाला, रक्षा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने वाले पीएम को अनपढ़ बताने वाला असल में वो अनपढ़ है, 500 साल के इंतजार के बाद राम मंदिर बनवाने वाले के भावना को नहीं समझने वाला अनपढ़ है। प्रधानमंत्री के हर दिन दो कॉलेज खोलने वाले पर सवाल उठाने वाला असल में वह अनपढ़ है। दलितों के निस्वार्थ भाव से पैर धोने वाले पर राजनीति करने वाला अनपढ़ है। सभी कार्टून कैरेक्टरों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कटघरे में खड़ा करते हुए दिखाया गया है। वीडियो के अंत में दिखाया गया है कि अब आप ही सोचिए अनपढ़ कौन है।

### सेना ने पुंछ में एलओसी के पास पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया दो अन्य की तलाश जारी

**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए सेना के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। एक सैन्य प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि शाहपुर सेक्टर में तड़के करीब सवा दो बजे तीन संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की कोशिश उस वक्त नाकाम कर दी गई, जब एलओसी पर पहरा दे रहे सेना के जवानों ने घुसपैठियों को भारतीय सीमा में दाखिल होने का प्रयास करते हुए देखा और उन पर गोलीबारी की। जम्मू में सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया कि सैनिकों ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को पुंछ में नियंत्रण रेखा पर सीमा बाड़ के पास घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी। लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद के मुताबिक, अभियान के दौरान (गोलीबारी वाले स्थान पर) एक शव पाया गया और अन्य घुसपैठिये जंगल में भाग गए। इलाके को घेराबंदी कर दी गई है और (घुसपैठियों को गिरफ्तार करने के लिए) तलाश अभियान जारी है।

## डीपनेक व्हाइट टॉप और ब्लैक लॉन्ग स्कर्ट में खूबसूरत दिखीं रकुल प्रीत



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपने फैशन स्टाइल को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहती हैं। एक बार फिर एक्ट्रेस का ग्लैमरस अवतार देखने को मिला है। रकुल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ शेयर की है, जिसमें एक्ट्रेस बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। इन तस्वीरों में रकुल प्रीत सिंह को व्हाइट डीपनेक टॉप और ब्लैक लॉन्ग स्कर्ट पहने देखा जा सकता है, जो उनके ऊपर काफी जच रहा है। रकुल ने गले में नेकलेस, ग्लोसी मेकअप और बालों में बन बनाकर लुक को कंपलीट किया है। तस्वीरों में रकुल प्रीत सिंह कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट पोज देती नजर आ रही हैं। रकुल का ये ग्लैमरस अंदाज इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। रकुल की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कोई एक्ट्रेस के लुक की तारीफ कर रहा है, तो कोई उनके लुक्स की।

## खास खबर

### बीएन चंद्रप्पा कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से महज चंद दिनों पहले कांग्रेस ने रविवार को बी एन चंद्रप्पा को अपनी प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चंद्रप्पा को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अगुवा डी के शिवकुमार हैं। चंद्रप्पा की नियुक्ति आर ध्रुवनारायण के स्थान पर की गई है, जिनका पिछले महीने निधन हो गया था। कांग्रेस कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए अब तक 142 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। कांग्रेस कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से सत्ता हथियाने की जी-तोड़ कोशिश कर रही है। दक्षिण भारत में कर्नाटक एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां भाजपा सत्ता में है। कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को चुनाव होंगे।

### जोजिला सुरंग 2026 तक बनकर हो जाएगी तैयार, जोड़ेगी कश्मीर घाटी को लद्दाख क्षेत्र

**जोजिला।** कश्मीर घाटी को लद्दाख क्षेत्र से जोड़ने वाली सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जोजिला सुरंग के निर्माण का काम पूरी गति से चल रहा है और लगभग 40 प्रतिशत खुदाई का काम पूरा हो चुका है। निर्माण कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही कंपनी ने उम्मीद जताई है कि यह परियोजना दिसंबर, 2026 तक पूरी हो जाएगी। श्रीनगर-करगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर 11,578 फुट की ऊंचाई पर जोजिला दर्रे में निर्माणाधीन यह सुरंग परियोजना सामरिक महत्व रखती है क्योंकि सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण राजमार्ग बंद हो जाता है जिससे लद्दाख क्षेत्र का कश्मीर घाटी से संपर्क टूट जाता है। जोजिला सुरंग कश्मीर के गांदेरबल जिले में बालटाल को लद्दाख में करगिल जिले के द्रास कस्बे में मिनीमार्ग को जोड़ेगी।

# बर्फ से ढका हेमकुंड गुरुद्वारा

## सरोवर भी बर्फ में हुआ तब्दील



**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा करीब 12 फीट बर्फ के आगोश में है। यहां लक्ष्मण मंदिर भी आधे से ज्यादा ढका है। 20 मई से हेमकुंड साहिब की तीर्थयात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रा से पहले हेमकुंड साहिब प्रबंधन के सामने आस्था पथ से बर्फ हटाने की चुनौती रहेगी। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड सहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि 20 अप्रैल से आस्था पथ से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। बर्फबारी के बाद इस साल हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे की पहली तस्वीर सामने आई है। हेमकुंड साहिब पहुंचकर सेना के जवानों के द्वारा बर्फ की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही आस्था पथ का निरीक्षण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष बिंद्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष यात्रा मार्ग से लेकर हेमकुंड साहिब तक बर्फ हटाने का काम भारतीय सेना द्वारा किया जाता है। 418 इंडिपेंडेंट कोर के ब्रिगेडियर अमन आनंद, ऑफिसर कमांडर सुनील यादव की देखरेख में कैप्टन मानिक शर्मा, सुबेदार मेजर नेकचंद और हवलदार हरसेवक सिंह ने यात्रा मार्ग व बर्फ की स्थिति का जायजा लिया।

यात्रा मार्ग पर अटलाकोटी ग्लेशियर में 10 फीट के करीब बर्फ जमी हुई है। हेमकुंड साहिब में आठ से 12 फीट तक बर्फ जमी है। हेमकुंड सरोवर भी पूरी तरह से बर्फ से ढका हुआ है। गोविंदघाट गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने भी यात्रा के प्रमुख पड़ाव घांघरिया पहुंचकर गुरुद्वारे का निरीक्षण किया। यहां 15 अप्रैल से ट्रस्ट के सेवादारों के लिए लंगर की व्यवस्था शुरू की जाएगी। घांघरिया में सेना के जवानों के ठहरने और खाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

### राष्ट्रपति मुर्मू का सुखोई में उड़ान भरना प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करने वाला : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरने को लेकर उनकी सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बार-बार असाधारण नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को असम के तेजपुर वायुसेना अड्डे से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। मुर्मू की इस लड़ाकू विमान में यह पहली उड़ान थी। सुखोई में उड़ान भरने से जुड़ा राष्ट्रपति का ट्वीट साझा करते हुए मोदी ने कहा, इसने हर भारतीय को प्रेरित किया है। राष्ट्रपति जी ने बार-बार असाधारण नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। वहीं, योग महोत्सव के संपन्न होने से जुड़ा एक ट्वीट टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2023 के लिए 75 दिनों से कम समय बाकी है और वह लोगों से इसे बड़े उत्साह के साथ मनाने और नियमित रूप से योग का अभ्यास करने का आग्रह करेंगे। शनिवार को अपने तमिलनाडु दौरे पर एक ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जैसा कि मैंने कल अपने भाषण में कहा था - मुझे तमिल भाषा, तमिल संस्कृति और चेन्नई की जीवंतता से प्रेम है।

# कुंडा विधायक लेंगे तलाक

## यूपी के राजा भैया का पत्नी भानवी से होगा तलाक? दिल्ली के साकेत कोर्ट में आज होगी सुनवाई




**प्रतापगढ़** (यूपी)। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और उनकी पत्नी पूर्व राज्यमंत्री स्वाति सिंह के तलाक के बाद अब जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष एवं कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी कुमारी के बीच तलाक की चचाएं शुरू हो गई हैं। राजा भैया ने अपनी पत्नी से तलाक के लिए दिल्ली साकेत कोर्ट में अर्जी लगा दी है। राजा भैया की अर्जी पर आज यानी सोमवार 10 अप्रैल को फैमिली कोर्ट में सुनवाई होगी। बता दें, राजा भैया और भानवी सिंह की शादी साल 1995 में हुई थी और भानवी बस्ती के राजघराने की रहने वाली हैं।

28 साल के वैवाहिक जीवन में राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी सिंह के बीच रिश्ते इतने तल्ख हो गए कि दोनों ने अपनी-अपनी राहें अलग करने का फैसला ले लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजा भैया ने भानवी सिंह से अलग होने के लिए दिल्ली स्थित साकेत फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी भी दाखिल कर दी है। इस अर्जी पर सोमवार 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। ऐसा बताया जा रहा है कि भानवी सिंह को भेजा गया तलाक का नोटिस सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खबर के मुताबिक, राजा भैया और उनकी भानवी सिंह के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। हाला ही में दोनों के बीच संपत्ति विवाद भी सामने आया था। इस मामले में भानवी सिंह ने राजा भैया के मौसेरे भाई अक्षय प्रताप सिंह के खिलाफ दिल्ली में मुकदमा भी दर्ज कराया था। इसके अलावा भी राजा भैया और उनकी पत्नी के बीच कई अन्य तरह के विवाद भी सामने आए हैं।

बता दें कि हाल में ही भानवी कुमारी द्वारा राजा भैया के करीबी अक्षय प्रताप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर कराने पर पति और पत्नी के बीच अनबन होने का मामला पहली बार सामने आया था। अब राजा भैया द्वारा कोर्ट में तलाक लेने की अर्जी देने की चर्चा जोरों पर है। यह भी कहा जा रहा है कि राजा भैया द्वारा कोर्ट में दाखिल तलाक की अर्जी में पत्नी भानवी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

राजा द्वारा अर्जी में पत्नी के खिलाफ परिजनों को अपमानित करने और बच्चों की परवरिश में उदासीनता बरतने जैसे कई आरोप लगाए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि इस संबंध में कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है। बता दें कि राजा भैया का विवाह करीब 27 साल पहले हुआ था। उनके चार बच्चे हैं।जिनमें दो बड़ी बेटियां और दो जुड़वां लड़के हैं। *एजेंसी*

# बोनी कपूर पड़े मुश्किल में

## चुनाव आयोग ने फिल्म निर्माता के 39 लाख रुपए के बर्तन जब्त किए



बेंगलुरु। फिल्ममेकर बोनी कपूर एक बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं। दरअसल, बोनी कपूर के नाम से रजिस्टर्ड बीएमडब्लू कार से कर्नाटक में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने चांदी के बर्तन जब्त किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बर्तनों को 5 डिब्बों में बिना उचित दस्तावेज के बीएमडब्ल्यू कार से चेन्नई से मुंबई लाए जा रहे थे। कर्नाटक में 10 मई को चुनाव होने हैं।

शुक्रवार को चुनाव आयोग ने एक गाड़ी से 66 किलो के चांदी के बर्तन जब्त किए। इनकी कीमत करीब 39 लाख रुपये है। इन बर्तनों को 5 डब्बों में एक इटह कार से चेन्नई से मुंबई ले जाया जा रहा था। इनका कोई उचित दस्तावेज मौजूद नहीं था। गाड़ी में ड्राइवर के अलावा एक हरि सिंह नाम का एक शख्स मौजूद था। हरि सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, जब्त किए गए बर्तनों में चांदी की कटोरियां, चम्मच, पानी के मग और प्लेट मौजूद हैं। पूछताछ के दौरान हरि सिंह ने कबूल किया कि ये बर्तन बोनी कपूर के हैं। जांच अधिकारियों ने उचित दस्तावेज न होने के कारण इसे जब्त किया है। मामले में बोनी कपूर से भी पूछताछ हो सकती है। फिलहाल बोनी या उनकी टीम की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं आया है।

बोनी बॉलीवुड के जानेमाने फिल्म निमार्ता हैं। उन्होंने अपने करियर में हम पांच, वो सात दिन, रूप की रानी चोरों का राजा, 'हमारा दिल आपके पास है, कोई मेरे दिल से पूछे, बेवफा, नो एंट्री, वांटेड और तेवर जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाई हैं। हाल ही में वह लव रंजन की फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में अभिनय करते भी दिखे थे। बोनी जाह्नवी कपूर और अर्जुन कपूर के पिता हैं।

# तमिल में परीक्षा कराने की उठी मांग

## सीआरपीएफ भर्ती परीक्षा में तमिल को शामिल करें : सीएम स्टालिन ने अमित शाह को लिखा पत्र

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सीआरपीएफ भर्ती घोषणा पर हस्तक्षेप करने की मांग की है। एम.के. स्टालिन ने अपने पत्र में लिखा, सीआरपीएफ ने घोषणा की है कि 9,212 रिक्तियों में से 579 रिक्तियां तमिलनाडु में भरी जाएंगी। लेकिन तमिलनाडु से जिसने भी इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है वह अपनी मातृभाषा में यह परीक्षा नहीं लिख सकता है। कुल 100 अंकों में से 25 अंक बुनियादी हिंदी समझ के लिए आवंटित किए गए हैं जिससे केवल हिंदी भाषियों को लाभ होगा। यह पूरी तरह से तमिलनाडु के आवेदकों की सद्भावना के खिलाफ है। यह मनमानी और भेदभाव है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की भर्ती के लिए कंप्यूटर परीक्षा में तमिल को शामिल नहीं किये जाने का विरोध



करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है।

स्टालिन ने कहा है कि केवल अंग्रेजी एवं हिंदी को अनिवार्य करने संबंधी अधिसूचना भेदभावपूर्ण एवं एकतरफा है। रविवार को यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार सीआरपीएफ की 9,212 रिक्तियों में से 579 तमिलनाडु से भरी जानी है जिसके लिए 12 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होनी है। मुख्यमंत्री ने पत्र में शाह से कहा है कि केंद्र की यह अधिसूचना कि परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी दी जा सकती है, तमिलनाडु के अभ्यर्थियों को अपने ही गृहराज्य में अपनी मातृभाषा में परीक्षा देने में असमर्थ बनाती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 100 अंक में से 25 हिंदी में मूलभूत बोध के लिए निर्धारित किये गए हैं जिससे केवल हिंदी भाषी उम्मीदवारों को ही फायदा होगा। विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने शाह से कहा, सरल शब्दों में, सीआरपीएफ अधिसूचना तमिलनाडु से आवेदन कर रहे अभ्यर्थियों के हितों के विरुद्ध है। यह न केवल एकतरफा है बल्कि भेदभावपूर्ण भी है। स्टालिन ने कहा कि इससे अभ्यर्थियों के सरकारी नौकरी हासिल करने में बाधा आएगी। उन्होंने कहा कि यह अधिसूचना अभ्यर्थियों के संवैधानिक अधिकार के विरूद्ध है। उन्होंने शाह से परीक्षा प्रक्रिया में तमिल समेत क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल कर-के गैर हिंदी भाषी युवाओं को परीक्षा दे पाने में सक्षम बनाने हेतु तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

# राष्ट्रगान का किया अपमान

## कोलकाता में हाथ में सिगरेट पकड़कर राष्ट्रगान का मजाक उड़ाते दिखीं लड़कियां, शिकायत दर्ज, एफबी अकाउंट डिलीट



**कोलकाता।** राष्ट्रगान का मजाक उड़ाते हुए फेसबुक पर एक वीडियो अपलोड करने के आरोप में 2 लड़कियों के खिलाफ पश्चिम बंगाल में शिकायत दर्ज कराई गई है। वीडियो में दोनों बैठकर गलत बोल के साथ राष्ट्र गान गातीं और हाथ में सिगरेट पकड़कर हंसती दिख रही हैं। बकौल रिपोर्ट्स, संबंधित फेसबुक अकाउंट डिलीट कर दिया गया है।

फेसबुक पर राष्ट्रगान का मजाक उड़ाते हुए वीडियो अपलोड करने वाली दो लड़कियों के खिलाफ पश्चिम बंगाल में पुलिस शिकायत की गई है। वकील आतरयी हलदर ने लालबाजार साइबर सेल और बैरकपुर कमिश्नर कार्यालय में शिकायत की है। हालांकि वीडियो अब फेसबुक अकाउंट पर उपलब्ध नहीं है। कथित तौर पर लड़कियों को बैठकर और धूम्रपान करते हुए गलत बोल का उपयोग करते हुए राष्ट्रगान गाते हुए दिखाया गया था। आत्रयी हलदर ने कहाः मैंने इन दोनों लड़कियों के खिलाफ भारत के राष्ट्रगान और भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के लिए साइबर क्राइम पुलिस थाने, बैरकपुर और साइबर क्राइम पुलिस थाने, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट, लालबाजार में शिकायतें दर्ज कराई हैं। इन लड़कियों ने भारत और सभी भारतीयों की भावनाओं को आहत किया है।

# पीएम मोदी की वंशवादी टिप्पणी को लेकर सिब्बल का पलटवार, कहा- सुविधा की राजनीति करती है बीजेपी

## प्रधानमंत्री राव पर कटाक्ष करते हुए कहते हैं भ्रष्टाचार और वंशवाद साथ-साथ चलते हैं

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तेलंगाना में वंशवाद संबंधी उनकी टिप्पणी को लेकर पलटवार करते हुए रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सुविधा की राजनीति करने का आरोप लगाया और पार्टी द्वारा पूर्व में विभिन्न राज्यों में वंशवादी राजनीतिक परिवारों के साथ गठबंधन करने के उदाहरण उल्लेखित किये। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर कटाक्ष किया और राज्य सरकार से विकास से संबंधित कार्यों में कोई बाधा नहीं आने देने का आग्रह किया। सिब्बल ने ट्वीट करते हुए कहा



प्रधानमंत्री राव पर कटाक्ष करते हुए कहते हैं भ्रष्टाचार और वंशवाद साथ-साथ चलते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पंजाब (अकालियों से), आंध्र प्रदेश (जगन से), हरियाणा (चौटाला परिवार से), जम्मू कश्मीर (मुफ्ती परिवार से) और महाराष्ट्र (ठाकरे परिवार से) में हाथ क्यों मिलाया, क्या भाजपा ने जब उनके साथ हाथ मिलाया था तब वे वंशवादी नहीं थे? पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसे सुविधा की राजनीति कहते हैं। एक अन्य ट्वीट में सिब्बल ने कहा, प्रधानमंत्रीः केसीआर पर तंज कसते हुए कहते हैं कि वंशवाद और भ्रष्टाचार साथ-साथ चलते हैं। भाजपा आप (आम आदमी पार्टी) पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाती है। वहां तो कोई वंशवाद नहीं है। भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के लिए वंशवाद की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, आप कहते हैं कि भाजपा वंशवादी नहीं है। क्या भाजपा भ्रष्ट है? मोदी ने तेलंगाना में कहा था कि उनकी सरकार ने वंशवादी ताकतों के भ्रष्टाचार की असली जड़ पर प्रहार किया है जो हर व्यवस्था पर अपना नियंत्रण रखना चाहती हैं। मोदी ने कहा, हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ना चाहिए या नहीं? हमें भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लड़ना चाहिए या नहीं? देश को भ्रष्टाचार से मुक्त कराना चाहिए या नहीं? क्या भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाने चाहिए, भले ही वे (भ्रष्टाचारी) बड़े हों या नहीं। क्या कानून को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ काम करने देना चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि इसलिए ये लोग परेशान है और वे गुस्से में सब कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार एक दूसरे से अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां परिवारवाद होता है वहीं भ्रष्टाचार पनपता है।

### सीडीएस अनिल चौहान पहुंचे हाशीमारा, अग्रिम क्षेत्रों का किया दौरा, गृहमंत्री आज अरुणाचल पहुंचेंगे

**नई दिल्ली।** भारत-चीन तनातनी के बीच, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस), जनरल अनिल चौहान ने अग्रिम क्षेत्र का दौरा किया। वे उत्तर बंगाल में वायु सेना स्टेशन हाशीमार पहुंचे और जीओसी, त्रिशक्ति कोर आगे के क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान सीडीएस ने बुनियादी ढांचे की प्रगति की समीक्षा की। क्षेत्र में विकास और परिचालन और रसद तैयारियों का जायजा लिया। सीडीएस ने दूरदराज के इलाकों में तैनात सैनिकों के साथ व्यापक बातचीत की और उनके उच्च मनोबल और पेशेवराना अंदाज की सराहना की। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि इसके बाद सीडीएस ने सुकना में त्रिशक्ति कोर के मुख्यालय का दौरा किया, जहां उन्हें सिक्किम में उत्तरी सीमाओं पर परिचालन स्थिति के बारे में जानकारी दी गई।



**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा (75) रविवार को सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हुड्डा रविवार को किसी समारोह में जा रहे थे, तभी हरियाणा के हिसार जिले में बरवाला के निकट एक नीलगाय उनकी एसयूवी से टकरा गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।**

# जिले में पानी नहीं, आंसू बहा रही है एक नदी

**यह है हाल**

लोहंदी नदी के अस्तित्व पर संकट

पानी जहरीला होने से कई जानवरों की हो चुकी है मौत

कभी सांसद फूलन देवी ने दिया था धरना, नाले में तब्दील हो गई नदी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले में लोगों को जीवन और उनकी दिनचर्या को गति देने वाली लोहंदी नदी प्रदूषण के चलते नाले में तब्दील हो गई हैं। सिटी विकास खण्ड के लौरिया गांव की बंधी से पानी लेकर करीब आठ किलोमीटर का सफर कर गंगा में समाहित होने वाला जल जहरीला हो गया है। बहते गंदे पानी का सेवन कर आधा दर्जन से अधिक गाय भैंस की मौत हो चुकी हैं। जिले की सांसद बनी दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने नदी को बचाने के लिए 1996 में नदी किनारे ग्यारह तख्वा के बगल में कुटी पर धरना दिया था।

उनका धरना प्रदर्शन नदी के संरक्षण में काम न आया। अधिकारियों के वादे के बावजूद नदी का पानी जहरीला बनता गया।

इसके पीछे एक कॉरपोरेट कम्पनी को ज़िम्मेदार बताया जा रहा है।

## नाले में तब्दील हो गई नदी

अदवा, भोगवा और हनुमान बंधा का पानी लौरिया बंधी में इकट्ठा होता था। जल संरक्षण के लिए बंधी पर पक्का निर्माण किया गया था। जो वक्त की मार से ध्वस्त होते गए। रख रखाव के नाम पर खर्च तो किया गया पर निर्माण कुछ नजर नही आता। इस बंधी से झरना के रूप में गिरने वाला जल गंगा में समाहित होने के लिए निकलता था। जो नकहरा गांव से होते हुए बथुआ मोहल्ले में पत्थर से बने गांधी घाट पर लोगों को सुकून देता था। इस घाट पर लोगों की नहाने के लिए भीड़ लगी रहती थी। इतना ही नहीं लोग फुर्सत के दिनों में इसके किनारे पिकनिक मनाने आते थे। यह नदी फिर आगे लोहंदी में जाकर ग्यारह तख्वा पर तीन जगह पत्थर का घाट अपने गौरव की गाथा कहता है। नदी का जल लोगों को राहत देती थी। सावन के महीने में प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को लोहन्दी महावीर के मन्दिर पर मेला लगता हैं। लोग इस नदी में नहाते और बाटी चोखा, चुरमा का स्वाद लेते थे । नदी के किनारे के कुआं का मीठा जल हर मर्ज की दवा था। नदी की बदहाली के बाद मेला तो लगता हैं पर वह रौनक नही रह गया हैं।

**लौरिया में बड़का तो लोहन्दी में बहता था ग्यारह तख्वा का झरना**



नदी में बहता गंदा पानी

### स्थानीय लोगों ने बनाई समस्याएं

बंधी के प्रति विभागीय उपेक्षा, नदी के मार्ग पर अतिक्रमण से बंधी का पानी नदी में आना बन्द हो गया है। नकहरा में स्थित कार्पेट कम्पनी के साथ ही बढ़ती आबादी के कारण लोगों के घरों से निकले पानी ने नदी को नाला बनाकर रख दिया है। जिसका गंदा पानी विभिन्न गांवों से होते हुए ओझला पुल के नीचे से होकर गंगा नदी में मिलता है। गंगा स्वच्छता अभियान के तहत भारी भरकम धनराशि खर्च करने के बाद भी जहरीले पानी के कारण उसके निवारण पर किसी जन प्रतिनिधि या जिम्मेदार अधिकारी ने ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।

**पढ़े लिखे लोगों ने नदी को नाला बना दिया**

### गंगा में जहरीला पानी, जलीय जीवों पर संकट

कारपेट कंपनी और लोगो के घरों से निकल रहे रासायनिक और गंदे जल का प्रवाह क्षेत्र में दुर्गंध बिखेरता हुआ गंगा नदी में समाहित हो रहा हैं। जहरीले जल का गंगा में रहने वाले जलीय जंतुओं पर पड़ना स्वाभाविक है। गंगा नदी में जहर कब तक प्रवाहित होगा यह तो प्रदूषण का जिम्मा संभालने वाला विभाग जाने।

### सांसद फूलन देवी ने नदी बचाने के लिए दिया था धरना

बीहड़ से निकलकर संसद पहुंची दस्यु सुंदरी फूलन देवी मीरजापुर भदोही संसदीय सीट से 11वीं लोकसभा में 1996 में पहली बार सांसद बनी थी। इस दौरान उन्होंने सपा नेता कैलाश चौरसिया के लोहंदी आवास पर रहते हुए नदी को बचाने के लिए धरना प्रदर्शन किया था। जो आश्वासन के बाद खत्म तो कर दिया गया। लेकिन समस्या का समाधान किए जाने को कौन कहे नदी पर लगा ग्रहण गहराता गया। आज भी वही हाल हैं। अब इसके जल में नहाने को कौन कहे दुर्गंध के कारण लोग खड़ा होना भी उचित नहीं समझते।

### प्रदूषित पानी बहने के बावजूद भी अधिकारी अनजान

लोहंदी नदी के किनारे ग्यारह तख्वा के पास रहने वाले पशुपालक अपने आधा दर्जन से अधिक धन पशु खो चुके हैं। पशु पालकों ने बताया कि बंधे हुए पशु को वह गंदा पानी नहीं पिलाते। लेकिन किसी प्रकार खूंटे से खुलकर बह रहे पानी पीने के दो चार दिन में ही उनकी मौत हो जाती हैं। जयराम यादव और पार्वती ने बताया कि नदी कभी हम सबके परिवार का सहारा था। लोगों ने तैरना सीखा था। अब तो उसके पास जानवर भी नही जाने देते। नदी में स्वच्छ जल के जगह फेन वाला दुर्गंध युक्त गंदा पानी देखकर ही लोग सिहर जाते हैं। लेकिन यही पानी गंगा नदी में जाकर जलीय जीवों के लिए खतरा बना हुआ है। लोगों ने लोहन्दी नदी के साथ ही गंगा नदी को भी प्रदूषण से बचाने की जरुरत जताया।

### कागज पर दौड़ रही जल संरक्षण की योजनाएं

एक तरफ केंद्र और प्रदेश सरकार गंगा निर्मलीकरण और जल संरक्षण की योजनाओं पर काम कर रही है। जबकि उन योजनाओं का असर जिले में कही नजर नहीं आ रहा हैं। नया कुछ करने को कौन कहे धरोहर भी खतरे में दिखाई पड़ रहा हैं।

## फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** देहात पुलिस द्वारा षडयंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि का क्रय-विक्रय करने के अभियोग से सम्बंधित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना को0देहात मीरजापुर पर 07 नवम्बर 2022 को किरन उर्फ मीरा निवासिनी छोटा मीरजापुर थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर आपराधिक षड़यंत्र के तहत कूटरचित तरीके से फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का क्रय व विक्रय करने के सम्बंध में लिखित तहरीर के आधार पर थाना देहात पर धारा 420, 467, 468, 471,120बी /506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए प्रभारी निरीक्षक को0देहात को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गये थे। उक्त निर्देश के क्रम में रविवार को उ0नि0 विजय कुमार राय चौकी प्रभारी बरकछा मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से उपरोक्त अभियोग से सम्बधित एक आरोपी रामलाल पुत्र स्व0 रामअचल उर्फ ब्रम्हा निवासी भिस्कुरी थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# दूसरे दिन भी पुलिस ने पकड़ी 65 लाख रुपये की शराब

**कार्रवाई**

दो शराब तस्करों को पुलिस ने ट्रक समेंत किया गिरफ्तार

लगातार एसपी के दबाव में हुई बड़ी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज



पत्रकारों को जानकारी देते एसपी सिटी

**मीरजापुर।** 65 लाख की ट्रक में लदी 1100 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आगामी उप-विधानसभा चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि थाना राजगढ़, एसओजी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

रविवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजगढ़, एसओजी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्र से सघन चेकिंग कर ट्रक वाहन सवार 02 व्यक्तियों रमाशंकर पुत्र रोशन लाल (चालक) व नितिन उर्फ प्रिंस सिंह चौहान पुत्र स्व0 अनिल सिंह को गिरफ्तार किया गया। बरामद वाहन की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त ट्रक में लदी हुई कुल 1100 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ( स्टार ब्लू डिलक्स व्हीस्की ब्राण्ड) बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर धारा 420, 467, 468, 471 भादवि व 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया। तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त ट्रक अंकित वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## अवैध मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

**कामयाबी**

वाहन चेकिंग के दौरान गांजा बरामद

पुलिस ने अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर पूरे जनपद में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के लिए सभी थानाध्यक्षों को आदेश जारी किए गए हैं जिसके क्रम में राजगढ़ थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर प्लेट की पीकअप में 54 बन्डल गांजा बरामद किया गया जिसका वजन 94 किग्रा बताया जा रहा है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपए है। जनपद में विधानसभा चुनाव एवं निकाय चुनाव को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूरा प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। वहीं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ऐसे में राजगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत विगत दिनों मोटरसाइकिल चोरों के गिरोह का भी पदार्फाश किया गया था। जिसमें तीन मोटरसाइकिल सहित तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई थी। वहीं एसओजी व स्वाट टीम की मदद से थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव ने पिकप वाहन से जय प्रकाश विश्वकर्मा स्व सूर्य नारायण, सत्येन्द्र कुमार उर्फ मुनीम, निवासीगण कोटवा थाना मेजा जनपद प्रयागराज, संतोष पाण्डेय पुत्र जगदीश पाण्डेय निवासी सदहा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।



पकड़े गये गांजे के साथ एसपी सिटी व सीओ सदर

## संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**मीरजापुर।** किसान मोर्चा मिजार्पुर के सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा मंडल जमालपुर द्वारा भदावल ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जमालपुर मंजू सिंह, बिशिष्ठ अतिथि आनंद सिंह, मुख्य वक्ता किशोर सिंह एवं अध्यक्षता अवधेश कुमार पाण्डेय मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा मंडल जमालपुर ने किया। इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से पुष्प शंकर पाण्डेय, सुखपाल सिंह, रणजीत सिंह, सुभाष राय, रामजन्म मौर्या, नीरज धीरज सिंह, दीपक विरार, हनुमत शरण सिंह, महिला मोर्चा की पदाधिकारी गण के साथ अनेक किसान बन्धु उपस्थित रहे।

### अज्ञात परिस्थिति में लगी आग से जल गई किसानों की फसल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कठवार गांव में 5 बीघे गेहूं की फसल कट कर खलिहान में रखी थी कि रविवार सुबह 11 बजे अज्ञात परिस्थिति में आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधन के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया किंतु आग बुझाते बुझाते 5 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा तब तक पूरी फसल जल चुकी थी। कठवार गांव निवासी बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज के सेवानिवृत्त क्लर्क पंडित तेज बहादुर दुबे पुत्र स्वर्गीय रविनंदन दुबे उर्फ मुरली करिंदा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की गेहूं की फसल कटकर उनके घर के बगल खलिहान में रखा गया था कि रविवार सुबह 11 बजे अज्ञात परिस्थिति में आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीण दौड़ पड़े और अपने निजी संसाधन से आग बुझाने का प्रयास किया किंतु आग बुझाते बुझाते पांच बीघे खेत की गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया था किंतु फायर ब्रिगेड पहुंचते-पहुंचते सब कुछ जल चुका था। किसान तेज बहादुर दुबे द्वारा तहसील स्तरीय कर्मचारियों को सूचित कर दिया गया है।

### पुनः एक दूजे के साथ रहने को राजी हुए बिछड़े 6 दंपति

**मीरजापुर।** प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली। काउंसिलिंग के माध्यम से 06 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 06 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, मुख्य आरक्षी प्रमोद पाण्डेय, महिला आरक्षी प्रीति चौबे, महिला आरक्षी सपना, पार्वती पाण्डेय व डॉ.कृष्णा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### स्वस्थ जीवन का आधार है प्राकृतिक खेती

**लालगंज।** भाजपा किसान मोर्चा दुबार मंडल द्वारा रविवार को प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न विषयक संगोष्ठी का आयोजन दुबार कला में संपन्न हुई। मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री शिवपूजन सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से किसान लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम का संचालन वीपी दुबे ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री नीरज सिंह, मंडल अध्यक्ष झल्लर मौर्य, उपाध्यक्ष लवकुश बिंद, पुष्पराज सिंह, महामंत्री धनन्जय सिंह सहित दुबार मंडल के सभी पदाधिकारी गण उपस्थिति रहे।

### स्कूटी अनियंत्रित होने से परिजन घायल

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के चिकान टोला मुहल्ला निवासी आकाश पाल अपने बहन भांजे के साथ स्कूटी पर सवार होकर मीरजापुर की तरफ से अपने घर के लिए निकले थे। जैसे ही अमरावती चौराहे के पास स्थित पेट्रोल टंकी के पास पहुँचे थे कि स्कूटी अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी करीब 15 फीट दूरी से घसीटते हुए डिवाइडर से टकरा गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने प्राइवेट साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल भर्ती कराया। इलाज के दौरान बिल्लो कुमारी 15 को गंभीर होने पर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। आकाश पाल 25 वर्ष, ज्योति कुमारी 12 वर्ष तथा चीनू 3 वर्ष घायल हो गये। इलाज के दौरान सभी को छोड़ दिया गया।

### ट्रक से ओवरटेक करने में पीछे से भिड़ा दूसरा ट्रक

**अहरौरा।** क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित वन विभाग कार्यालय के समीप शनिवार देर रात ट्रक को ओवरटेक कर रही दूसरी ट्रक जो सोनभद्र कोयला लोड करने जा रही थी। अचानक से आगे चल रही ट्रक में भिड़ी जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक पर खलासी का कार्य कर रहे चालक का साला अजीत यादव पुत्र निर्मल यादव उम्र 21 वर्ष निवास निवास मधुपुर सोनभद्र बाल बाल बच गये। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल चालक तीरथ यादव पुत्र चतुरी यादव उम्र 28 वर्ष निवासी सोनबरसा थाना पन्नूगंज सोनभद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। ट्रक मालिक सहित परिजनों को पुलिस ने घटना की सूचना दे दी थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी शंकर 54 वर्ष अपने दो पुत्र कमलेश 23 वर्ष व राजेश 27 वर्ष के साथ बाइक से शनिवार को राजापुर गांव आये थे। रविवार की सुबह उपकार हॉस्पिटल देवरी गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। धक्का लगते ही तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहुलूहान हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुँची पीआरवी पुलिस घायलों को सीएचसी मड़िहान ले गयी। परिजनों को मोबाइल से घटना की जानकारी दी गयी। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुँच गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से फसल जलकर राख

**जमालपुर।** क्षेत्र के गुलौरी गांव स्थित सीवान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से शनिवार को किसानों का लगभग 9 बीघे गेहूं का पुवाल जल कर राख हो गया। संयोग इतना अच्छा था कि ग्रामीणों के अथक परिश्रम से आस पास खड़ी गेहूं की फसल को बचाया लिया गया। गुलौरी गांव निवासी किसान अवनीश सिंह, विजय प्रकाश सिंह, पंकज सिंह सहित ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 6 एकड़ गेहूं का पुआल पशुओं को खाने के लिए रखा गया था कि अचानक पुआल से शनिवार को दोपहर में आग उठने लगा। आग विकराल रूप धारण कर धू धू जलने लगा, जिसको देख ग्रामीणों ने तत्परता से हरी टहनियों और पानी फेंककर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बेजूबानों के लिए रखा गया गया गेहूं का पुआल जल कर राख हो गया था। ग्रामीणों की सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच पाई।

## चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 शातिर वाहन चोरों को पुलिस ने गिरफार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा वाहनों की चोरी व चोरी के वाहनों की बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। रविवार को ब0उ0नि0 परमात्मान्द यादव मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ 02 शातिर वाहन चोर रंजीत कुमार पाठक पुत्र दिलीप कुमार व बिहारी गोड पुत्र शिवजी निवासीगण नियाजीपुर थाना सेमरी जिला बक्सर बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक अपाचे मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर धारा 41, 411 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया।



पकड़ गये बाइक चोर

## लकड़ी के बोटा से दबकर चालक की हुई मौत

**शव पहुंचा घर परिजनों में मचा कोहराम**

**हलिया।** क्षेत्र के नदौली गांव निवासी एक व्यक्ति चेन्नई में ट्रेलर चलाता था अचानक शुक्रवार को तमिलनाडु के एक जनपद में लकड़ी लादकर गया था। जहां श्रमिक गाड़ी से लकड़ी गिरा रहे थे। लकड़ी ट्रक के पीछे खड़े ड्राइवर के उपर लकड़ी का बोटा गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रविवार को एंबुलेंस से शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। नदौली गांव निवासी शिवदत्त का 35 वर्षीय पुत्र प्रमोद शुक्ला चेन्नई में ट्रेलर चालक का काम करता था। ट्रेलर पर लकड़ी लाद कर तमिलनाडु के एक जनपद में गया था और वहां लकड़ी उतारते समय लकड़ी के बोटा के नीचे दब जाने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिवार के लिये भरण पोषण करने का वही व्यक्ति सहारा था। शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार सहित पत्नी शव देखते ही दहाड़ दहाड कर रोने लगी। मृतक को पांच वर्ष का पुत्र व तीन वर्ष की पुत्री है।

## उपचुनाव के पूर्व कांग्रेसजनों को जगाने झारखंड से आये मंत्री

**बैठक**

विचारों से कांग्रेस पदाधिकारियों को झकझोरा

कहा भाजपा ने की राहुल गांधी के साथ साजिश



पत्रकारों को संबोधित करते प्रभारी मंत्री

**मीरजापुर।** जनपद में पहुँचे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री राजेश तिवारी ने आगामी चुनावों में सशक्त भागीदारी के लिए राय शुमारी की। मिशन कंपाउंड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक कर विधान सभा उप चुनाव, नगर निकाय के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 पर चर्चा किया। कहा कि आप लोग जनता के बीच जाकर कांग्रेस की नीति और रीति के बारें में बताएं।

नगर के मिशन कंपाउंड स्थित कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण महंगाई बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है । आम जनता विकास के नाम पर ठगा सा महसूस कर रही हैं। कांग्रेस के लोग जनता के बीच में जाकर सरकार की जन विरोधी नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने साजिश के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त कर दी। यह लोगों के बीच जाकर बताने की जरूरत बताया। कहा कि पहले कांग्रेस को एक तरफा वोट मिलता था। अन्य दल महज कुछ हजार वोट पर सिमट जाते थे। अब जाति धर्म के नाम पर दूसरे दल वोट ले रहे हैं। कहा कि समय बदलता है । आप सब जनता के बीच जाकर कांग्रेस की रीति और नीति के बारे में बताएं। जनता आशा भरी निगाहों से कांग्रेसी और देख रही है। उन्होंने छानबे विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव, नगर निकाय चुनाव के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के बारे में विस्तृत चर्चा किया।

# दुनिया हो रही मुट्ठी में, सिकुड़ रहा दिल

**आयोजन**

भारत विकास परिषद मिजार्पुर का दायित्व ग्रहण समारोह

वक्ताओं ने कहा सेवा एवं संस्कार सनातन धर्म की धरोहर

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी

**मीरजापुर।** हर इंसान को समर्पण के साथ सेवा करने का मौका नहीं मिलता। कोरोना काल ने सेवा का सबक सिखाने के साथ ही बता दिया कि कफन में जेब नहीं होता। आज अपने संस्कारों को जीवित रखने के लिए भावी पीढ़ी को उसे संरक्षित रख कर सौंपने की हैं। युक्त उद्गार भारत विकास परिषद मिजार्पुर के दायित्व ग्रहण समारोह में परिषद के क्षेत्रीय महा सचिव नवीन श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। उन्होंने नव गठित टीम को पद एवं गोपनीयता का शपथ दिलाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। दीप प्रज्ज्वलन डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शशांक चतुर्वेदी, वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा, ऋषि शुक्ल, क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव तत्कालीन अध्यक्ष गोवर्धन त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि भोला नाथ कुशवाहा ने कहा कि संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के पांच सूत्री वाक्य को लेकर समाज के बीच कार्य करने वाले परिषद के कार्यकर्ता बधाई के पात्र है।

बदलते दौर में दुनिया मुठ्ठी में होने के साथ ही लोगों का दिल भी सिकुड़ता जा रहा है। मुख्य वक्ता नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि कितना भी कमा लो सब यही रह जायेगा। कोरोना ने सिखाया कफन मे जेब नही होती । कहा कि अगर भगवान ने दिया है तो समाज के वंचित लोगों को उपर लाये। कार्यक्रम में अनिल तिवारी, रोशन लाल, राजेंद्र अग्रवाल, निर्मला राय, नीलू श्रीवास्तव, गोपाल जी, राजू द्विवेदी, आनंद कुमार, गणेश गंभीर, डा. टीएन द्विवेदी एवं डा. संजीव श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीलू सिंह एवं विष्णु नारायण मालवीय ने किया।

## मोदी की योजनाओं को लेकर निकला राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज

**मीरजापुर।** भाजपा समर्थित राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा समाज के कार्यकर्ताओं ने विंध्याचल क्षेत्र के कंतित में भ्रमण कर मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान समाज के तमाम लोगों ने मोदी पर भरोसा जताते हुए बताया कि वह जिस मकान में रह रहे हैं वह मोदी सरकार की देन हैं। घर में जल रहा गैस का चूल्हा भी मिला है। कंतित वार्ड में समाज के संयुक्त सचिव मुनीर अहमद के निवास पर जिलाध्यक्ष चांदबाबू के नेतृत्व में बैठक की गई। घर घर चलो, गांव गांव चलो अभियान के तहत लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जनसंपर्क अभियान के दौरान मोहल्ले के लोगों ने अपना आवास दिखाते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी भेदभाव के आवास मिला है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चांद बाबू, सलीम अहमद भुट्टो नगर अध्यक्ष, मुनीर अहमद संयुक्त सचिव, सरफराज अहमद जिला सचिव, अब्दुल रहमान, टीटू एवं शकील अहमद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## प्रथम आगमन पर काशी अध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बरौंधा कचार मीरजापुर के सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष (काशी क्षेत्र) दिलीप पटेल के प्रथम आगमन पर पार्टी पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष का चील्ह चौराहा पर जिलाध्यक्ष ने स्वागत कर, विंध्याचल जाकर माँ विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर सीधा जिला कार्यालय पहुँचे। सभागार कक्ष में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने नये क्षेत्रीय अध्यक्ष का अंगवस्त्र व माला से सम्मान किया। तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का आये हुए सभी कार्यकर्ताओं की तरफ से हार्दिक स्वागत किया। उसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष का संक्षिप्त राजनैतिक जीवन परिचय बताया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में आये हुए सभी विधायकगण व पूर्व पदाधिकारीगण, पदाधिकारीगणों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्ययोजना के बारे में बताया।

कार्यक्रम का संयोजक व संचालन जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव ने किया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, मनोज श्रीवास्तव, शुचिस्मिता मौर्या, लाल बहादुर सिंह पटेल, गंगासागर दूबे, मनोज जायसवाल, उत्तर कुमार मौर्य, अनिल सिंह, बालेन्दुमणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष जगदीश पटेल, अमित पाण्डेय, निर्मला राय, जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल, रवि शंकर पाण्डेय, दिनेश वर्मा उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।



मंच पर आसीन काशी प्रांत के अध्यक्ष व भाजपाध्यक्ष

# कोरोना को देखते जिले में मॉकड्रिल कल

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** कोरोना के बढ़ते गति को देखते हुए प्रदेश स्तर से आदेश मिलते ही जनपद के चार जगहो पर फिर मांकडिल करने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने एक बैठक में दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में 374016 लाख से अधिक लोगों को प्रिकाशन डोज लगाई जा चुकी है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिले के चार केन्द्रों महाराजा बलवन्त सिंह चिकित्सालय,

**तैयारी**

### विभाग चार केन्द्रों पर करेगा मॉकड्रिल

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औराई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरियावां समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डीघ में मॉकड्रिल किया जायेगा।

इसके लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई और प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण भी पूर्ण हो गया है। जिले के सभी केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश है कि मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करें और अस्पताल आने वाले भी मास्क पहनकर ही आएं। इसके अलावा विभाग की ओर से स्पष्ट आदेश दिया गया है कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में सामाजिक दूरी को बनाये रखे। इस समय जिले में 02 कोरोना के मरीज मौजूद है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर ओमप्रकाश शुक्ला ने बताया कि मॉकड्रिल के लिए चारों केन्द्रों पर चार डॉक्टरों की टीम सहित स्वास्थ्यकर्मियों को लगाया गया है जो माकडिल के समय उपस्थित रहेंगे।




#### कोरोना वायरस के बचाव हेतु क्या करें

अपने हाथों को बार बार साबुन एवं साफ पानी से धोए, हाथों से नाक मुंह व आंख को बारबार न छुए, खासते और छींकते समय इस्तेमाल किए टिशु पेपर को कूड़ेदान में फेंके एवं मुंह नाक को अच्छी तरह ढक कर रखें, बुखार खांसी तथा सांस लेने में परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। खासी बुखार होने पर यात्रा न करें और नियमित रूप से साफ सफाई का ध्यान दें। भीड़ भरी जगहों पर जाने से बचें संक्रमित व्यक्ति से पर्याप्त दूरी बनाएं।

#### कोरोना वायरस से बचाव हेतु क्या न करें

सार्वजनिक स्थलों एवं खुले स्थानों पर न थूके, बेवजह अपनी आंखें नाक या मुंह न छुए, छूने के बाद हमेशा अपने हाथों को अच्छी तरह साबुन और पानी से धोएं, खासी बुखार के लक्षण होने पर या सांस लेने में तकलीफ होने पर तथा लक्षण समाप्त होने तक सार्वजनिक स्थलों पर न जाएं और लोगों से निकट संपर्क न करें।

#### कोरोना वायरस कैसे फैलता है

कोरोना संक्रमित व्यक्ति के खासने और छीकने के संपर्क में आने से फैलता है तथा संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गई वस्तु से फैलता है।

# मालगाड़ी के तीन डिब्बे बेपटरी,परिचालन बाधित

**डीडीयू नगर।** डीडीयू पटना रेल रूट पर डूमरावं स्टेशन के लूप लाइन पर शंटिंग के दौरान मालगाडी के तीन वैगन बेपटरी हो गए। इससे डाउन लाइन बाधित हो गया। रूट बाधित होने के कारण डाउन की ट्रेनों को जहां तहां खड़ा कर दिया गया। डीडीयू स्टेशन पर खड़ी ब्रह्मपुत्र मेल को गया के रास्ते आगे भेजा गया। वहीं अन्य ट्रेनें जहां तहां खड़ी रही। इससे यात्री परेशान रहे। शाम सवा चार बजे रेलवे ट्रैक को फिट किया गया। इसके बाद ट्रेनों का आवागमन बहाल हुआ।

पटना रूट रूट पर दानापुर रेल मंडल के डूमराव स्टेशन के डाउन लुप लाइन पर रविवार की दोपहर में 11.52 बजे मालगाड़ी के तीन वैगन बेपटरी हो गए। इंजन से दूसरा और तीसरा वैगन के पहिए उतरे हैं। चालक ने इसकी सूचना कंट्रोल को दी। वहीं अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंच गई और मालगाड़ी को पटरी पर लाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस दौरान अप सूरत भागलपुर एक्सप्रेस बरूना स्टेशन पर, डाउन पं. दीनदयाल उपाध्याय पटना पैसेंजर चौसा में, अप अहमदाबाद बरौनी एक्सप्रेस चौसा में, नई दिल्ली-इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस दिलदारनगर में, बनारस-बक्सर पैसेंजर स्पेशल दरौली में खड़ी हो गई। वहीं दिल्ली कामाख्या ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो पर खड़ी हो गई। वहीं आनंद विहार मालदा टाउन सुपरफास्ट एस्सप्रेस आउटर पर खड़ी रही। काफी देर तक ट्रेनों को खड़ा किए जाने से यात्रियों में आक्रोश दिखा। बाद में ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस को गया के रास्ते आगे के लिए भेजा गया। मालगाड़ी के पटरी पर आने के बाद शाम सवार चार बजे लाइन को फिट घोषित किया गया। इसके बाद सबसे पहले आनंद विहार मालदा टाउन और बक्सर पैसेंजर को पास कराया गया। रूट बाधित होने के कारण सिकंदराबाद पटना, इंदौर पटना, कोटा पटना एक्सप्रेस आदि भी देरी से गंतव्य के लिए रवाना हुई। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

## संक्षेप

### राकेश रौशन बने अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव



**चहनिया।** पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत स्वायत्तशासी सलाहकार संगठन अखिल भारतीय पंचायत परिषद का राष्ट्रीय सचिव राकेश यादव रौशन को मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन परिषद के मुख्य राष्ट्रीय महामंत्री एसएस विजय मिश्रा ने किया है। मारूफपुर गांव निवासी राकेश रौशन एक सामाजिक कार्यकर्ता और जिले के मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के ब्रांड अम्बेसडर हैं। पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व राज्यपाल महामहिम रामनाईक और वर्तमान राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल के द्वारा कुल चार बार पुरस्कृत किया जा चुका हैं। अखिल भारतीय पंचायत परिषद की सलाह पर ही भारत में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था लागू की गई थी। इसके प्रथम अध्यक्ष बलवंत राय मेहता थे। परिषद के अन्य अध्यक्षों में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, गुलजारी लाल नंदा, लालबहादुर शास्त्री आदि लोग रह चुके हैं। परिषद का कार्य महात्मा गाँधीजी के ग्राम स्वराज को मजबूत करना, गांव के विकास के लिए समय के अनुसार नवीन जरूरतों एवं नियमों के निर्धारण के लिए सलाह देना है। परिषद का मुख्य कार्यालय मयूर विहार, नई दिल्ली में स्थित है। राकेश रौशन के राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर पूर्व उप प्रमुख रामअवध यादव, बनफल प्रधान, ज्ञानी जैल सिंह प्रधान, अवधेश राम प्रधान, डॉ. राजेश निषाद, डॉ. नदीम अशरफ, डॉ. संजय यादव, डॉ. धर्मराज यादव, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. टी. खान, बीएल फौजी, कांता फौजी, संतोष विश्वकर्मा, प्रेमचंद सिंह पप्पू, आकाश विधायक आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# निवर्तमान अध्यक्ष के आवास पर कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शिव नगर स्थित नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष प्रहलाद दास गुप्ता के आवास पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी का भारी संख्या में मौजूद व्यापारियों ने जोरदार माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रयागराज से वाराणसी जाते समय कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नन्दी का काफिला निवर्तमान अध्यक्ष के आवास पर पहुंचा, जहां प्रमुख कालीन निर्यातक बृजेश गुप्ता व संजय गुप्ता के नेतृत्व में भारी संख्या में मौजूद व्यापारियों ने जोरदार माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने जनपद में व्याप्त कुछ समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी ने व्यापारियों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर व्यापारी एकजुट रहें तो कोई भी उनका उत्पीड़न करने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पाएगा। कैबिनेट मंत्री ने सभी व्यापारियों को अपना परिवार बताया। प्रयागराज में उमेश पाल के हुए हत्या के आरोपी अशद के गिरफ्तारी पर बोले प्रसाशन अपना कार्य कर रहा है। नगर निकाय चुनाव के प्रश्न पर कुछ बोलने से कतराते रहे। इस दौरान प्रमुख रुप से ज्ञानेश्वर अग्रवाल, शिव शंकर गुप्ता, विराट जायसवाल, दिनेश मोदनवाल, प्रभात जायसवाल, कमल नयन अग्निहोत्री, त्रिवेणी प्रसाद बरनवाल, हरि मंगल यादव, सुभाष जायसवाल समेत आदि व्यापारी रहे।



कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी का स्वागत करते प्रहलाद दास गुप्ता, बृजेश गुप्ता, संजय गुप्ता

# जहां विचारों से काम होता है वहां सुंदरकांड है : डा. श्रीनिवास तिवारी

**आस्था**

### आठ दिवसीय श्रीराम कथा का विश्राम दिवस

**पराऊगंज।** मानस सेवा समिति पराऊगंज द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्रीराम कथा के विश्राम दिवस के अवसर पर हानि लाभ के उपायदेयता का तात्विक विवेचना करते हुए डॉ. श्रीनिवास तिवारी महाराज ने कहाकि मानस रत्नों का भंडार है। उन्होंने बताया कि जिस समाज में माल्यवंत जैसे वृद्धों का अपमान होता है वहां रावण राज्य आ जाता है, जिस राज्य में सुमंत जैसे मंत्री का सम्मान होता है वहां रामराज्य होता है। श्रीरामचरितमानस को रेखांकित करते हुए उन्होंनें कहाकि जहां विचारों से काम नहीं होता है वहां लंका कांड होता है, जहां विचारों से काम होता है वहा सुंदरकांड होता है। मंचस्थ व्यासपीठ का अभिनंदन कथा के आयोजन राधेश्याम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर ओपी मिश्रा, पंडित राम सुमेर मिश्र, भूषण मिश्र, शरद कुमार मिश्रा, भैया लाल शुक्ला, नितिन सिंह, भाजपा नेता हितेंद्र दुबे, अखिलेश मिश्र, राकेश कश्यप, जगदीश यादव, कृष्ण प्रताप दुबे, वंश गोपाल सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, अमरनाथ यादव, पूर्व प्रधान लालता यादव, कैलाश सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। आरती बंदन सभी श्रद्धालुओं ने किया।



# वास्तविक सुख पाने के लिए प्रभु की भक्ति सबसे सरल व उत्तम मार्ग : रामकृपाल

**धर्मकर्म**

### भकुरा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें भारी संख्या में लोग भागवत कथा का श्रवन पान कर रहे हैं। प्रभु की भक्ति में सभी श्रोतागण भाव विभोर हो गए। भागवत कथा का आयोजन भकुरा गांव में अमित कुमार सिंह सोनू की आवासीय परिसर में शुरू हुआ है। जिसमें प्रतापगढ़ आश्रम से आए शास्त्री रामकृपाल तिवारी कथा वाचन कर रहे हैं।

शास्त्री पं. रामकृपाल तिवारी ने कहा कि भागवत कथा जीवन के सभी राहों का मार्गदर्शन करती है और मनुष्य के सभी कार्यों को भी पूरा करते हैं। यह जीवन की मोक्ष दायिनी भी कही जाती है। उन्होंने संगीतमय भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए जीवन के मूल्य का मार्गदर्शन किया और कृष्ण राधा के प्रेम लीला को वाचन भी किया। उन्होंने कहाकि राम और कृष्ण अपने जीवन के माध्यम से जीवन लक्ष्यों व कर्तव्यों को पूर्ण कराने की सही राह दिखाया। धन दौलत मोक्ष नहीं दिलाते सिर्फ भौतिक सुख प्राप्त कर सकते हैं। जीवन का वास्तविक सुख पाने के लिए प्रभु की भक्ति सबसे सरल व उत्तम मार्ग है। उन्होंने हर युग में भगवान के अवतार का कारण भी भागवत कथा में सुनाया और कहाकि मन की शांति के लिए भी इन्हीं राहों से गुजरना पड़ता है। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया। कृष्ण अवतार जीवन के कर्तव्यों का बोध कराता है।



उन्होंने भागवत कथा में कृष्ण लीला के विस्तार से श्रवण कराया। संचालन आचार्य पं. सुनील तिवारी व आयोजन इन्द्रप्रकाश सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीशचंद यादव, पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रताप सिंह, सिरकोनी प्रमुख वंसराज सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, डॉ. पंचम राजभर, संतोष सिंह, मनोज सिंह, श्याम बाबू यादव, सुनील यादव, सुभाष यादव, रविशंकर पांडेय, वीरेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह, सुरेंद्र सिंह, ईश्वर राजभर, शेखर सिंह, संदीप सिंह, शैलेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, संदीप मिश्र, दिनेश सिंह, राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रमजान के महीने में छोटे-छोटे बच्चे रोजा रखने में नहीं है पीछे



**7 साल के अता मोहम्मद ने रखा अपना पहला रोजा**

**भदोही।** मुकद्दस माह-ए-रमजान रहमतों और बरकतों से भरपूर वाला महीना है। इस मुकद्दस महीने में जहां बड़े, बुढ़े व महिलाएं रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं तो वहीं छोटे-छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं है। नगर के तकिया कल्लन शाह मशाल रोड निवासी महफूज अहमद उर्फ भोलू भाई के 7 वर्षीय बेटे अता मोहम्मद ने भी रविवार को रोजा रखा। रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। रोजा हर मुसलमान मर्द, औरत, आकील व बालिग पर फर्ज है। इस लिए इस महीने में मुस्लिम घरों में लोग रोजे रखते हैं। रोजा रखकर सभी के द्वारा ज्यादा से ज्यादा इबादत की जाती है। रमजान का महीना चल रहा है तो इसमें सभी रोजे रखकर इबादत में मशगूल हैं। अल्लाह की इबादत करने और रोजे रखने में बड़े तो बड़े नन्हें-मुन्नें बच्चे भी पीछे नहीं है। नगर के तकिया कल्लन शाह मशाल रोड निवासी महफूज अहमद उर्फ भोलू भाई के 7 वर्षीय बेटे अता मोहम्मद ने भी रविवार को अपना पहला रोजा रखा। उन्होंने न सिर्फ अपना पहला रोजा मुकम्मल किया बल्कि अल्लाह की इबादत की। अता मोहम्मद को पहला रोजा रखने पर घर के लोगों सहित उनके रिश्तेदारों ने मुबारकबाद के साथ तोहफा दिया। घर में अम्मी और अब्बू तथा अन्य सदस्यों को रोजा रखता देख अता मोहम्मद ने रोजा रखा और इबादत किया।

### प्रदीप यादव को पुनः जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**कस्तूरीपुर।** कस्तूरीपुर बाजार स्थित पूर्व जिलापंचायत सदस्य रमापति यादव के आवास पर प्रदीप यादव को पुनः पार्टी जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी जताते हुए मिस्ठान वितरण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भदोही जनपद में प्रदीप यादव को पुनः जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर यहाँ के कार्यकर्ता उत्साहित है। पार्टी और भी मजबूत होगी। जिसमे रमापति यादव के अलावा सन्तोष यादव, शीलवंता यादव, रमा तिवारी, राजेश मोदनवाल, बिरजू पाल, संतलाल यादव, राजू मोदनवाल, रमाशंकर बिंद, कमलेश प्रजापति, संजय यादव आदि लोग रहे।

### श्री अन्न जागरण अभियान के तहत निकाली पदयात्रा



**कमालपुर।** सामाजिक न्याय सप्ताह प्राकृतिक खेती श्री अन्न पर भाजपाइयों ने रविवार को मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा अशोक सिंह के नेतृत्व में गुरैनी गांव में जनजागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपाइयों ने जनजागरण अभियान के तहत पदयात्रा कर किसानों से प्राकृतिक खेती करने पर चर्चा किया। वही किसानों को खेतों में केवल जैविक खाद का प्रयोग करने को प्रेरित किया गया। किसान मोर्चा सह प्रभारी सोशल मीडिया काशी क्षेत्र अजीत पांडेय ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।इसके लिए प्राकृतिक खेती श्री अन्न जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।किसानों को खेती में अपनी पुरानी पद्धति पर कार्य करना होगा।ताकि खेत के मिट्टी की गुणवत्ता बनी रही है।इसके लिए किसानों को अपने अपने खेतों में जैविक खाद डालने की जरूरत है। खेतों में मिट्टी की गुणवत्ता को बनाने के लिए किसानों को जागरूक होकर प्राकृतिक खेती करने की जरूरत है।आज रासायनिक खादों से मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आ रही है।इस मौके पर राजेश, अशोक सिंह, श्रीराम चौबे, बिनोद सिंह, गंगाधर तिवारी, सत्यसेन सिंह, प्रमोद सिंह, विकास तिवारी, दिनेश पांडेय, रिपुसूदन पांडेय, सदानंद भारती, बीरेंद्र गोंड, रिशु सिंह, मुकेश आदि रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का किया दावा

**आयोजन**

### नुक्कड़ सभा में कांग्रेसियों ने भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

**भदोही।** रविवार को सुरियावां बाई पास चौराहे पर आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व पूर्वांचल के प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा कि भाजपा सिर्फ धर्म और मजहब के नाम पर खाई बनकर लोगो को लड़वाने का प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मक़्सूद खान प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र निषाद व प्रदेश सचिव राजेश राकेश ने कहा कि आज जिस तरह से बेरोजगारी चरम पर है और नौकरियों के लिए सरकार की वैकेंसी ना आने से देश के युवा बीजेपी सरकार से हताश है और आने वाले 2024 मे युवा पीढ़ी इस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे राजन ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के जनाधार लगातार बढ़ने से परेशान हैं और इसी लिए आज राहुल गांधी की सदस्यता से लेकर जेल तक डालने का काम किया जा रहा है।


लेकिन कांग्रेस गांव शहर में अब मजबूत हो गई है और बीजेपी के घमंडी सत्ता को हरा कर जनता के लिए मूल भूत सुविधाओं को देने का काम करेगी।

इस अवसर पर वसीम अहमद, सुरेश गौतम, सुरेश मिश्रा, जिला दुबे, राकेश मौर्य, आशुतोष पांडेय, मृत्युंजय पाण्डेय, मसूद आलम, अकबर अंसारी, करम चंद, सुरेश, त्रिलोकी बिंद, संदीप दुबे, करन मौर्य मुस्ताक, चिंटू शुक्ला, लाल मणि, संतोष धोबी, मुनरा देवी, हरिश्चंद,विष्णु श्रीवास्तव, रमेश बिंद, धीरज मिश्रा राजा राम, बाला जी, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



सुरियावां बाई पास चौराहे पर आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते नेतागण

# साहित्यकार के जन्मदिन पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन



**भदोही।** अक्षर आरसी साहित्यिक एव सांस्कृतिक मंच द्वारा शनिवार की दोपहर हरियांव गांव में स्थित चंद्रावती जागेश्वर जूनियर हाईस्कूल में हिंदी के प्रसिद्ध व साहित्यिकार स्वर्गीय डाक्टर रामशिरोमणि होरिल के 86वें जन्मदिन पर साहित्यिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. राजकुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई।

जिसमें कवियों ने अपनी-अपनी कविता सुनाकर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर डॉ. राजकुमार पाठक ने कहा कि जो अपने पूर्वजों के सम्मान में याद करते है वो कभी मरते नही हैं। जीवन में उतार चढाव लगा रहता हैं। सहज भाव से जीवन जीते रहना चाहिए।

मुख्यअतिथि पारसनाथ मिश्र ने कहा कि डॉ. होरील ने अपनी कलम हर विधा में चलाई हैं। उन्होंने अपनी काव्य पाठ में कहा कि वे धन्य है धन्य है धरा उनकी धन्य है समाधि का लाल। कुशल संचालन कर रहे संदीप कुमार बाला जी ने अपने काव्य पाठ में कहा कि सीता महाकाव्य, दुष्यंत प्रिया साहित्य आपने जीवंत कर दिया। नवगीतकार योगेंद्र प्रताप मौर्य ने कहा कि कब आया कब चला गया। पांडेय मंजुल ने अपने काव्य संबोधन में कहा कि देश के वासियों तुम मोहब्बत करो, एक दिन पहन भी पिघल जाएगा।

गीतकार कन्हैया लाल दुबे निशान ने कहा कि बोझ गम का हटा दीजिए, आप फिर मुस्कुरा दीजिए। अरुण कुमार यादव प्रयास ने कहा कि हीरा मोती संग किसान, चहल पहल वाले खलिहान अब तो कथा कहानी में प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। एकल बनारसी, नागेंद्र पंकज, राजेश भारती, संजय सरोज शास्त्री, इंद्रजीत सिंह, वियोगी, नुरुल हसन, गंगाधर मिश्र, बिहारी, प्रधानाध्यापक राजकुमार सरोज, नार्मल बाबू, रिंकी देवी सहित आदि लोग थे। कार्यक्रम का ज्ञापन चंदन बागीश ने किया।

# ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने किया रूट मार्च पढ़ाया सावधानी व सुरक्षा का पाठ

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** नगर में ट्रेफिक इंस्पेक्टर शशिकांत यादव अपनी टीम के साथ नगर में भ्रमण कर आमजन में वाहन चलाते समय सावधानी और सुरक्षा का एहसास कराया।

कार व हल्के वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सलाह देते हुए अपनी लेन में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अपने वाहन के लाइसेंस सहित संपूर्ण कागजात साथ लेकर चलने की सलाह दी। सड़क दुर्घटनाओं में गिरावट दर्ज करने के लिए पुलिस द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रकार के नशे की हालत में कभी वाहन न चलाएं। सड़क की पटरियों पर आड़े तिरछे मोटरसाइकिल ना खड़ी करें, जिससे आवागमन में परेशानी न हो सके। इसके साथ ही नगर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण कर व्यापारियों से संवाद भी किया और उन्हें सुरक्षा सावधानी का पाठ भी पढ़ाया।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर शशिकांत यादव ने बताया कि बच्चों से संबंधित सड़क दुर्घटना के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों और स्कूल बस चालकों, परिचालकों को भी जागरूक करना जरूरी है। जिससे स्कूल बसों और बच्चों के साथ होने वाले सड़क हादसों में कमी आ सके। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस की ओर से समय-समय पर लगातार यह जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



# धर्म को समाप्त करने वाले खुद मिट जाते हैं

**चहनियां।** महुआरी खास गांव में गंगा तट पर चल रहे श्रीमद भागवत कथा के 26 वें दिन सन्त सुंदर राज स्वामी ने कहा कि भगवान धर्म की रक्षा के लिए धर्म की स्थापना किया था। भागवत में चर्चा है कि धर्म की विनाश के लिए बहुत लोग आये किन्तु जिसकी रक्षा व स्थापना भगवान ने किया है तो धर्म को समाप्त करने वाले खुद ही समाप्त हो जाते है। पाखंड का दूसरा नाम पाप खण्ड खण्ड में है। आज कलियुग में लोग नशा,अत्याचार कर है। धर्म का नाश करने में लगे है।

पापी आज तरह तरह का हत्कण्ठा अपना कर पाप का साम्राज्य फैला रहे है। धर्म के राह पर चलने वाला मनुष्य थोड़ी भटक जाता है, परेशान होता है। धर्म से बड़ा कोई शत्रु व धर्म से बड़ा कोई मित्र नही होता है। यदि धर्म के रास्ते पर चले तो मित्र होता है। यदि धर्म के विपरीत चले तो शत्रु हो जाता है। जब श्रीकृष्ण ने कंस के असुरों को मारने लगे तो कंस चिंतित होकर बकासुर से कहा। बकासुर ने कहा कि वो आपका ही नही हमारा भी दुश्मन है। उसने हमारे बहन सुपूर्णखा का बद्ध किया है। बकासुर तो यह समझा कि मैं एक बार मे श्रीकृष्ण को मार डालूँगा। किन्तु भगवान ने बकासुर को मारा डाला ।धर्म की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण व राम ने असुरों को मार डाला। हमारे मुख में सरस्वती का वास होता है।


इसमे मांस मदिरा खाकर इसे कब्रिस्तान न बनाइये। मांस मदिरा भी धर्म की नाश का एक हिस्सा है। इस संसार मे असली व नकली दोनो है। अच्छे भी है बुरे भी है। पर परमात्मा ही सब नैया पार लगाते है। इस दौरान आयोजक ग्राम प्रधान सतेन्द्र सिंह मिंटु, दीपक सिंह,सरिद्वार यादव,कृष्ण नारायण सिंह,अभय सिंह,कृष्ण कुमार सिंह,बृजेश सिंह, तारा सिंह डब्लू सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



महुआरी खास गांव में भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते सुन्दरराज



# संकट मोचन संगीत समारोह का 1923 में हुआ था पहला आयोजन



पं. अमरनाथ मिश्र, ज्योतिन भट्टाचार्य, पं. किशन महराज आशुतोष भट्टाचार्य तैयार करते थे रूपरेखा

मुस्लिम व महिला कलाकारों की नहीं होती थी प्रस्तुति

पीएम नरेन्द्र मोदी व अमिताभ को समारोह में शामिल न होने की है कसक






राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह का यह शताब्दी वर्ष है। विश्व विख्यात संकटमोचन संगीत समारोह का प्रथम आयोजन 1923 में हुआ था। वैसे इस आयोजन के आधार स्तंभ गोस्वामी तुलसीदास रहे जिसके आधार पर यह माना जा सकता है कि इस अनूठा आयोजन का इतिहास 500 साल से भी पुराना है। प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. जसराज जीवन के अंतिम क्षणों तक संकटमोचन संगीत समारोह में अपनी हाजिरी लगाते रहे। एक-दो बार जब वे संकटमोचन संगीत समारोह में शामिल नहीं हो पाये तो उन्हें इसकी बहुत कसक रही। कोरोना काल के दौरान भी पं. जसराज संगीत समारोह में शामिल नहीं हुए थे। तब उन्होंने आन लाइन गायन करके अपनी उपस्थिति दर्ज करायी थी। उनका कहना था कि पद-प्रतिष्ठा, रुपया-पैसा सब अपनी जगह पर है लेकिन संकटमोचन संगीत समारोह का जो सुख है वह सभी आकर्षणों से परे है। प्रख्यात गजल गायक उस्ताद गुलाम अली जब संकटमोचन संगीत समारोह में अपनी हाजिरी लगाने के लिए आये तो यहां का माहौल देख कर अचम्भित रह गये।

संकटमोचन मंदिर के पवित्र स्थल पर गजल गायक उस्ताद गुलाम अली को सुनना श्रोताओं के लिए गौरवमयी पल था। उस दौरान उनको सुनने के लिए भीड़ इतनी ज्यादा हो गई थी कि पूरा मंदिर ठसाठस भर गया था। जिसको मंदिर में बैठने की जगह नहीं मिली उन लोगों ने मंदिर के बाहर सड़क पर रात्रि गुजार कर उनके गायन को सुन कर आनंद लिया। उस समय भीड़ इतनी थी कि मंदिर के बाहर पुलिस फोर्स की व्यवस्था करनी पड़ी थी।





## संकटमोचन संगीत समारोह में प्रथम दिन कई दिग्गज कलाकार होंगे शामिल

### आज से शुरू होगा सात दिवसीय संगीत समारोह

संकटमोचन संगीत समारोह की शुरुआत 10 अप्रैल को हो रही है। शताब्दी वर्ष में इस बार प्रथम दिवस कई दिग्गज कलाकार संकटमोचन दरबार में हाजिरी लगायेंगे। इनमें भाष्करनाथ (शहनाई- दिल्ली), डा. सुप्रिया शाह (सितार-वाराणसी), अनुव्रत चैटर्जी (तबला-मुंबई), स्वर रतन शर्मा (गायन-मुंबई), रजनीश तिवारी (तबला- वाराणसी), मोहित साहनी (संवादिनी-वाराणसी), श्रीमती गड्डम पद्यजा रेड्डी (कुचिपुड़ी- हैदराबाद), नागराज हवलदार (गायन-बैंगलुरु), केदारनाथ हवलदार (तबला-बैगलुरू), उस्ताद मोइनुद्दीन खान (सारंगी- जयपुर) उस्ताद अकरम खान (तबला-जयपुर), जसबीर दस्सी (गायन- पंजाब), उल्हास कसालकर (गायन-पुणे), सुरेश तलवकर (तबला- पुणे), पूर्वायन चैटर्जी (सितार- मुंबई), अभिषेक मिश्र (सितार-वाराणसी) हैं।

## लंबे समय तक समारोह में मुस्लिम व महिला कलाकारों का नहीं था आना जाना

संकटमोचन संगीत समारोह में मुस्लिम व महिला कलाकारों का लंबे समय तक आना जाना नहीं था। लेकिन पूर्व महंत प्रो. वीरभद्र मिश्र की इस सोच कि संगीत को किसी मजहब की सीमा में कैद नहीं किया जा सकता है। लिहाजा महिला और मुस्लिम कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिला। मुस्लिम कलाकारों में भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के भांजे मुमताज ने शहनाई बजा कर अपनी हाजिरी लगायी। इस बार इस समारोह में 13 मुस्लिम कलाकार हाजिरी लगा रहे हैं।

## निःशुल्क दिग्गज कलाकारों को सुनना अप्रतिम

एक तरफ ऐतिहासिक नगरी काशी का लावण्य तो दूसरी तरफ सात दिवसीय कलाकारों की गायन, वादन व नृत्य की रस वर्षा। सचमुच इसके वैभव की जरा कल्पना करें तो यह अकल्पनीय है। जो कलाकार देश के दिग्गज कलाकार माने जाते हैं उनको सुनने का मौका मिलना सचमुच अप्रतिम है। कोई भी नहीं चाहेगा कि वह इस अवसर का फायदा न उठाये। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र बताते हैं कि संकटमोचन संगीत समारोह का प्रारुप संगीत व संस्कृति की पूरी अवधारणा को धार्मिक होने से बचाता है। संगीत समारोह और गंगा में एकरूपता है। जिस तरह से मां गंगा सभी के लिए हैं उसी तरह संकट मोचन संगीत समारोह का मंच भी सभी के लिए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी तक इस समारोह में चाहते हुए भी शामिल नहीं हो पाये हैं। यह कसक उनके दिल में है। यह इसी से प्रमाणित है कि पिछले वर्ष दो-दो मिनट के अंतराल पर पीएम के पांच ट्वीट करते हुए लिखा था कि यह समारोह संगीत प्रेमियों के लिए सौगात है। प्रख्यात फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन के भी मन में यह मलाल ह कि अभी तक वह इस संगीत समारोह में शरीक नहीं हो सकें हैं।

## गजल की शुरुआत गुलाम अली ने की थी

संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने संकट मोचन संगीत को शास्त्रीय संगीत, जैज, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के कलाकारों के लिए खोल दिया। इसकी शुरुआत पाकिस्तान के प्रख्यात गजल गायक गुलाम अली ने की थी। तब शास्त्रीय गायक पद्मविभूषण पं. छन्नू लाल मिश्र ने इसका विरोध भी किया था लेकिन किसी ने उनकी कुछ भी नहीं सुनी। बल्कि पं. छन्नू लाल मिश्र की खूब आलोचना हुई।

## 60 के दशक तक काशी के स्थानीय कलाकारों पर निर्भर था संगीत समारोह

60 के दशक तक संगीत समारोह काशी के स्थानीय कलाकारों पर निर्भर था। संकटमोचन मंदिर के तत्कालीन महंत पं. अमरनाथ मिश्र जो खुद पखावज के सिद्धहस्त कलाकार थे। सरोद वादक पं. ज्योतिन भट्टाचार्य व तबला वादर पं. किशन महराज, पं. आशुतोष भट्टाचार्य की मंडली इस संगीत समारोह की रूपरेखा तैयार करती थी। 1966-67 के दौरान तत्कालीन महंत प्रो. वीरभद्र मिश्र ने इसे स्थानीयता की परिधि से बाहर लाते हुए इसे राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने की मंशा से पंडित घराने के तीनों भाई मणिरामजी, प्रतापजी और पं. जसराजजी देश के दिग्गज शास्त्रीय गायकों की श्रेणी में जा बैठे। प्रो. मिश्र बताते है कि संगीत महोत्सव का पहला आयोजन 1923 में हुआ था। पहला मंच मंदिर की ड्योढ़ी थी जहां से कलाकारों ने हनुमान जी से राम मिलन की गुहार लगाई थी। गर्भगृह के बाहर बैठकर कलाकार गायन-वादन की प्रस्तुतियां देते थे। पं. अमरनाथ मिश्र संगीत समारोह की पूरी जिम्मेदारी निभाते थे। 25 साल तक संगीत का यह आयोजन एक दिन का ही था। 1971 में संगीत समारोह का चौथा मंच गर्भगृह के उत्तर दिशा के आंगन के पश्चिमी बरामदे को बनाया गया। तब से आयोजन स्थल वहीं है। आयोजन भी तीन दिवसीय हो गया। 77-78 के दशक में चार दिन का आयोजन हुआ। इसके बाद पांच दिन का कार्यक्रम होने लगा। प्रो. मिश्र ने बताया कि बड़े महंत प्रो. वीरभद्र मिश्र के समय तक आयोजन पांच दिन का ही होता था, लेकिन कलाकारों की संख्या बढ़ने लगी तो 2014 से इसे छह दिन का कर दिया गया। शताब्दी वर्ष में इसे सात दिन का किया गया है, यह केवल इसी बार रहेगा।

# फिर जीवित हो उठे प्रभु यीशु मसीह

## मसीही समाज में चारों तरफ खुशियां मनायी गई

## चर्चों में मनाया गया ईस्टर, आराधना में जुटे मसीही

**वाराणसी।** गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद प्रभु यीशु मसीह फिर जीवित हो उठे। रविवार को गिरजाघरों में ईस्टर का पर्व मनाया गया। इसमें भारी संख्या में मसीही समाज के लोगों ने भाग लिया। सुबह अपने हाथों में कैंडिल लेकर चर्च में मसीही समाज के लोग पहुंचे और वहां पर प्रार्थना की। सेंट मेरीज महागिरजा बिशप यूजीन जोसेफ, लाल गिरजा में पादरी संजय दान, सेंट पाल चर्च सिगरा में पादरी सैम जोसुवा सिंह, सेंट थामस चर्च गोदौलिया में पादरी न्यूटन स्टीवन, बेथेलफुल गोस्पल चर्च में पास्टर एंडू थामस,ईसीआई चर्च सुंदरपुर में पास्टर नवीन जाय व पास्टर दशरथ पवार, चर्च आफ बनारस पास्टर बेनजान, रामकटोरा चर्च में पादरी आदित्य कुमार ने आराधना करायी। इसके साथ ही ईस्टर के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तेलियाबाग चर्च, फातिमा चर्च, सेंट फ्रांसिस आफ असीसी चर्च सहित अन्य चर्चों में भी प्रार्थना सभी का आयोजन किया गया। घरों व चर्चों में लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के जीवित हो जाने पर खुशी पर कैरोल गीत गाया। मसीही समुदाय के लोग अपने प्रियजनों की कब्रों पर श्रद्धा के फूल अर्पित किये।



### मध्य रात्रि में ही शुरू हुआ जश्न

प्रभु यीशु मसीह के जीवित हो जाने पर खुशी में गिरजाघरों से लेकर घरों तक आकर्षक सजावट की गई थी। हर तरफ लोग खुशियां मनाते दिखे। संडे को जहां ईस्टर बन व एग खिला कर लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए दिखे।वहीं ईस्टर का जश्न सेंट मेरीज महागिरजा समेत तमाम गिरजाघरों में भी यीशु के जीवित हो उठने की खुशी में मध्य रात्रि से ही शुरू हो गया था।बच्चों से लेकर बड़ों तक इसमें भागीदारी की।

# सिकरौल से निकली मां शीतला की शोभायात्रा

## भारी संख्या में श्रद्धालु रहे शामिल

## महामारी रोकने व सुख समृद्धि को लेकर होता है आयोजन



**वाराणसी।** मां शीतला पूजनोत्सव समिति सदर तहसील के सिकरौल गांव से मां शीतला माता का वार्षिकोत्सव झंडा जुलूस व शोभायात्रा रविवार को निकाला गया। शोभायात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी व चिकित्सक डा. एसएस गांगुली ने मां शीतला की आरती कर किया। शोभायात्रा व कलश यात्रा में भारी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इसमें पुरुषों के अलावा महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। शोभायात्रा सिकरौल गांव से अदलपुरा बड़ी शीतला माता धाम प्रस्थान हुई। रविवार की रात्रि से विधिवत पूजन-अर्चन व होम के बाद सोमवार को श्रद्धालु वहां से वाराणसी वापस लौटेंगे। इसके पूर्व मंदिर में भजन व पूजन तथा आरती का कार्यक्रम घंटों चलता रहा। मंदिर के पुजारी रंजीत भगत ने पूजा अर्चना कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। शोभायात्रा का उद्देश्य महामारी रोकने व लोगों को सुख समृद्धि प्रदान करने को लेकर किया जाता है। शोभायात्रा में डा. सुनील कुमार, सभासद दिनेश यादव, रामबाबू, लालचंद विश्वकर्मा, गोविंद चौहान, गौतम चौहान, दिलीप सोनी, वियोम चौहान, दिनेश चौहान, अजय गुप्ता, पवन समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

# जाग पड़ी मैं तो पिया के जगाए...

## डॉ मोनिका शाह ने श्रोताओं को गायन से किया रससिक्त

## बड़ालालपुर में सांस्कृतिक संध्या



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, कार्यालय में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में अहमदाबाद से पधारी वरिष्ठ कलाकार डॉ मोनिका शाह का गायन हुआ। आपके साथ संवादिनी पर साथ दिया हर्षित उपाध्याय एवं तबला संगति रही गौरव चक्रवर्ती की रही। डॉ मोनिका ने गायन का आरंभ किया राग धानी में निबद्ध शिव स्तुति से की। इसी क्रम में एक दादरा की प्रस्तुति से आनंदित किया बोल थे जाग पड़ी मैं तो पिया के जगाए। इसके उपरांत झूला की प्रस्तुति से रससिक्त किया बोल थे झूला धीरे से झुलाओ बनवारी। इसी क्रम में अगली प्रस्तुति रही दादरा की जिसके बोल थे दीवाने किए श्याम क्या जादू डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष दीन दयाल हस्तकला संकुल अजय श्रीवास्तव तथा कलाकार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम का संचालन किया श्रीमती अंकिता खत्री ने किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा का रहा। कलाकारों को प्रमाणपत्र प्रदान किया संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने । इस अवसर पर एवं अन्य संगीत प्रेमियों की विशिष्ट उपस्थिति रही।

# अब 'क्रेडिट लाइन' से कर सकेंगे खरीदारी

## नयी व्यवस्था

क्रेडिट लाइन होगा डिजिटल, क्रेडिट कार्ड की तरह मिलेगा कर्ज

यूपीआई के जरिए किया जा सकेगा इसका इस्तेमाल, होगी सुविधा



जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** डिजिटल मोड से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और सुविधा प्रदान करने की खातिर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक नयी व्यवस्था शुरू की है। यह व्यवस्था है- 'क्रेडिट लाइन' की। क्रेडिट लाइन पूरी तरह डिजिटल होगा और यह क्रेडिट कार्ड की भांति आपको सुविधा प्रदान करेगा। कहने का आशय यह कि बैंक खाते में पैसा न होने पर भी जिस तरह क्रेडिट कार्ड पर आप खरीदारी कर सकते हैं। ठीक उसी तरह क्रेडिट लाइन से भी आप खरीदारी कर सकेंगे। आसान शब्दों में आप यह जान सकते हैं कि क्रेडिट कार्ड की तरह क्रेडिट लाइन पर आपको कर्ज मिलेगा। यूपीआई के माध्यम से इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो फोन पे, गूगल पे, पेटीएम जैसे इंस्टेंट पेमेंट ऐप का लोग इस्तेमाल करते हैं। ये सभी ऐप्स यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित होते हैं। यूपीआई के जरिए अब लोग 10-10 रुपये के भुगतान तक करने लगे हैं। वाहन में पेट्रोल या डीजल भरवाना हो या फिर रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी करनी हो, यूपीआई पेमेंट हर जगह स्वीकृत है। ग्राहक भी जेब में छुट्टा पैसा रखने की बजाय सीधा यूपीआई से पेमेंट करना आसान समझने लगे हैं। कोविड-19 आने के बाद लोगों ने डिजिटल पेमेंट को अपनाया और 2022 के अंत तक यूपीआई से होने वाली ट्रांजेक्शन काफी बढ़ गईं।

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो बीते दिनों आरबीआई ने यूपीआई यूजर्स के लिए क्रेडिट लाइन जैसे बड़ी सुविधा को लांच किया। आरबीआई ने कहा है कि यदि आपके अकाउंट में पैसा नहीं भी हो, तो भी आपको क्रेडिट मिल जाएगा और आप भुगतान कर पाएंगे। बिलकुल वैसे ही, जैसे क्रेडिट कार्ड से पेमेंट की जाती है। कहने का आशय यह कि अब आपका यूपीआई ही क्रेडिट कार्ड की तरह काम करने लगेगा। आपको किसी से भी नकद उधार मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब आप बैंक खाते में पैसा न होने पर आसानी से खरीदारी कर सकेंगे। इसके लिए बैंक आपको उधार पैसा देगा। आरबीआई गर्वनर शक्तिकांत दास ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और यूपीआई जैसे विकल्पों को और आकर्षक बनाने के लिए यह व्यवस्था लागू की है।

## बैंकों से पूर्व स्वीकृत राशि मिलेगी

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो अब यूपीआई पर भी यूजर्स को क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधा मिलेगी। बैंकों की ओर से यूजर्स को पूर्व स?वीकृत राशि दी जाएगी, जिसका इस?तेमाल खाते में पैसे न होने पर भी किया जा सकेगा। आरबीआई का मानना है कि देश में यूपीआई के जरिये लेनदेन तेजी से बढ़ रहा है। इसे लोगों के बीच और पॉपुलर बनाने और यूजर्स को ज?यादा सुविधा दिलाने के लिए यह कदम उठाया गया है। जो यूजर्स पेटीएम, फोनपे या गूगलपे जैसे ऐप के जरिये यूपीआई भुगतान करते हैं, उन?हें अब प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइन दी जाएगी। यह राशि बैंकों या वित्तीय संस?थान की ओर से तय होगी। इस राशि का इस?तेमाल यूजर्स तब भी कर सकेंगे, जबकि उनके खाते में पैसे नहीं होंगे। आरबीआई की इस पहल से इनोवेशन को और बढ़ावा मिलेगा।

## 2016 में हुई यूपीआई की शुरूआत

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो 2016 में यूपीआई की लांचिंग के साथ ही डिजिटल पेमेंट की दुनिया में एक क्रांति आ गई। यूपीआई ने सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा दी। यूपीआई सिस?टम रियल टाइम फंड ट्रांसफर करता है। एक एप्लीकेशन में कई बैंक अकाउंट लिंक किए जा सकते हैं। किसी को पैसा भेजने के लिए आपको सिर्फ उसके मोबाइल नंबर, अकाउंट नंबर या यूपीआई आईडी की जरूरत पड़ती है। यूपीआई से ऑनलाइन शॉपिंग करने के लिए ओटीपी, सीवीवी कोड, कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट आदि की जरूरत नहीं होती। इससे पहले डिजिटल वॉलेट का चलन था। वॉलेट में केवाईसी जैसी झंझट है, जबकि यूपीआई में ऐसा कुछ नहीं करना पड़ता। भारत में आरटीजीएस और नेफ्ट पेमेंट सिस्टम का ऑपरेशन आरबीआई के पास है। आईएमपीएस, रुपे, यूपीआई जैसे सिस्टम को नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ऑपरेट करती हैं।



## क्या है क्रेडिट लाइन और कैसे काम करेगी

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो क्रेडिट लाइन किसी यूजर्स के लिए बैंक की ओर से तय की गई वह लिमिट होगी, जिस राशि को यूजर खर्च कर पाएगा। बैंक और वित?तीय संस?थान यूजर की आमदनी और कर्ज चुकाने की क्षमता का आंकलन करके यह क्रेडिट लाइन तैयार करेंगे। एक तरह से यूपीआई पर भी ओवरड्राफ्ट जैसी सुविधा दी जाएगी। जहां कोई ग्राहक जरूरत पर इस राशि का इस्तेमाल करेगा और फिर ब्याज सहित इस रकम को वापस लौटा देगा। इसका मतलब साफ है कि इस सुविधा के एवज में बैंक आपसे कुछ ब?याज वसूलेंगे। बैंक हर ग्राहक की जोखिम क्षमता का आंकलन करके ही प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइन तैयार कर सकेंगे।

## ग्राहकों को कैसे होगा फायदा?



बैंकिंग सूत्रों की मानें तो ग्राहकों को अलग-अलग कार्ड कैरी नहीं करना पड़ेगा। अपने मोबाइल से ही यूपीआई के जरिए पेमेंट कर सकेंगे। समय की बचत होगी। क्रेडिट कार्ड बनने में थोड़ा समय लगता है। क्रेडिट लाइन अप्रूवल के बाद तुरंत मिल जाएगी। पॉइंट-ऑफ-परचेज क्रेडिट एक्सपीरियंस सीमलेस हो जाएगा। ये बीएनपीएल सेक्टर में ट्रांसफॉरमेशनल ग्रोथ ला सकता है।